27 जून 2025 | रांची, शुक्रवार | वर्ष-26, अंक- 145, पृष्ठ-12 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 2, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

श्री जगन्नाथ रथयात्रा

नीलांचल निवासाय नित्याय परमात्मने
बलभद्र सुभद्राभ्याम् जगन्नाथाय ते नमः

# नशामुक्ति का झारखंड ने लिया संकल्प

## स्वस्थ और नशामुक्त झारखंड की परिकल्पना के लिए सरकार दृढ़संकल्पित : सुदिव्य कुमार

### नशामुक्ति के लिए राजधानी में मैराथन दौड़



नवीन मेल डेस्क

**रांची।** पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना है कि हमारा झारखंड नशा मुक्त हो। उन्होंने संकल्प लिया है झारखंड को नशा मुक्त करने का। उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए ,नशा मुक्त झारखंड के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पिछले 14 दिनों से मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले को जारी रखते हुए गुरुवार को नशा मुक्त झारखंड के लिए युवाओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। स्वस्थ झारखंड, नशामुक्त झारखंड की परिकल्पना को लेकर हमलोग आज मैराथन दौड़ के लिए जमा हुए हैं। सुदिव्य कुमार गुरुवार को मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता के लिए आयोजित मैराथन दौड़ के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में एकत्र हुए युवाओं की भीड़ को संबोधित कर रहे थे।

**हर कदम पर ले शपथ नशा से दूर रहने और नशा मुक्त झारखंड बनाने का :** पर्यटन मंत्री श्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मैराथन दौड़ में मोरहाबादी से अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ़ बढ़ते कदम के साथ हमलोगो ये हर कदम पर नशा से दूर रहने और नशा मुक्त झारखंड के लिए प्रतिज्ञा लेंगे।

शेष पेज 11 पर

### नशामुक्त अभियान झारखंड में लिए बहुत जरूरी : मनोज कुमार

पर्यटन सह खेलकूद सचिव मनोज कुमार में कहा कि नशा मुक्त अभियान झारखंड में लिए बहुत जरूरी है। संकल्प ले जो कदम मैराथन दौड़ में अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ़ जाएगा वो हर कदम नशा मुक्त झारखंड के लिए होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछले 14 दिनों से झारखंड के प्रत्येक जिले ,प्रखंड, पंचायतों , स्कूलों ,कॉलेजों में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरुकता हेतु कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज मैराथन दौड़ के माध्यम से युवाओं को जागरुक किया रहा है और आज ही इस अभियान का समापन भी है।

## अभियान का समापन नहीं बल्कि राज्य को नशा व अपराधमुक्त बनाने की शुरुआत : दीपिका

### सीएम की संवेदनशील सोच से ही नशामुक्ति की ओर झारखंड

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड में 10 से 26 जून तक आयोजित मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का समापन गुरुवार को डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में संपन्न हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदृष्टि सोच और संवेदनशील नेतृत्व का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान का समापन नहीं बल्कि राज्य को नशामुक्त एवं अपराधमुक्त बनाने की दिशा में एक नई शुरुआत है।

**नशे के बड़े सौदागरों पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता :** दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आज झारखंड विकसित राज्यों की श्रेणी में कदम से कदम मिला कर चल रहा है जहां सभी आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है वही दूसरी ओर झारखंड सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी मुखर होकर खड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के बड़े सौदागरों पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि समाज के ताने-बाने को नष्ट करने वाले तत्वों पर रोक लगाई जा सके।

**मुख्य सचिव ने कहा- अफीम की खेती के खिलाफ चलाया गया व्यापक अभियान :** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि अफीम की खेती और नशे के कारोबार ने राज्य के कई हिस्सों को अपनी चपेट में लिया है। उन्होंने बताया कि इस बार राज्य सरकार ने तकनीक एवं बहु-विभागीय समन्वय के ज़रिए अफीम

शेष पेज 11 पर



### 27 हजार एकड़ में लगी अफीम की खेती की गई नष्ट : डीजीपी

राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने जानकारी दी कि इस वर्ष 27,000 एकड़ भूमि पर फैली अफीम की खेती को नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि खूंटी जैसे संवेदनशील जिलों में स्थानीय ग्रामीणों ने भी स्वेच्छा से इस अभियान में भागीदारी की। उन्होंने ब्राउन शुगर को युवाओं के लिए घातक बताते हुए कहा कि अब सप्लाई चेन तोड़ने की दिशा में पुलिस पैडलर्स, डीलर्स और सप्लायरों पर सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि अब तक ड्रग्स के विरुद्ध कुल 350 मामले दर्ज किए गए हैं और 318 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है।

## देश को गर्व : इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली (आईएएनएस)



अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से 41 साल के लंबे इंतजार के बाद भारत के लिए अच्छी खबर आई है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला गुरुवार को सफलतापूर्वक आईएसएस पर पहुंच गए। शुक्ला आईएसएस स्थित प्रयोगशाला में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

लखनऊ में 1984 में शुभांशु शुक्ला का जन्म हुआ था और उसी साल राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने थे। उनके बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बने हैं। खास बात यह है कि उसी साल आईएसएस की भी औपचारिक स्थापना मानी जाती है।

**14** दिन तक स्पेस में बिताएंगे समय

शेष पेज 11 पर

## शिबू सोरेन की हालत स्थिर राष्ट्रपति ने की मुलाकात



**रांची।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नई दिल्ली में सर गंगा राम हॉस्पिटल पहुंचकर इलाजरत झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। शेष पेज 11 पर

## 15 दिनों के एकांतवास के बाद भगवान जगन्नाथ का हुआ नेत्रदान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को 15 दिवसीय एकांतवास के बाद गुरुवार को गर्भगृह से बाहर लाया गया। प्रथम सेवक ठाकुर सुधांशु नाथ सहदेव और पुजारी रामेश्वर पाढ़ी की अगुवाई में नयनदान (नेत्र निर्माण) की विशेष प्रक्रिया पूरी की गई। जैसे ही मंदिर के पट खुले, भक्तों की आंखें श्रद्धा से भर आईं। ठीक तीन बजे ढोल-नगाड़ों, घंटों और भेर की मधुर ध्वनि से पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में डूब गया। चारों दिशाओं से "जय जगन्नाथ" के जयघोष गूंज उठे।

**कोलकाता के फूलों से सजा मंदिर परिसर :** इस पावन अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। कोलकाता से मंगाए गए गेंदाफूल, रजनीगंधा, गोपाटी, गुलाब और ऑर्किड जैसे फूलों से मंदिर परिसर को सजाया गया, मानो स्वयं प्रकृति ने देवताओं के स्वागत में अपनी अनुपम छटा बिखेरी हो।

शेष पेज 11 पर




**नेत्रदान और नयनाभिषेक की विधि में उमड़ा जनसैलाब :** दोपहर 4 बजे से नेत्रदान की प्रक्रिया आरंभ हुई। तीनों विग्रहों को स्नान मंडप में विशेष अनुष्ठानों के साथ रखा गया, जहां उनके नेत्रों का पुनर्निर्माण किया गया। यह वह भावनात्मक क्षण था, जब भक्तों को नवनिर्मित विग्रहों के प्रथम दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

**कड़ी सुरक्षा और भक्तों की सुविधा का विशेष ध्यान:** भक्तों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए। दर्शन को व्यवस्थित रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई ताकि श्रद्धालु सुगमता से भगवान के दर्शन कर सकें।

## दो पहिया वाहनों पर टॉल टैक्स लगाने की बात अफवाह : गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को उन मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि 15 जुलाई 2025 से दोपहिया वाहनों को टोल टैक्स देना होगा। मीडिया के दावों को खारिज करते हुए गडकरी ने कहा कि ऐसा कोई निर्णय प्रस्तावित नहीं है। शेष पेज 11 पर

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बाद भी भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत

नई दिल्ली (आईएएनएस)

हाल ही में जारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मासिक आर्थिक बुलेटिन के अनुसार, मई 2025 के लिए वैश्विक अनिश्चितता के बीच अलग-अलग हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर्स भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधि की ओर इशारा करते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि ने 2024-25 के दौरान अधिकांश प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक आधार पर वृद्धि दर्ज की। घरेलू कीमतों की स्थिति सौम्य बनी हुई है और मई में लगातार चौथे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वित्तीय स्थितियां ऋण बाजार में दरों में कटौती के ट्रांसमिशन की सुविधा के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर स्थिति में है, जो व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों में वृद्धि के दोहरे झटकों से जूझ रही है। शेष पेज 11 पर

## धनबाद और लोहरदगा में रिश्वत लेते 2 सरकारी कर्मचारी गिरफ्तार

**लोहरदगा/धनबाद ।** झारखंड में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को 2 सरकारी कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एक कर्मचारी को धनबाद से गिरफ्तार किया गया है, तो दूसरे को लोहरदगा से। धनबाद में एलआरडीसी कार्यालय में पदस्थापित कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश कुमार को एसीबी की टीम ने 15 हजार रुपए रिश्वत गिरफ्तार किया है।

शेष पेज 11 पर

### झारखंड की 34,000 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की केंद्र ने की समीक्षा

## पतरातू थर्मल पावर प्रोजेक्ट पर खास नजर

उदय चंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** झारखंड में चल रही 34,213 करोड़ से अधिक लागत की 11 अहम बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की केंद्र सरकार ने समीक्षा की है। इस समीक्षा बैठक की अध्यक्षता उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी ) सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने 24 जून को की। बैठक में झारखंड के साथ-साथ सिक्किम, नागालैंड, असम और अरुणाचल प्रदेश की बड़ी परियोजनाओं की भी समीक्षा हुई, लेकिन झारखंड की पतरातू थर्मल पावर स्टेशन परियोजना पर सबसे अधिक जोर दिया गया।

बैठक में केंद्र के विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों और परियोजना से जुड़े निजी पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। परियोजना निगरानी समूह की इस समीक्षा का मकसद, लंबित मुद्दों को तेजी से सुलझाना और काम को आगे बढ़ाना था।

### पतरातू थर्मल पावर स्टेशन बना केंद्र बिंदु

बैठक में पतरातू थर्मल पावर स्टेशन विस्तार परियोजना (चरण-1) की विस्तृत समीक्षा की गई।यह प्रोजेक्ट एनटीपीसी और पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के ज़रिए विद्युत मंत्रालय के अधीन चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य चरणों में 4,000 मेगावाट क्षमता तैयार करना है, जिसमें पहले चरण में 800-800 मेगावाट की 3 इकाइयां लगेंगी , यानी कुल 2,400 मेगावाट। यह ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट मौजूदा पतरातू थर्मल प्लांट शेष पेज 11 पर



## भारत माता के वीर सपूतों

राष्ट्रीय नवीन मेल




**आनन्द बाला शर्मा**

'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेनाओं ने अपने अद्भुत शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है। हमें अपनीभारतीय सेना पर गर्व है। भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की है। सेना ने लक्ष्य और योजना के अनुसार ठीक समय पर सटीकता से हमला किया है और किसी भी नागरिक ठिकाने को जरा भी प्रभावित न होने देने की संवेदनशीलता और मानवता भी दिखाई है। जिसके लिए मैं हमारे सेना के जवानों और अधिकारियों को पूरे देश की ओर से साधुवाद देती हूं। सेना को संपूर्ण सम्बल प्रदान करने के लिए अपने प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को भी मैं साधुवाद देती हूं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सेनाओं ने, 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च करके आतंकियों को प्रशिक्षित करने वाले ठिकानों को तबाह करके करारा जवाब दिया है। पहलगाम पर हुए हमले का जवाब देने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल किया है। आतंकियों के हौसले पस्त करने के उद्देश्य से, यह कार्रवाई, केवल उनके शिविरों और बनियादी संरचना तक ही सीमित रखी गई है। मैं पुनः अपनी सम्पूर्ण सेना के शौर्य को नमन और अभिनन्दन करती हूँ।

**जय हिन्द जय राष्ट्र**

राष्ट्रीय नवीन मेल

### बीएयू का 45वां स्थापना दिवस समारोह

# बिरसा कृषि विवि किसानों के तकनीकी सशक्तिकरण का केंद्र बने: कृषि मंत्री

● **विश्वविद्यालय की समस्याओं के समाधान के लिए उनका विभाग यथासंभव प्रयासरत है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को राज्य के किसानों के सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी सुदृढ़ीकरण का केंद्र बनना चाहिए तथा उनका दुख-दर्द काम करने की दिशा में भी काम करना चाहिए। बीएयू कृषि और संबद्ध विषयों में स्नातक और परास्नातक तैयार करने वाला कारखाना मात्र नहीं है।

वे गुरुवार को बीएयू के 45वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान की पहचान वहां के भवन, ढांचागत सुविधाओं और पुस्तकों आदि से नहीं होती, बल्कि उसे चलाने वाले लोगों की मेधा, विजन, सोच और समर्पण से होती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की समस्याओं के समाधान के लिए उनका विभाग यथासंभव प्रयासरत है। विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए सभी संबद्ध पक्षों, यथा शिक्षकों, विद्यार्थियों, राज्य सरकार और राजभवन को मिलकर समर्पित प्रयास करना होगा। प्रौद्योगिकी प्रसार के लिए वैज्ञानिकों को नियमित रूप से गांव का भ्रमण करना चाहिए क्योंकि उनके प्रवृत्ति के अनुरूप ही छात्र-छात्राओं में भी सोच का निर्माण होगा। अपने व्यक्तिवादी सोच से ऊपर उठकर हमें उन सपनों और उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयास करना होगा जिसके लिए इस संस्थान की स्थापना की गई थी।

इसके पूर्व मंत्री ने कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के भवन का उद्घाटन किया, बीएयू की वार्षिक रिपोर्ट का लोकार्पण किया तथा राज्य के विभिन्न जिलों से आये 5 नवोन्मेषी किसानों को सम्मानित किया।

अतिथियों का स्वागत करते हुए बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि क्लाइमेट रेसिलियंट और बायो फोर्टीफाइड फसल प्रभेदों का विकास तथा कृषि पद्धति में बागवानी और पशुपालन का समावेश करते हुए उसे वह वैविध्यपूर्ण बनाना विश्वविद्यालय का प्रमुख भावी कार्यक्रम है। उन्होंने विश्वविद्यालय में शिक्षकों, वैज्ञानिकों तथा अन्य कर्मियों के बड़ी संख्या में रिक्त पड़े पदों तथा शिक्षकेतर कर्मियों के लिए एसीपी/ एमएसीपी लागू करने की ओर भी मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया।

इस अवसर पर कांके के विधायक सुरेश कुमार बैठा तथा भारतीय कृषि जैवप्रौद्योगिकी संस्थान, रांची के निदेशक डॉ सुजय रक्षित भी उपस्थित थे।




### यहां के विद्यार्थी ही संस्थान के ब्रांड एंबेसडर हैं : कृषि सचिव

कृषि सचिव अबूबकर सिद्दीकी ने कहा कि बीएयू को अपना शिक्षण स्तर बनाए रखने और उसे उत्तरोत्तर सुदृढ़ करने के मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए क्योंकि यहां के विद्यार्थी ही संस्थान के ब्रांड एंबेसडर हैं। शिक्षण गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करना चाहिए। यहां से डिग्री लेकर विभिन्न स्थानों पर नौकरी के लिए या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए साक्षात्कार देने जानेवाले विद्यार्थियों से ही इस विश्वविद्यालय की छवि का निर्माण होगा।

## देश में हर जगह जमाई टोला बनाने के लिए आपातकाल लागू किया गया था : गिरिराज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि देश के लोकतंत्र की हत्या, देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन और देश के बहुसंख्यक समाज को दबाने के लिए आपातकाल लगाया गया। देश में हर जगह जमाई टोला बनाने की नीयत से भी आपातकाल लगाया गया था। संविधान में संशोधन कर संसाधनों पर सत्ता का नियंत्रण किया गया, ताकि जो विद्रोह तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के विरोध में पूरे देश में था, उसे दबाया जा सके। वह गुरुवार को रांची महानगर युवा मोर्चा के यूथ मॉक पार्लियामेंट में बोल रहे थे। पुरानी विधानसभा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष




बाबूलाल मरांडी ने कहा इंदिरा गांधी ने 39वां संशोधन कर अपने पद को बचाने के लिए संविधान से खिलवाड़ किया। इस संशोधन में प्रधानमंत्री के चुनाव को न्यायिक समीक्षा से बाहर किया गया। छह अगस्त को बुधवार को संशोधन लोकसभा में प्रस्तुत किया गया और अगले ही दिन उसको पारित कर दिया गया। कार्यक्रम में सात सत्र हुए। हर सत्र में अलग-अलग लोगों ने सदन का संचालन किया। इसमें गिरिराज सिंह, विधायक सीपी सिंह, अमित मंडल, भानु प्रताप शाही, अमर कुमार बाउरी, करमवीर सिंह शामिल थे। सातवें सत्र में प्रतिनिधियों में पुरस्कार वितरण किया गया। प्रथम पुरस्कार वेदांत कुमार सिंह, द्वितीय पुरस्कार धर्मेंद्र शुक्ला, जानवी सिंह, तृतीय पुरस्कार मनीष कुमार को मिला। महानगर कार्यालय में प्रदर्शनी और गोष्ठी आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा महानगर कार्यालय में प्रदर्शनी और गोष्ठी का आयोजन किया गया।

### संजय सेठ एंटानानारिवो में भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में भाग लिया

## नए भारत के विजन को किया साझा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ गुरुवार को एंटानानारिवो में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में भाग लिया। अपने संबोधन के दौरान मंत्री ने आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने भारत में हाल के घटनाक्रमों के बारे में भी उपस्थित लोगों को जानकारी दी, जिसमें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश के तेजी से हो रहे आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने नया भारत के विजन को साझा किया और वैश्विक विकास के प्रमुख चालक के रूप में भारत के उभरने को रेखांकित करते हुए, विकसित भारत 2047 के रोडमैप पर विस्तार से बताया। मंत्री ने मेडागास्कर में भारतीय समुदाय को भारत-मेडागास्कर साझेदारी को और मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस रिसेप्शन में सैकड़ों भारतीय प्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें बोहरा, खोजा, इस्माइली (आगा खान) और हिंदू समाज समुदायों के प्रतिनिधि शामिल थे। भारत के साथ उनकी सक्रिय भागीदारी और स्थायी संबंध दोनों देशों के बीच जीवंत लोगों से लोगों और सांस्कृतिक संबंधों की आधारशिला बने हुए हैं। उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में बंडारू विल्सनबाबू, मेडागास्कर में भारत के राजदूत भारतीय दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी मेडागास्कर में भारतीय सामुदायिक संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित थे।




### जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक

## रिजल्ट प्रकाशन पर रोक बरकरार 15 जुलाई को अगली सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा 2023 के पेपर लीक मामले में आज 26 जून को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सीजीएल परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर पूर्व में लगायी गयी रोक हाईकोर्ट ने बरकरार रखी। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने प्रकाश कुमार एवं अन्य की जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को होगी।

महाधिवक्ता राजीव रंजन ने रखा

● **राज्य सरकार का पक्ष**

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने राज्य सरकार का पक्ष रखा। राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद खंडपीठ ने सीजीएल परीक्षा 2023 पर लगायी रोक बरकरार रखी। साथ ही मामले में सुनवाई की अगली तिथि 5 जुलाई निर्धारित की गयी। जेएसएससी की ओर से संजय पिपरवाल ने पैरवी की।

● **पेपर लीक मामले में सीआईडी कर रही जांच**

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि सीजीएल पेपर लीक मामले में सीआईडी द्वारा जांच जारी है। मामले में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कई आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल ही चुकी है।

● **18 जून को हुई थी सुनवाई**

मामले में इससे पूर्व 18 जून को सुनवाई हुई थी, जिसमें सरकार ने रिपोर्ट दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की थी, जिसे चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने स्वीकार किया था।

### छात्र एवं युवा आजसू की प्रदेश इकाई की संयुक्त बैठक

## झारखंड के नवनिर्माण के लिए संघर्ष करें छात्र-युवा : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो सुदेश महतो ने छात्र एवं युवा इकाइयों के प्रदेश पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आजसू का इतिहास झारखंड आंदोलन से जुड़ा है। आजसू ने राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई। अब झारखंड के नवनिर्माण के लिए छात्र–युवा शक्ति को संगठित होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने बलिदान दिवस समारोह की सफलता के लिए भी बधाई दी।

श्री महतो ने आजसू के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में आह्वान किया कि वे संगठन की विचारधारा तथा सिद्धांतों को समझें और कॉलेज एवं ग्राम स्तर तक संगठन का विस्तार करें। बैठक को मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भी संबोधित किया।

श्री महतो ने जोर दिया कि कार्यकर्ताओं को छात्रों, युवाओं एवं जनता के मुद्दों को उठाने और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहना होगा। श्री महतो ने कहा कि आजसू झारखंडी विचारधारा और झारखंडियत को स्थापित करने वाला संगठन है।




**संगठन की नीतियां जन-जन तक पहुंचे : देवशरण भगत**

डॉ देवशरण भगत ने पदाधिकारियों को एकजुट होकर संगठन मजबूत करने का निर्देश दिया।

## उत्पाद विभाग की कार्रवाई, भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**रांची।** रांची में उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। गुरुवार को सिकिदरी में उत्पाद विभाग की टीम ने मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। इस फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर नकली शराब का निर्माण किया जा रहा था। उत्पाद विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर की छापेमारी में 600 पेटी शराब के साथ-साथ 500 लीटर कच्चा शराब बरामद किया है। साथ ही मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। अवैध शराब फैक्ट्री से बाजार में बिकने वाली कई ब्रांड की नकली शराब बरामद की गई है। जांच में पता चला कि मिनी शराब फैक्ट्री में महंगे ब्रांड की शराब की बोतलों में उनके रैपर लगाकर उसमें नकली शराब भरकर उसे बिहार में खपाया जाता था।

## न्यूज बॉक्स

### सुदेश महतो ने शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

**रांची।** आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अस्वस्थ होने की खबर पर चिंता जताई है और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। श्री महतो ने कहा है कि उन्हें जानकारी मिली है कि नई दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में वह भर्ती हैं और वह स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। वह कामना करते हैं कि गुरुजी शीघ्र स्वस्थ होकर झारखंड आकर फिर से हमसब का मार्गदर्शन करेंगे। मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भी शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है और कहा है कि उनके लिए हम लोगों के दिलों में बहुत सम्मान है।

### सीयूजे के प्रोफेसर सौमेन डे को मिली 5.68 लाख की शोध परियोजना



**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर, डॉ. सौमेन डे को झारखंड सरकार के झारखंड विज्ञान, प्रावैधिकी और नवाचार परिषद (जेसीएसटीआई) से 5.68 लाख रुपए की शोध परियोजना मंजूर की गई है। "वैलराईजेशन ऑफ वेस्ट फिश-स्केल फॉर इंटीग्रेटेड टेक्नो-इकोनॉमिक वेस्टवॉटर ट्रीटमेंटः ए लैब टू लैंड अप्रोच" नामक परियोजना का उद्देश्य झारखंड पर विशेष ध्यान देते हुए 'अपशिष्ट से उपयोगी पद्धति' उपयोग करके शुद्ध पानी के लिए एक अभिनव और टिकाऊ समाधान प्रदान करके समाज को लाभान्वित करना है। झारखंड मछली उत्पादन में अग्रणी है, जिसके कारण भारी मात्रा में मछली अपशिष्ट उत्पन्न होता है, जिससे उत्पन्न होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए योजनाबद्ध प्रबंधन की आवश्यकता है। इस परियोजना के तहत उपयुक्त उपचार द्वारा अपशिष्ट मछली-शल्कों (fish scale) से तकनीकी-आर्थिक तौर पर मजबूत सामग्री विकसित करने का प्रस्ताव है, जो दूषित जल को तेजी से शुद्ध करेगा। इस परियोजना के सफल कार्यान्वयन से उद्योगों के सहयोग से झारखंड के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।

### सीआईएल और सीएमपीएफओ की संयुक्त पहल "प्रयास" से लंबित मामलों का हुआ त्वरित निपटारा




**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) एवं कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) की एक संयुक्त पहल "प्रयास" के अंतर्गत, सीएमपीएफ/पेंशन से संबंधित लंबित मामलों को शून्य स्तर तक लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में गांधी नगर अस्पताल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में कर्मी एवं उनके आश्रितों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। विशेष बात यह रही कि प्रत्येक मामला मौके पर ही सुलझाया गया। सीआईएल व सीएमपीएफओ कर्मचारियों और उनके आश्रितों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे हेतु निरंतर कार्य कर रही है। "प्रयास" पहल के अंतर्गत भविष्य में भी इस प्रकार के समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि कोई भी कर्मी या आश्रित अपनी समस्याओं के समाधान से वंचित न रह जाए।

### दो मोबाइल दुकानों में चोरी




रांची। विधानसभा थाना क्षेत्र के दुर्गा जे जेपी मार्केट के दो मोबाइल दुकान से बीती रात चोरी हुई और एक चोर दुकान में ही फंस गया जिसे सुबह दुकानदार ने पकड़ा है। कुछ मोबाइल को बरामद किया गया है।

### केंद्रीय वस्त्र मंत्री ने झारखंड दौरे पर पहुंचे रांची

## झिरी क्षेत्र में संचालित कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट का किया दौरा



● **प्लांट को पूर्ण क्षमता पर संचालित करने के दिए निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह अपने झारखंड दौरे के दूसरे दिन गुरुवार सुबह रांची के झिरी क्षेत्र में स्थित गेल इंडिया द्वारा संचालित नगरीय ठोस अपशिष्ट आधारित कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट का दौरा किया। इस अवसर पर गेल इंडिया के प्लांट से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री का आगमन पर पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र से स्वागत किया गया। तदोपरांत प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनवरी 2025, यानि पिछले छह महीने से संचालित इस प्लांट के द्वारा किए जा रहे कार्यों और उत्पादन क्षमता पर जानकारी दी गई। यह प्लांट वर्तमान स्वरूप में करीब 40-50 टन शहरी कचड़े का संवर्धन कर 2-2.5 टन गैस का उत्पादन कर रहा हैं। हालांकि प्लांट का लक्ष्य है कि इसे 150 टन दैनिक अपशिष्ट रांची म्युनिसिपल कॉरपोरेशन से रोज मिले, जिससे की 5 टन कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) तथा 25 टन बायो खाद का उत्पादन होगा। प्लांट का दौरा करते हुए मंत्री गिरिराज सिंह ने पदाधिकारियों को इसे पूर्ण क्षमता पर उत्पादन करने, तथा ऊर्वरक निर्माण को बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ की निर्मित खाद को इफको के साथ मिलकर वितरण को बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसी तरह यह प्लांट अपने लागत मूल्य को निकाल पाएगा और आत्म निर्भर और पूर्ण रूप से विकसित हो सकेगा, जिससे हम प्रधान मंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने झिरी स्थित प्लांट परिसर में पौधा रोपण भी किया, और प्लांट की विभिन्न उत्पादन गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने मैनेजमेंट का हौसला बढ़ाते हुए और बेहतर कार्य करने के लिए कहा ताकि जब यह सफल हो तो इस मॉडल अन्य शहरों में भी लगाया जाए।

## इंडिया | लाख रोक के बावजूद दौलत रुतबे और प्रचार से बढ़ता नशा



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

नशे का जो हुआ शिकार उजड़ा उसका घर परिवार जैसे नारों से अभी देश गूंज रहा है, मीडिया के विज्ञापनों में में लगभग यही धूम मची है पर नशे का कारोबार बढ़ता हुआ राजधानी रांची से लेकर गांवों तक पहुंच गया है और इसके कारोबारी पकड़े जाने पर कमजोर सबूत या जांच प्रणाली की कमियों के कारण छूट जाते हैं। झारखंड के डीजीपी की कठोर कार्रवाई से खूंटी जिले के अलावा अन्य जिलों में अफीम की खेती और व्यापारी पकड़े गए हैं पर विदेशों तक से इसके जुड़े इसके नेटवर्क को समूल नष्ट करने के लिए यह कार्रवाई निरंतर चलती रहनी चाहिए अन्यथा यह घातक कारोबार कमजोर होकर फिर सक्रिय हो जाएगा। इसका बड़ा कारण है इसमें तुरंत करोड़ों की कमाई जो गांवों के लोगों से लेकर पूरे नेटवर्क को दुस्साहसी बनाती है और वह दिन दूर नहीं जब इसमें माफिया का प्रवेश हो जो किसी की भी हत्या करने से परहेज नहीं करते। वैसे किसी भी उचित अनुचित रास्ते से सफल होने की अंधी दौड़ में जाने अनजाने हम सभी शामिल हो रहे हैं या विवश किए जा रहे हैं। जो अचानक सफलता की सीढ़ियां तेजी से चढ़ा उसके सर पर पद, पैसे या अहंकार का नशा चढ़कर बोलने लगता है। समाचार पत्रों में ऐसे नवधनाढ्य भ्रष्ट लोगों की कहानियां छपती रहती हैं जबकि जो पिछड़ गया या अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बचाकर नहीं रख पाया वह भी शराब, सिगरेट, तंबाकू एवं ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थों का सेवन कर नशे का शिकार हो रहा है। आज के समय में आवारा भीख मांगते, फुटपाथ और रेलवे प्लेटफार्म पर रहने वाले बच्चे भी नशे की चपेट में आ चुके हैं। लोग सोचते हैं कि वो बच्चे कैसे नशा कर सकते है जिनके पास खाने को भी पैसा नहीं होता। परंतु नशा करने के लिए सिर्फ मादक पदार्थो की ही जरुरत नहीं होती, बल्कि व्हाइटनर, नेल पॉलिश, पेट्रोल आदि की गंध, ब्रेड के साथ विक्स और झंडु बाम का सेवन करना, कुछ इस प्रकार के नशे भी किए जाते हैं, जो बेहद खतरनाक होते हैं। सफलता, शक्ति और मादक द्रव्यों के नशे की लत ने इंसान को उस स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है कि अब व्यक्ति उस स्थिति को पाने या मादक पदार्थों के सेवन के लिए किसी भी हद तक जा सकता है, वह नशे के लिए अपराध भी कर सकता है। आधुनिक से लेकर पारंपरिक रूप से नशे के मामले में महिलाएं भी पीछे नहीं है। महिलाओं द्वारा भी मादक पदार्थों का बहुत अधिक मात्रा में सेवन किया जाता है। व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में तनाव, प्रेम संबंध, दांपत्य जीवन व तलाक आदि कारण, महिलाओं में नशे की बढ़ती लत के लिए जिम्मेदार है। उच्च वर्ग में यह आनंद प्राप्ति का भी साधन है। आज के आधुनिक युग में जरूरी नहीं है कि नशा सिर्फ मादक पदार्थों का सेवन कर ही किया जाए, नशा किसी भी प्रकार का हो सकता है। शोधकर्ताओं के अनुसार हर वह चीज जो आपको जिसकी आपको लत लग जाए, नशे की श्रेणी में ही आता है। ऐसी ही कुछ आदतें हैं जिन्हें छोड़ना बेहद मुश्किल होता है जैसे - मादक पदार्थों के अलावा चाय, काफी, वर्तमान समय के नवीन यंत्र जैसे - वीडियो गेम्स, स्मार्ट फोन, फेसबुक आदि का ज्यादा उपयोग भी नशे की श्रेणी में आते है। सबसे ज्यादा नशा युवा पीढ़ी कर रही है। युवा, जिसके हाथ में देश का भविष्य है वही नशे में बर्बाद हो रहा है।



युवाओं में नशा करने की वजह उनकी बढ़ती उम्र के शौक होते हैं, कुछ युवा फिल्मों और टीवी जैसे प्रचार माध्यमों में नशे को शानो शौकत के प्रतीक की तरह दिखाने, देखा देखी या परिवार की विपरीत परिस्थितियों के कारण भी नशा करने पर मजबूर हो जाता है, कुछ लोग मानसिक तनाव से भी ग्रसित होकर नशा करते हैं या उनके माता-पिता उन्हें समय नहीं देते। कुछ ऐसे कारणों से भी युवा वर्ग नशे की चपेट में आ जाता है। युवाओं की नई उम्र के जोश में युवा नशे के लिए कुछ भी कर सकता है। वह अपराध करने से भी नही चूकता है। झारखंड में हंडिया और शराब को परंपरा बताने वाले लोग भी हैं जिससे राज्य की बर्बादी हो रही है। चतरा और खूंटी में माओवाद के नाम पर अफीम की खेती होती है। मादक पदार्थों के सेवन का सबसे बड़ी हानि, स्वास्थ्य की हानि है। इससे आपके शरीर के कई अंगों पर एक साथ विपरीत असर पड़ता है। खास तौर से यह आपके दिमाग को भी अपनी चपेट में ले लेता है। नशा करने वाला व्यक्ति हमेशा चिढ़ा हुआ और मानसिक तनाव से ग्रसित होता है। नशा करने वाला व्यक्ति सदैव अपने ख्यालों में ही रहता है, उसे अपने आस-पास के माहौल से ज्यादा मतलब नहीं होता है। नशा करने वाला व्यक्ति आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक सभी से कमजोर होता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने समाज एवं परिवार से बिलकुल दूर हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति सबसे ज्यादा दुर्घटनाओं का शिकार होता है। सरकार द्वारा भारत के सभी राज्यों में नशा मुक्ति केंद्र खुलवा दिए गए हैं, जो नशे से छुटकारा पाने के लिए बहुत उपयोगी हैं। रांची के प्रसिद्ध मानसिक अस्पताल सीआईपी और डॉ डेविस में भी गुटका तक की लत छुड़ाई जाती है। होम्योपैथी का इलाज नशा मुक्ति के लिए अच्छा उपाय है। नशा मुक्ति के लिए किसी काउंसलर की सलाह लेना युवा वर्ग के लिए सही उपाय है।

नशा मुक्ति के लिए आयुर्वेद में भी बहुत से उपाय है जो सफल हुए हैं, इन्हें अपनाया जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत करना जिसके बिना नशा छोड़ना संभव नहीं। इसमें परिवार की भूमिका सबसे बड़ी होती है जो नशा विमुक्ति में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

### नाले की जमीन की रजिस्ट्री, जमाबंदी किसने की, कैसे की और क्यों की ?

# खतियान में दर्ज नाले पर है पिछले 17 सालों से अतिक्रमण

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** राष्ट्रीय राजमार्ग 75 के पंचशील नगर चौक में नाले की जमीन पर घर-दुकान बनाए जाने के कारण भारी जलजमाव होता है जिससे एनएच 75 की सड़क अवरूद्ध हो जाती है और रातू रोड से पंडरा तक वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है। राजधानी जहां रिम्स जैसे बड़े अस्पताल है वहीं राजधानी के प्रवेश द्वार में जलजमाव से दजनों एंबुलेंस फंसना रूह कंपाने वाला साबित होता है। सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि पंचशील नगर चौक में खाता नंबर 210 के प्लॉट नंबर 1075 एवं वहीं खाता नंबर 232 के प्लॉट नंबर 1081, 1082 में नाले की जमीन पर घर दुकान बनाने वाले भरत साहू, वशिष्ठ नारायण सिंह, बसंती देवी, रामवचन साहू, फुलझरी देवी एवं अन्य को तीन दिनों के अंदर जमीन संबंधी कागजात दिखाने का नोटिस दिया गया था जिसके बाद नोटिसधारी अपने कागजातों के साथ हेहल अंचल पहुंचे और जमीन की रजिस्ट्री, दाखिल-खारिज और लगान रसीद दिखाया। उन्होंने अंचल को यह भी बताया कि जब हेहल अंचल नहीं था और शहर अंचल था उस समय भी एक बार यह मामला आया था और सारे कागजात दिखाने के बाद उन्हें शहर अंचल से क्लीन चिट मिल गया था। वहीं एक ने कहा कि अंचल ने गलत नापी की है। फिलहाल हेहल अंचल ने सारे कागजात देखने के बाद कहा कि जब खतियान में जमीन का नेचर परती नाले का है तो जमीन की किसी भी सूरत में जमाबंदी नहीं हो सकती थी, दाखिल-खारिज नहीं किया जा सकता था, लगान रसीद नहीं कट सकती थी जमाबंदी हुई है तो यह गलत है।





- जल जमाव से एनएच 75 की सड़क रहती है अवरुद्ध
- जमाबंदी रद्द करने का प्रस्ताव एलआरडीसी को भेजा जा रहा जिसपर अंतिम निर्णय उपायुक्त स्तर पर होगा

### लोगों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है अतिक्रमित नाले पर बना मकान

करते हुए जमाबंदी रद्द करने का प्रस्ताव एलआरडीसी रांची को भेजा है। अगर सही से जांच होती है तो एलआरडीसी जमाबंदी रद्द करने का अनुशंसा उपायुक्त को भेजेंगे जिसमें उपायुक्त स्तर पर अंतिम निर्णय होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचशील नगर, शाहदेव नगर, राधा नगर, और शांति नगर के लोगों में चर्चा है कि खतियान में जब परती नाले का जिक्र है तो नाले की जमीन की रजिस्टरी, जमाबंदी किसने की, कैसे की और क्यों की है।

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार-पत्र अतिक्रमण से एनएच 75 में हुए जलजमाव और इसके भयंकर परिणामों को लगातार प्रमुखता से प्रकाशित करता आ रहा है जिससे विभागीय सक्रियता बढ़ी है और अतिक्रमण स्थल की मापी की गई जिसमें नगर निगम की टीम से लेकर प्रशासन के उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

### है न हैरत की बात?




## पिस्का मोड़ के पहले दिन में लगे जाम में बड़े ट्रक भी

**रांची।** धड़ल्ले से नो एंट्री में घुस रही हैं नगर बस सेवा लिखी लंबी दूरी की मिनी बस और बिना परमिट ऑटो जिससे रातू में बार बार लगता है जाम। अधिकारियों का कहना है कि किसी बस को नो एंट्री में नहीं घुसना है।




पंडरा पुल का छोटा होता एरिया और बढ़ता अतिक्रमण

# कचहरी परिसर से अवैध दुकानों को हर हाल में आज हटाएं






**खबर का असर**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राजधानी रांची की हृदय स्थली कचहरी परिसर में पुराने कचहरी के बाहर सड़कों पर दर्जनों वाहन लगे रहते हैं। इसमें नोट बदली, टायपिस्ट, अस्थाई स्टूडियो से लेकर पौधा दुकान शामिल है। जिसे राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रकाशित की थी। निगम के द्वारा पौधा दुकानदारों सहित सभी लोगों को दुकानों को हटाने का नोटिस दिया गया है। हालांकि दुकानदारों को दुकान हटाने के लिए दिए गए नोटिस में गुरुवार अंतिम तारीख थी। लेकिन दुकानदारों ने प्रशासन से अनुरोध कर एक दिन कि मोहलत मांगी। वहीं सूत्रों कि माने तो दुकानदार दुकानों को हटाना नहीं चाहते। किसी ना किसी तरह वह राजनैतिक दबाव बनाकर या अन्य तरीकों से जगह बचाना चाहते हैं। वहीं, दुकाने हटा दी जाए तो सड़कों पर पार्किंग बंद हो जाएगी और ट्रैफिक निर्बाध्य रूप से चलेगी।


पार्किंग की समस्या से जूझ रहा रांची कचहरी परिसर
आसपास है अवैध अतिक्रमण
कचहरी परिसर में अवैध नर्सरी को हटाए बिना पार्किंग की समस्या का समाधान नहीं

## सदर अस्पताल में शुरू होगी मेमोग्राफी की सुविधा

**रांची।** सदर अस्पताल में 30 जून से मेमोग्राफी की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि ब्रेस्ट से संबंधित होने वाली हर तरह की समस्या की जांच हो सकेगी। सदर में हर दिन बड़ी संख्या में महिलाएं इससे जुड़ी समस्या के साथ पहुंचती हैं। मेमोग्राफी की सुविधा नहीं मिलने से महिलाओं को बाहर जांच कराने जाना होता है। इससे ब्रेस्ट से संबंधित हर तरह की जांच हो सकेगी। उन्होंने बताया कि राज्य में बड़ी संख्या में महिलाएं शुरुआती परेशानी को नजरअंदाज कर ब्रेस्ट कैंसर की शिकार हो जाती हैं। सदर में इसकी शुरुआत होने से काफी संख्या में महिलाओं को लाभ मिलेगी। सिविल सर्जन ने बताया कि इसके लिए आयुष्मान से भर्ती मरीजों की निःशुल्क जांच की जाएगी। वहीं, समान्य मरीजों को काफी कम दर पर जांच की जाएगी।

## खाली पैर खेलने वाले खिलाड़ी बच्चों के मामले की होगी जांच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- जेड़पीसी निदेशक ने लिया संज्ञान कराएंगे जांच

सारठ देवघर में सुब्रतो प्रतियोगिता में स्कूली बच्चे नंगे पांव फुटबॉल खेलते नजर आए थे। साथ ही बच्चों ने ट्रैक सूट भी सही तरीके से नहीं पहना था। कुछ बच्चे जींस में तो कुछ बच्चे साधारण कपड़ों में खेलते नजर आए। जिसे राष्ट्रीय नवीन मेल ने 21 जून को प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। इसके बाद इस मामले में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन ने स्वतः संज्ञान लिया और जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों ने किन कारणों से बूट या ट्रैक सूट नहीं पहने हैं , इसमें किसी लापरवाही है इसकी जांच की जाएगी।


सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता
नंगे पैर खेलने को मजबूर हैं बच्चे

**खबर का असर**

## राजकुमार शुक्ल फाउंडेशन ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का किया अभिनंदन




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का भव्य स्वागत राजकुमार शुक्ल फाउंडेशन की ओर से अध्यक्ष अजय राय ने किया। मौके पर फाउंडेशन की टीम ने उन्हें महान स्वतंत्रता सेनानी राजकुमार शुक्ल पर आधारित पुस्तक भेंट की। साथ ही, पारंपरिक रूप से शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया । पुस्तक भेंट का मुख्य उद्देश्य था कि स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों की स्मृति को सशक्त बनाना और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की और स्वतंत्रता सेनानी राजकुमार शुक्ल को नमन करते हुए कहा कि ऐसे योद्धाओं की स्मृति नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## नशामुक्त समाज का निर्माण करना ही डालसा का उद्देश्य : राजेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- संविधान के अनुच्छेद 47 पर किया फोकस

गुरुवार को गोसनर कॉलेज, में छात्र-छात्राओं के लिए नालसा स्कीम 'डॉन' पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर अतुल गेरा ने बताया कि नशा हमारे देश को कैसे खोखला कर रहा है और नशा से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करना अति आवश्यक है। नशा के पेडलर नवयुवक एवं छात्रों को इस व्यवसाय में आसानी से उपयोग करते है, जिससे हमलोगों को सचेत रहना है और किसी भी तरह का ड्रग्स पेडलरों के द्वारा दिये जा रहे लालच में न आएं। एलएडीसीएस डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्ज़े पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास एवं 2 लाख रूपए के जुर्माने की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर मृत्युदंड तक दिया जा सकता है। कांके के पुनर्वास केंद्रों के साथ-साथ एनजीओ भी नशा करनेवालों को ठीक करने में मदद करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सीआईपी और रिनपास में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का लिगल एड क्लिनिक है, वहां पर वैसे नशा करनेवाले व्यक्तियों को ईलाज किया जाता है।

### झारखंड व वियतनाम चैंबर की हुई बैठक

# झारखंड में व्यवसाय व निवेश को मिलेगा बढ़ावा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



गुरुवार को हनोई में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने वियतनाम चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्री के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूती देने पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने झारखंड और वियतनाम के बीच निरंतर व्यापार वृद्धि और नई साझेदारियों के निर्माण पर सहमति जताई।

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ आयोजित बैठक में वियतनाम चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा स्थानीय प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था। इस क्रम में छोटे एवं मध्यम उद्यमों के बीच सहयोग के लिए विशेष प्रावधानों पर बातचीत हुई। बैठक के दौरान एक संयुक्त मंच की स्थापना की रूपरेखा तैयार की गई, जो नियमित वर्चुअल और फिजिकल कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापार एवं निवेश की संभावनाओं को सशक्त करेगा। दोनों देशों के उद्योगों में निवेश की संभावनाओं की पहचान और मार्गदर्शन हेतु एजेंडों की रूपरेखा निर्धारित की गई। बैठक में टेक्सटाइल, कृषि, माइनिंग, सर्विस प्रोवाइडर क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों के साथ संभावित व्यापार के अवसरों पर सकारात्मक चर्चा हुई। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि यह बैठक हमारे दोनों क्षेत्रों के व्यावसायिक और औद्योगिक विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। इससे झारखण्ड के उद्यमों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड चैंबर इस सहयोग के माध्यम से झारखण्ड और वियतनाम के बीच दो-तरफा आर्थिक, औद्योगिक, और व्यावसायिक रिश्तों को नई ऊँचाइयाँ देने का संकल्पित है। इस पहल से क्षेत्र में रोजगार सृजन, तकनीकी साझा, और वैश्विक व्यापार संदर्भों में वृद्धि की भरपूर उम्मीद है। चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने आने वाले सप्ताहों में दोनों चैंबर के बीच नियमित रूप से वर्चुअल मीटिंग का प्रस्ताव देते हुए झारखण्ड में वियतनामी प्रतिनिधिमंडलों को आमंत्रित किया। बैठक के दौरान दोनों चैम्बर के बीच निकट भविष्य में विशिष्ट क्षेत्रों में साझेदारी हेतु प्रारंभिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर की योजना पर भी बल दिया गया।

बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, शैलेष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, रंजीत गाडोदिया, सदस्य निरंजन शर्मा, कमल सिंघानिया, अरूण भरतीया, मनोज मिश्रा, चंद्रप्रकाश ढेलिया, राजीव अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विकास मोदी, विशाल वधवानी, ग्यारसीलाल गोयल, सुभाष राजगढिया और सुमित कक्कड के अलावा वियतनाम चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।




ईटाचिल्दरी व चनकोपी में आज निकलेगी रथयात्रा

# श्रद्धाभाव के साथ श्रद्धालु आज भगवान जगन्नाथ के रथ को खीचेंगे

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो



प्रखंड के ऐतिहासिक ईटाचिल्दरी एवं चनकोपी में गुरुवार की देर शाम भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर में पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान जगन्नाथ स्वामी सहित बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रहों का नेत्रदान अनुष्ठान सम्पन्न किया गया। इस मौके पर मुख्य पुजारी सत्यनारायण पाठक ने ईटाचिल्दरी तथा चनकोपी में पुजारी बालमुकुंद मिश्रा की देखरेख व नेतृत्व में वेद मंत्रोंच्चार के साथ भगवान का नेत्रदान किया गया। इस मौके पर नैवेद्य, फूल अक्षत, बेलपत्र के साथ भगवान का विधिवत पूजा अर्चना किया गया और भगवान को भोग लगाया गया। इस मौके पर आयोजित आरती आकर्षण का केंद्र बना रहा। नेत्रदान अनुष्ठान के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी सहित खीर के महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर ईटाचिल्दरी जगन्नाथ स्वामी मंदिर के सेवइत लाल गोकुल नाथ शाहदेव एवं लाल मोहन नाथ शाहदेव ने नेत्रदान अनुष्ठान के दौरान यजमान की भूमिका निभाई। इस मौके पर ईटाचिल्दरी रथयात्रा आयोजन समिति के संरक्षक पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, अध्यक्ष लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष मणी साहु, सचिव सह कोषाध्यक्ष लाल सेवक नाथ शाहदेव के साथ साथ लाल सुमन नाथ शाहदेव, लाल कमलेश नाथ शाहदेव, लाल शिवनाथ शाहदेव, लाल प्रमोद शाहदेव, कलेश्वर सिंह, कलिंन्द्र सिंह, रमेश गोप, सतीश गोप, लाल अखिलेश, लाल राजेन्द्र कुमार, लाल मिथिलेश शाहदेव लाल विक्रम शाहदेव, सिकंदर सिंह सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वहीं दूसरी ओर चनकोपी ठाकुर बाड़ी में आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा के दिन नेत्रदान उत्सव मनाने की परंपरा के अनुसार नेत्रदान अनुष्ठान शुरू हुआ। साथ ही भगवान जगन्नाथ स्वामी को नये वस्त्र पहनाया गया एवं जगन्नाथ स्वामी बलभद्र जी एवं बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना की गयी। इस विधि के बाद हवन, आरती का आयोजन किया गया।

रथयात्रा के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने की बैठक

## श्रद्धालुओं को ना हो किसी तरह की परेशानी : उपायुक्त



**रांची** । जगन्नाथपुर में भव्य रथयात्रा शुक्रवार को निकाली जाएगी। रथयात्रा के दौरान जगन्नाथपुर में 10 दिन का मेला भी लगेगा। इसे लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक की। मेले की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने श्रद्धालुओं के निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर किसी प्रकार की बाधा न हो और श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने वीवीआईपी के लिए भी सभी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। दुरुस्त रखें पूरी व्यवस्थाबैठक में उपायुक्त द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई बिजली आपूर्ति व्यवस्था, चलंत शौचालय, शुद्ध पेयजल, अग्निशमन वाहन और एंबुलेंस की व्यवस्था की समीक्षा की गई है। संबंधित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मेला परिसर की निगरानी के लिए वॉच टावर और सीसीटीवी की भी व्यवस्था कर ली गई है।

## न्यूज बॉक्स

### नशापान के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया



**मांडर**। मांडर महाविद्यालय के सभागार में गुरुवार को मांडर थाना के सौजन्य से मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत् व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पुलिस इंस्पेक्टर शशि भूषण चौधरी ने छात्रों से मादक पदार्थों के सेवन से बचने एवं नशापान के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए शपथ भी दिलाई। कालेज के परीक्षा नियंत्रक डॉ के पी शाही ने मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों को उजागर किया एवं धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर मांडर थाना के ए एस आई पी के चौबे, ए एस आई अजीत कुमार, सलीम, डॉ विवेक शाही, डॉ ममता कुमारी, डॉ चांदनी कुमारी, प्रो. सेनेल टेटे, दिव्या कुमारी, सुषमा कुमारी, पचास से पचपन एन सी सी कैडेट सहित सेकड़ो छात्र -छात्राएं मौजूद थे।

### पिठौरिया के जगन्नाथ मंदिर में रथ यात्रा को लेकर तैयारी पूरी



**पिठौरिया**। पिठौरिया के जगन्नाथ मंदिर में रथ यात्रा को लेकर तैयारी पूरी हो गई है. 27 जून को भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी इस रथ यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे. गुरुवार को भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा 15 दिनों के एकांतवास से वापस लौटे. मंदिर के मुख्य पुजारी जगन्नाथ मिश्रा के द्वारा दोपहर 12:00 बजे विधि विधान पूजा अर्चना की गई इसके साथ ही साथ नेत्रदान किया गया.संध्या में आरती के बाद छापन भोग लगाया गया और भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया.कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष विष्णु साहू, कोषाध्यक्ष पंकज साहू, सचिव रामधन साहू, महामंत्री संकर साहू, कार्यकारी अध्यक्ष लव कुमार साहू, सह कोषाध्यक्ष आनंद साहू, रघुवर साहू, सत्यदेव साहू, मधु साहू, विश्वनाथ साहू मौजूद रहे।

### एसआर डीएवी में विश्व नशा निरोध दिवस मनाया गया



**रांची**। पुंदाग स्थित एसआर डीएवी में विश्व नशा निरोध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ तापस घोष व मुख्य अतिथि पुंदाग टीओपी के इंस्पेक्टर निर्मल कुमार महतो के साथ मिलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी तरह की नशा बुरी होती है, इसलिए सबको नशे से दूर रहना चाहिए। यह पूरे विश्व की युवा पीढ़ी पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।यह व्यक्ति के शरीर,मन तथा मस्तिष्क को बुरी तरह से प्रभावित करती है। एक बार नशे की लत लग जाने पर व्यक्ति कहीं का नहीं रहता,इसलिए हर हाल में नशे से दूर रहना चाहिए। मुख्य अतिथि निर्मल कुमार महतो ने कहा कि नशा के शिकार व्यक्ति को उचित - अनुचित का बोध नहीं होता,वह बिना सोचे - समझे कुछ भी कर सकता है,इससे उसका जीवन भी बर्बाद हो सकता है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों तथा शिक्षक - शिक्षिकाओं ने भाग लिया। शांतिपाठ के साथ सभा समाप्त हुई।

### नशा मुक्ति पर प्रशिक्षु शिक्षकों ने किया नुक्कड़ नाटक




**रांची**। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की बीएड एवं डीएलएड इकाई द्वारा नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु शिक्षकों ने समाज पर नशा के दुष्प्रभावों एवं इसके कारण उत्पन्न होने वाली सामाजिक, मानसिक व शारीरिक चुनौतियों को अभिव्यक्त किया। युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक एवं प्रश्नोत्तरी के द्वारा जागरूकता स्तर को बढ़ाया गया।

### खलारी पुलिस ने बालू लदे तीन ट्रैक्टर किया जब्त

खलारी। खलारी थाना पुलिस ने हुटाप घाटी से बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त किया है। थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो ने बताया कि ट्रैक्टर पर अवैध बालू लदा पाया गया। तीनो ट्रैक्टर को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। अग्रिम कारवाई के लिए अंचल अधिकारी खलारी को प्रतिवेदन दिया गया है। कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा नदियों से बालू खनन पर रोक लगा हुआ है। इसके बाद भी बालू खनन की सूचना मिल रही थी। औचक जांच के दौरान तीनों ट्रैक्टर पकड़े गए हैं।

### छात्र-छात्राओं ने लिया नशामुक्त का संकल्प

**बेड़ो** । डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल विनय बगीचा बेड़ो में गुरुवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बेडो. के डीएसपी अशोक कुमार राम ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों और इससे समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में आने से बचाना और उन्हें एक स्वस्थ व नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। डीएसपी ने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी व्यक्ति को खोखला कर देता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

## पढ़ाई के साथ संस्कृति को भी साथ लेकर चलना जरूरी: प्रो जे किड़ो



**खूंटी**। बिरसा कॉलेज के नागपुरी विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को कॉलेज परिसर में नागपुरी गायन, वादन और नृत्य विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन कॉलेज की प्राचार्या जेके किड़ो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्राचार्या ने कहा कि अपनी भाषा, संस्कृति को बचाए रखने के लिए आनेवाली पीढ़ी को सीखने-जानने की जरूरत है। पढ़ाई के साथ संस्कृति को भी साथ लेकर चलना जरूरी है। भावी पीढ़ी को अपनी संस्कृति के हस्तांतरण के लिए प्रशिक्षण भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक नागपुरी के गायक, वादक और नर्तक दीनबंधु ठाकुर और महावीर लोहार, खूंटी डोड़मा की नागपुरी गायिका यशोदा देवी ने विद्यार्थियों को गायन, वादन और नृत्य का प्रशिक्षण दिया। वहीं यशोदा देवी ने नागपुरी गीतों के प्रमुख रागों डमकच एकहरिया, झुमटा, अंगनई, मर्दाना झूमर की बारीकी से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

# लोकतंत्र और वंशवाद एक दूसरे के पूरक नहीं हो सकते : गिरिराज

नवीन मेल संवाददाता



- हेमंत सरकार सत्ता लोभ में आपातकाल से भी खतरनाक खेल खेल रही है
- कांग्रेस को माफी सभा करके देश कि जनता से माफी मांगना चाहिए

**रांची**। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए राज्य में आजादी की तीसरी लड़ाई का आह्वान किया। गिरिराज सिंह ने कहा कि आपातकाल बर्बरता का प्रतीक बन गया है, इसलिए देश में दोबारा लोकतंत्र की हत्या करने की कोई ना सोचें। आज झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार वैसी ही है, जैसी इंदिरा की सरकार चल रही थी।

आज सत्ता के लालच में यह सरकार आपातकाल से भी ज्यादा झारखंड के अस्तित्व को खत्म करने की योजना बना रही है।

## नशा मुक्ति पर प्रशिक्षु शिक्षकों ने किया नुक्कड़ नाटक

**रांची**। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की बीएड एवं डीएलएड इकाई द्वारा नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु शिक्षकों ने समाज पर नशा के दुष्प्रभावों एवं इसके कारण उत्पन्न होने वाली सामाजिक, मानसिक व शारीरिक चुनौतियों को अभिव्यक्त किया। युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक एवं प्रश्नोत्तरी के द्वारा जागरूकता स्तर को बढ़ाया गया।

## पूछताछ के बाद दो युवक न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**खलारी**। पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक की स्पेशल टीम द्वारा बुधवार को केडीएच से हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ करने के बाद दो युवकों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। न्यायिक हिरासत में भेजे गए युवकों में संजय गंझू व प्रदीप गंझू शामिल हैं। मालूम हो कि एसएसपी की स्पेशल टीम ने सीसीएल की केडीएच परियोजना क्षेत्र में कोयले के रोड सेल में वसूली की सूचना पर औचक छापेमारी की थी।

## करंट लगने से डोमचांच में दो बच्चों की मौत

**कोडरमा**। जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत ग्राम मधुबन मे गुरुवार को करंट लगने से एक तीन वर्षीय मासूम और दस वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत हो गई।

# अबेकस और वैदिक गणित के बच्चों को मिला सम्मान

नवीन मेल संवाददाता। रांची



आज सीआरपीएफ तिरिल में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अबेकस और वैदिक गणित का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए गए। यह आयोजन तेज दिमाग अकैडमी की निदेशक वीणादेवांगन और सीआरपीएफ तिरिल वेलफेयर एसोसिएशन की परमित अरोरा के संयोजन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी अद्भुत गणितीय क्षमता का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को चकित कर दिया। बच्चों की तीव्र गणना कौशल और स्मरण शक्ति ने यह सिद्ध कर दिया कि अबेकस और वैदिक गणित जैसी विधियां न केवल बच्चों के मानसिक विकास में सहायक हैं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी भी बनाती हैं।वीणा देवांगन ने इस अवसर पर कहा, "हमारा उद्देश्य बच्चों की बौद्धिक क्षमता को पहचान देना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। अबेकस और वैदिक गणित बच्चों के दिमाग को तेज़ बनाते हैं और यह भविष्य की नींव को मजबूत करने में सहायक है।"समारोह में बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों, शिक्षकों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

## रैयत विस्थापित मोर्चा को बदनाम करने की साजिश, जताई नाराजगी



**खलारी**। डकरा स्थित रैयत विस्थापित मोर्चा कार्यालय में गुरुवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता ने की। बैठक में मोर्चा ने आरोप लगाया कि कुछ बाहरी तत्व सुनियोजित षड्यंत्र के तहत मोर्चा को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। मोर्चा ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन को गुमराह कर झूठी शिकायतें की जा रही हैं, जिससे संगठन की छवि धूमिल हो रही है। हाल ही में केडीएच कांटाघर में कथित अवैध वसूली के मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी का हवाला देते हुए मोर्चा ने कहा कि यह कार्रवाई भी इसी साजिश का हिस्सा है। संगठन ने इसकी कड़ी निंदा की है। मोर्चा ने यह भी बताया कि सीसीएल प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जामुनदोहर जैसे वर्षों पुराने विवादित क्षेत्र को खाली कराया गया, जिससे केडीएच परियोजना के विस्तारीकरण में अहम प्रगति हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यहां के मूल रैयतों की जमीन पहले ही सीसीएल के अधिग्रहण में जा चुकी है और मोर्चा लगातार उनके हक और अधिकार के लिए संघर्ष कर रहा है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पहल पर सीसीएल क्षेत्र में रैयत विस्थापितों के लिए कोल डंप आवंटित किया गया है।

# शहर अंचल अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध हुई बुनियादी सुविधाएं

नवीन मेल संवाददाता




तक की नहीं है व्यवस्था
कार्यालय में पहुंचे लोग
पिछले कई दिनों से कार्यालय का चक्कर लगा रहा हूं : भारती

**रांची**। राजधानी के बीचों बीच स्थित शहर अंचल अधिकारी का कार्यालय है। अंचल में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना-जाना होता है जिसमें बच्चे, बूढ़े, नौजवान, महिलाएं, विकलांग सभी तरह के लोग होते हैं। चिलचिलाती गर्मी में लोगों को अंचल में बैठने की, पीने के पानी की व्यवस्था नहीं थी। इस मुद्दे को राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार-पत्र ने प्रमुखता से उठाया था जिसके बाद खबर का असर हुआ और अंचल में बैठने की, पीने के पानी की व्यवस्था की गई।

# श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी का पावन प्रकाश पर्व मनाया गया, चार सौ महिला श्रद्धालु शामिल हुई

नवीन मेल संवाददाता



**रांची**। स्त्री सत्संग सभा,कृष्णा नगर कॉलोनी द्वारा सिख पंथ के छठे नानक श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व आज 26 जून,गुरुवार को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में मनाया गया। इस मौके पर स्त्री सत्संग सभा द्वारा विशेष दीवान सजाया गया।विशेष दीवान की शुरुआत दोपहर 03:00 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा " दीन दुनी दा पातशाह पातशाहां पातशाह अडोला...." एवं " राखा एक हमारा सुआमी सगल घटा का अंतरजामी...." तथा " मेरा सतगुर रखवाला होआ हर गोविंद नवा निरोआ....." शबद गायन से हुई। शाम 4:00 बजे से 5:30 बजे तक श्री सुखमनी साहिब जी का सामूहिक पाठ पढ़ा गया,जिसमें चार सौ महिला श्रद्धालु शामिल हुई। श्री अनंद साहिब जी के पाठ,गीता कटारिया द्वारा अरदास,हुक्मनामा एवं कढ़ाह प्रशाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति शाम 05:45 बजे हुई। दीवान समाप्ति के उपरांत स्त्री सत्संग सभा द्वारा मिस्सी रोटी,प्याज का अचार एवं रायता का लंगर चलाया गया। आज के विशेष दीवान में गीता कटारिया, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, मंजीत कौर,बंसी मल्होत्रा,रमेश गिरधर, हरजिंदर कौर, मनोहरी काठपाल,खुशबू मिढ़ा,अंजू काठपाल,गुड़िया मिढ़ा,रश्मि मिढ़ा, ममता थरेजा,गोबिंद कौर, नीतू किंगर,ममता सरदाना,रजनी तेहरी, किरण अरोड़ा,उषा झंडई,रजनी मक्कड़, गूंज काठपाल, भजना देवी डावरा, उषा पपनेजा, पूनम मुंजाल, जसवीर मुंजाल, रानी तलेजा, पायल मल्होत्रा ,शीतल तेहरी, गरिमा अरोड़ा, सिंपल वाधवा,उर्वशी अरोड़ा, जूली गाबा, बिमला मिड्डा, प्रेम सुखीजा, रानी मुंजाल, रेशमा गिरधर,दुर्गी देवी मिड्डा, आशा मिड्डा, एकता मिड्डा,बबीता पपनेजा, श्वेता मिड्डा, अमर मुंजाल, अंजू धमीजा,किरण मक्कड़, सुषमा गिरधर, अमर बजाज, कंचन सुखीजा समेत अन्य शामिल हुई।

## डालसा ने किया छात्रों को नशामुक्ति को लेकर जागरूक

**खूंटी**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्लस टू सिंदरी अड़की और उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुड़ापूर्ति साइको में विश्व नशा मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही जिले के सभी थानों के पीएलवी की ओर से नशा मुक्ति दिवस पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि हर साल 26 जून को विश्व स्तर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ नशा निरोधक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन दुनिया को नशीली दवाओं से मुक्त करने के लिए किए जा रहे हैं।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सरस्वती विद्या मंदिर में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

# स्वच्छता केवल एक आदत नहीं बल्कि यह एक संस्कार है : आशीष

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट में गुरुवार को निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छ भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न वर्गों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बच्चों ने "स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी" विषय पर अपनी सशक्त अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। वहीं, चित्रकला प्रतियोगिता में 'माइन्स सेफ्टी' विषय पर बच्चों ने रंगों के माध्यम से सुरक्षा के महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। इस अवसर पर सीएसआर नोडल अधिकारी आशिष झा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि यह एक संस्कार है जिसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया।



## ऐतिहासिक होगा मोर्चा का धरना-प्रदर्शन: सेल समिति

**भुरकुंडा।** विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण एवं शहरी संयुक्त मोर्चा सेल समिति की बैठक बुधवार को सुंदरनगर पंचायत भवन में हुई। इसमें मुख्य रूप से पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, सुंदरनगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय और मुकेश राउत उपस्थित थे। बैठक में भुरकुंडा लोकल सेल के सवाल पर 26 जून को परियोजना कार्यालय परिसर में प्रस्तावित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम पर चर्चा हुई। इसकी तैयारियों का जायजा लेते हुए वक्ताओं ने कहा कि अपने हक अधिकार के लिए मोर्चा किसी भी हद तक जा सकती है। इसलिए प्रबंधन यथाशीघ्र भुरकुंडा लोकल सेल में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करे। अन्यथा मोर्चा क्रमवार आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेगा। वक्ताओं ने कहा कि 26 जून का धरना-प्रदर्शन कई मायनो में ऐतिहासिक होगा। बैठक में किरण देवी, परवीन हाजरा, नूर बेगम, शाहिदा आदि उपस्थित थी।

## धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ने ग्रामीण विकास मंत्री से धर्मिक पर्यटन के लिए सड़क की मांग की

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग

झारखंड हिन्दु धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ग्रामीण विकास मंत्री दिपीका पाण्डेय से उनके आवासीय कार्यालय में मिलकर एक मांग पत्र दिया जिसमें झुमरा एनएच 522 से देवरीया, पुनाई होते हुए सड़क निर्माण तथा ग्राम नावाडीह कटकमदाग में सड़क निर्माण के कारण जलजमाव की समस्या के निराकरण की मांग की गई । यह सड़क पर घनी आबादी है आवागमन का एक मात्र रास्ता है तथा धार्मिक पर्यटन के लिए यह सड़क बहुत उपयोगी है जो पुनाई मंदिर से सुर्यकुंड मंदिर को जोड़ती है । इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अपने मुख्य अभियन्ता को सड़क निर्माण करवाने का निर्देश दिया साथ ही साथ हजारीबाग उपायुक्त को नावाडीह में जलजमाव की समास्या समाप्त करने का निर्देश दिया गया । शिष्टमंडल में वरिष्ठ कांग्रेसी विरेन्द्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, सुनिल ओझा, कैलाश पति देव आदि थे । उक्त जानकारी जिला के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने दी ।

## सड़क पर गड्ढे से परेशान हैं रेलकर्मी और राहगीर

**बरकाकाना।** बरकाकाना क्षेत्र के मेन रोड़ पीरी मोड़ से ट्रैफिक कॉलोनी की जर्जर सड़क तथा रेलवे कॉलोनी से पीरी तक बनी सड़क की बदहाली से रेलकर्मियों सहित राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे प्रबंधन और ग्रामीण विकास विभाग की लापरवाही और उदासीनता साफ दिख रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### नितेश बने दूरदर्शन के संवाददाता बरही वासियों ने दी बधाई



**बरही ।** प्रेस क्लब बरही के सक्रिय सदस्य और सच बोल मीडिया के संचालक नितेश कुमार को अब दूरदर्शन (डीडी-1) के माध्यम से जिले की बात को पूरे देश में पहुंचाने का काम करेंगे. बीते दिन रांची के आकाशवाणी केंद्र में दूरदर्शन ने विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया था. जिसमे राज्य के विभिन्न जिलों से कई संवाददाता शामिल हुए थे. इस प्रशिक्षण सत्र के बाद इन्हें दूरदर्शन ने हजारीबाग जिले के संवाददाता महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है. जो सिर्फ बरही ही नहीं अपितु पूरे जिले के लिए गौरव का पल है. ज्ञात हो कि नितेश बरही के रसोइया धमना पंचायत के पुरहारा गांव के होरील यादव के पुत्र हैं. जिन्होंने रांची के सेंट जेवियर्स कॉलेज से मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई पूरी की है. इन्होंने वास्तविकता पर आधारित सफल डॉक्यूमेंट्री भी बनाया है, जिसे विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मानित भी किया जा चुका है.

### भारत विकास परिषद का शपथ ग्रहण समारोह छह जुलाई को



**रामगढ़।** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्मानित अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह के आवासीय कार्यालय में आयोजित हुई । बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष गोविंद मेवाड ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी छह जुलाई को भारत विकास परिषद का शपथ ग्रहण समारोह रामगढ़ के किसी प्रतिष्ठित सभागार में आयोजित किया जायेगा । शपथ ग्रहण समारोह में स्थानीय सांसद, विधायक सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित होंगे। गुरुवार को आयोजित बैठक में कोषाध्यक्ष राम प्रवेश गुप्ता द्वारा आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। अध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी सदस्य शपथ ग्रहण समारोह को सफल बनाने में जुट जाएं । श्री सिंह ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में शहर के समाजसेवी संगठन एवं समाजसेवियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में पूर्व अध्यक्ष अमित साहू, उमेश राजगढ़िया, सचिव सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सेवा प्रमुख प्रदीप कुमार शर्मा, पर्यावरण सह स्वास्थ्यता प्रमुख निलेश गुप्ता, प्रकाश अग्रवाल डॉक्टर आलोक रतन चौधरी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### नशा मुक्ति को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल ने निकाली जागरूकता रैली



**बरही।** नशामुक्ति को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से बरही में जागरूकता रैली निकाली गई. रैली के पूर्व डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने चिकित्सकों व अस्पताल कर्मियों के एक महत्वपूर्ण बैठक किया. बरही क्षेत्र को नशामुक्त बनाने व लोगों को नशापान के खिलाफ जागरूक करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए. नशापान से होने वाले बुराइयों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही. अंत में सबों को नशा पान के विरुद्ध लड़ी जा रही लड़ाई में सार्थक सहयोग देने, खुद को नशा से दूर रहते हुए दूसरे को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करने के लिए संकल्प दिलवाया गया. बैठक के बाद डीएस की अगुवाई में जागरूकता रैली निकाली गई. जिसमे नशा के खिलाफ नारे लगाते हुए लोगों से नशा छोड़ने व दूसरे को भी छोड़वाने के लिए प्रेरित करने की अपील किया गया. रैली में डॉ प्रवीण कुमार, डॉ अमन कुमार, बीपीएम नारायण राम, बैम प्रमोद श्रीवास्तव, इरशाद आलम, मो. मोजाहीद, बीटीटी रीना वर्मा, रीमा पाण्डेय, निशि कुमारी, शाहजहां बेगम, संतोष कुमार, एचएम सुधांशु शेखर आदि स्वास्थ्यकर्मी सहित किसी सहिया शामिल थे.

### जी.एम.कॉलेज में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन




**हजारीबाग ।** जी.एम. महाविद्यालय द्वारा नशा मुक्ति मेगा जन जागरूकता अभियान के तहत प्रभात फेरी का अयोजन किया गया। प्रभात फेरी प्रातः 7 बजे महाविद्यालय परिसर से निकल कर लगभग 8 बजे हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड पहुंचा। प्रभात फेरी में लगभग महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों शामिल हुए । सभी विद्यार्थी हाथों में नाश मुक्ति से संबंधित स्लोगन लिखे तख्ती लिए हुए थे तथा नारा भी लगा रहे थे। कर्जन ग्राउंड हजारीबाग में कार्यक्रम समाप्त होने के पश्चात महाविद्यालय के नाटक मंडली ने युवाओ को नशा के प्रति जागरूक करने हेतु कर्ज़न ग्राउंड के निकट एक नुक्कड नाटक का आयोजन किया। महाविद्यालय परिसर पहुंच कर नशा मुक्ति अभियान पर पोस्टर मेकिंग तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें सैंकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य श्री शंभू कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "युवा हमारे देश का भविष्य है, इसलिए युवाओं को नशा से दूर रह कर अपना भविष्य का निर्माण करना चाहिए " उन्होंने आगे कहा कि नशा से व्यक्ति गंभीर बीमारी के चपेट में आ जाता है और नशा की पूर्ति के लिए अपराध करता है।

### तीर्थ यात्रा करने वाले वृद्धों की सूची जल्द सौंपे : मनोज गिरि

**कुजू।** नगर परिषद क्षेत्र के दिगवार वार्ड नंबर 4 व 5 करमाली टोला में मंगल मुंडा के घर के समक्ष सांसद तीर्थ कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नगर परिषद भाजपा उपाध्यक्ष अर्जुन यादव और संचालन मंत्री सुनीता देवी व धन्यवाद ज्ञापन ज्ञापन संगीता देवी ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद भाजपा अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी उपस्थित हुए। 65 सीट वाली बस तीर्थ स्थान दर्शन के लिए देने की बात कही।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत उपायुक्त ने की जिला स्तरीय समिति की बैठक



**रामगढ़।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी श अरूप चौधरी द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025- 26 में किए जाने वाले कार्यों से संबंधित कार्य योजना की विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा समिति के अन्य सदस्यों के साथ जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए कार्य योजना को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए राज्य स्तर पर कार्य योजना का प्रस्ताव भेजने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, जिला मत्स्य पदाधिकारी अरूप कुमार चौधरी, परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक दिलीप महली, वरीय वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डॉ सुधांशु शेखर सहित अन्य उपस्थित थे।

## दुलमी प्रखंड में धान अधिप्राप्ति केंद्रों का किया गया निरीक्षण



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड में संचालित धान अधिप्राप्ति केंद्रों का गुरुवार को जिला खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में शामिल अधिकारियों ने केंद्रों में स्थापित पोस मशीन, वजन कांटा, धान की नमी मापक यंत्र एवं अन्य उपकरणों का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि वर्तमान सीजन में दुलमी प्रखंड के अधिप्राप्ति केंद्रों में अब तक कितना क्विंटल धान खरीदा गया है, जिसमें से कितना क्विंटल धान मिल को भेजा गया है एवं क्विंटल धान केंद्रों में शेष है, जिसका समुचित भंडारण किया गया है। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रक्रियाएँ नियमों के अनुरूप पूरी हों, किसानों से क्रय पूरी पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ किया जाए, रसीदें समय से दी जाएँ एवं भुगतान में कोई विलंब या गड़बड़ी न हो। साथ ही शेष बचे धान का सुरक्षित एवं व्यवस्थित भंडारण करने का निर्देश दिया गया। दुलमी प्रखंड में संचालित सभी धान अधिप्राप्ति केंद्रों को जिला खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से सख्त दिशा-निर्देश दिए गए कि वे क्रय, भंडारण और आपूर्ति प्रक्रियाओं को पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता से निभाएँ, ताकि किसानों और विभाग दोनों के हित में सभी प्रक्रियाएँ सुगम एवं पारदर्शी हों। मौके पर जिला खाद्य आपूर्ति विभाग से भीम कुमार,दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, राकेश कुमार,जार्ज टुडू, उत्तम कुमार, प्रताप चौधरी, डब्लू कुमार आदि उपस्थित थे ।

## सदर अस्पताल में साहिया दीदी को मिला विश्राम कक्ष

**रामगढ़।** स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभाने वाली सहिया दीदीयों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। वर्षों से सदर अस्पताल, रामगढ़ में विश्राम कक्ष की कमी से जूझ रही सहिया दीदीयों को अब विश्राम कक्ष की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह मुमकिन हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के प्रतिनिधि और भाजपा नेता राजीव जायसवाल के अथक प्रयासों से हुआ है। बता दें विगत कुछ दिन पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने रामगढ़ उपायुक्त और असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ के समक्ष पत्र लिखकर जिला के हजारों सहिया दीदीयों को ठहरने के लिए विश्राम कक्ष की मांग रखी थी। जिसे लेकर रामगढ़ उपायुक्त और असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ की ओर से मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की गई।

नशा मुक्ति अभियान के तहत हजारीबाग में आयोजित हुई मैराथन दौड़

# नशे की प्रवृत्ति से युवाओं को दूर रखना बड़ी चुनौती है : उपायुक्त

- प्रतिभागियों ने "नशे को ना, ज़िंदगी को हां" जैसे प्रेरणादायक नारों के साथ समाज को नशामुक्त बनाने हेतु जागरूकता का संदेश दिया

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार 10 जून से 26 जून, 2025 तक राज्यव्यापी "नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान" के अंतिम दिवस पर हजारीबाग जिला प्रशासन द्वारा विविध जन-जागरूकता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग झील परिसर स्थित एम्फी थिएटर से कर्जन स्टेडियम तक "मादक पदार्थ निषेध" विषयक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं, युवाओं, सरकारी कर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने "नशे को ना, ज़िंदगी को हां" जैसे प्रेरणादायक नारों के साथ समाज को नशामुक्त बनाने हेतु जागरूकता का संदेश दिया। कर्जन स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उपायुक्त ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह संपूर्ण समाज को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि नशे की प्रवृत्ति से युवाओं को दूर रखना वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती है। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि हजारीबाग को एक पूर्णतः नशा मुक्त जिला के रूप में विकसित किया जाए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्ति की शपथ ली तथा अपने व्यवहार एवं प्रयासों से समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त, स्टेडियम परिसर में सेल्फी प्वाइंट, स्लोगन बैनर, जागरूकता कटआउट्स तथा थीम आधारित चित्र प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया गया, जिसने युवाओं विशेषकर विद्यार्थियों को आकर्षित किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को रेखांकित किया गया।




## कैंसर पीड़ित दिव्यांग महिला ने मदद की लगाई गुहार

**कुजू**, । क्षेत्र के सेवटा बरवाटोला में रहने वाली कैंसर रोगग्रस्त दिव्यांग 58 वर्षीय महिला पुरनी देवी पति स्व कैला करमाली आर्थिक तंगी से जूझ रही है। वह लंबे समय से कैंसर बीमारी का इलाज करा रही है। इससे उसकी आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। इस कारण वह इलाज करा पाने में असमर्थ है। उसने लोगों, समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियो से मदद की गुहार लगाई है। फिलहाल पड़ोसी में रहने वाला राहुल रजवार नामक युवक अपने स्तर से उक्त दिव्यांग कैंसर पीड़ित महिला को इलाज कराने के लिए मदद कर रहा है। साथ ही उसके खाने पीने की सामग्री उपलब्ध करा रहा है। राहुल ने भी महिला के इलाज में मदद के लिए लोगों को आगे आने का आग्रह किया है।

## हजारीबाग में बस और बाइक की टक्कर में बुजुर्ग की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** के दारू थाना क्षेत्र के जबरा मोड़ पर बुधवार की दोपहर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गयी। मृतक की पहचान गिरधारी साव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, चिरवा गांव निवासी गिरधारी साव अपनी बाइक से धान का बीज लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान जबरा मोड़ के पास जैसे ही उन्होंने घर की ओर मुड़ने की कोशिश की, तभी सामने से आ रही बस ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। हादसे में गिरधारी साव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने मिलकर 108 एम्बुलेंस को कई बार फोन किया, लेकिन एम्बुलेंस घटनास्थल पर करीब 40 मिनट बाद पहुंची। घायल अवस्था में पहले उन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेजा गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जबरा चौक पर वाहनों की तेज रफ्तार के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जबरा चौक के दोनों तरफ सड़क पर गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) लगाया जाए और चौक पर एक हाई मास्ट लाइट भी लगाई जाए ताकि दुर्घटनाओं में कमी आ सके। इसके साथ ही ग्रामीणों ने विधायक और सांसद से दारू प्रखंड में स्थायी एम्बुलेंस सुविधा देने की भी मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं में समय पर प्राथमिक उपचार मिल सके और लोगों की जान बचाई जा सके।



## बुंडू के विद्यार्थियों को मुखिया ने दिया फुटबॉल किट

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** मलकोको पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुंडू में विद्यार्थियों को फुटबॉल कीट दिए गए. यह कीट स्थानीय मुखिया विजय कुमार यादव ने मुखिया कोष से उपलब्ध करवाया. जिसके तहत विद्यालय को फुटबाल टीम के खिलाड़ी को जर्सी, फुटबाल, बूट इत्यादि जरूरी सामान दिए गए. विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए मुखिया ने कहा कि ग्रामीण बच्चे भी किसी भी दृष्टि से कम नही है. उनके पास वह सभी क्षमता है जो एक सफल विद्यार्थियों में होनी चाहिए. इसके लिए सिर्फ बच्चों को नियमित मार्गदर्शन और अभ्यास की आवश्यकता है. फुटबॉल सिर्फ खेल ही नहीं बल्कि शारीरिक व्यायाम के उत्तम साधन हैं. इसलिए बच्चे अनावश्यक कार्य से ध्यान हटाकर खाली समय में फुटबॉल का अभ्यास करें और एक अच्छा फुटबॉलर बनकर पूरे पंचायत का नाम रौशन करें. इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष उर्मिला देवी, सहायक अध्यापक सुरेश कुमार, यादव आदि सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे.



**अपराध** जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर सांसद गंभीर, एसपी से की मुलाकात

# शहर में हो रही घटनाओं से लोग दहशत में

- बीते 22 जून को सांसद आवास से मात्र 100 गज की दूरी पर एक स्वर्ण व्यवसायी के प्रतिष्ठान में सरेआम गोलीबारी हुई थी, जिसकी प्रारंभिक सूचना उन्होंने खुद ही पुलिस कप्तान को दी थी

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग ।** जिले में लगातार बढ़ रहे अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से गुरुवार को उनके एसपी कोठी स्थित कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। सांसद ने पिछले 15 महीनों से जिले में बिगड़ी हुई कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए और एसपी से इसमें सुधार की उम्मीद जताई। सांसद मनीष जायसवाल ने पिछले चार दिनों के भीतर हुई लगातार चार बड़ी आपराधिक घटनाओं पर विशेष चिंता व्यक्त की। उन्होंने एसपी से कहा कि बीते 22 जून को सांसद आवास से मात्र 100 गज की दूरी पर एक स्वर्ण व्यवसायी के प्रतिष्ठान में सरेआम गोलीबारी हुई थी, जिसकी प्रारंभिक सूचना उन्होंने खुद ही पुलिस कप्तान को दी थी। इसके अलावे 25 जून को केरेडारी में दो सूकर व्यवसायियों को गोली मारना और बड़कागांव के जोराकाट में कई मशीन व वाहनों को जलाकर संवेदकों को आर्थिक क्षति पहुंचाना जैसी घटनाएं क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रही हैं। जिस तरह शहर में हो रही घटनाएं उससे लोग काफी दहशत में हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने जोर देकर कहा कि इस तरह की घटनाओं से न केवल आमजन भयभीत हैं, बल्कि विकास कार्य भी बाधित हो रहे हैं, क्योंकि संवेदक और व्यवसायी खौफ के माहौल में आ गए हैं। उन्होंने हजारीबाग पुलिस से इन सभी आपराधिक घटनाओं को देखते हुए एक बेहतर रणनीति के तहत कार्य करने का आग्रह किया, ताकि अपराध पर अंकुश लग सके और जिले के लोग भयमुक्त हो सकें।



## जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने के लिए सीपीआईएम की बैठक



**हजारीबाग।** सी पी आई एम जिला कमेटी हजारीबाग की एक बैठक तपेश्वर राम भुईयां की अध्यक्षता में संपन्न हुई । इस बैठक में जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने जिला कमेटी की रिपोर्ट पेश किया जिसमें कुछ संशोधन के बाद रिपोर्ट को पास कर दिया गया । पानी ,बिजली, मेडिकल कॉलेज अस्पताल की दुर्दशा, और मैईयां सम्मान योजना एवं बकाया वृधा पेंशन के लिए आंदोलन का निर्णय लिया गया ,साथ ही बैठक में 29 जून को होने वाली जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर को सफल करने के लिए कई जिला कमेटी सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेवारी सौंप गई। इस प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के 24 अखिल भारतीय सम्मेलन का रिपोर्टिंग किया जाएगा एवं सम्मेलन में लिए गए फैसले के आलोक में शाखा सचिव एवं शाखा के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण देने के लिए राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड संजय पासवान और राज्य कमेटी के वरिष्ठ नेता कामरेड रामचंद्र ठाकुर प्रशिक्षक के रूप में इस बैठक में भाग लेंगे ।

# 15 दिन के एकांतवास के बाद प्रभु दिए ने दर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा।** 15 दिन के एकांतवास के बाद आज जगन्नाथ प्रभु भक्तों को दर्शन दिए। सिमडेगा के टुकूपानी, तामड़ा सहित विभिन्न ठाकुरबाड़ी में गुरुवार को पुरे विधि विधान से जगन्नाथ प्रभु का नेत्रदान अनुष्ठान संपन्न हुआ। पूजन अनुष्ठान के दौरान काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे। टुकूपानी में परंपरा के अनुसार पुजारी सतीश पाठक ने पुरे विधि पूर्वक विग्रहों का प्राणप्रतिष्ठा और नेत्रदान करवाए। इसके बाद भगवान का पूजन हवन हुआ। इसके बाद लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ मौसीबाडी राम जानकी मंदिर आयेंगे। गौरतलब है कि 15 दिन पूर्व भगवान जगन्नाथ विशेष स्नान के बाद एकांतवास में चले गए थे। आज एकांतवास खत्म हुआ और नेत्रदान अनुष्ठान के बाद भगवान दर्शन दिए।



## बानो प्रखंड के पंचायत में 'धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष कार्यक्रम' का सफल आयोजन

**बानो।** प्रखंड के बेड़ाइरगी पंचायत में गुरुवार को "धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष कार्यक्रम" का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं बिरसा मुंडा को माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में 70 लोगों का स्वास्थ्य जांच, 45 लोगों के बीच दवाई वितरण, 35 का ब्लड, बीपी व शुगर टेस्ट हुआ। साथ ही आयुष्मान कार्ड, आधार पंजीकरण एवं बीमा योजनाओं के आवेदन लिए गए।जेएसएलपीएस की दीदियों की सक्रिय भागीदारी से महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित हुई। विभिन्न विभागों के स्टॉल में कृषि उपकरण, पोषण किट, पशुपालन संसाधन, स्वरोजगार योजनाएं व स्वच्छता-शिक्षा से जुड़े सत्र आयोजित हुए।मुखिया हेलेना कंडुलना, त्रिवेणी प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य इलियाजर कंडुलना सहित ग्रामीणों की उपस्थिति कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम रही। यह आयोजन जनजातीय समुदाय की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## सिमडेगा में राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक, उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की समीक्षा की गई।समीक्षा में उत्पाद विभाग, जिला परिवहन विभाग, जिला नीलाम पत्र, मत्स्य विभाग,राज्य कर आयुक्त सिमडेगा,खनन विभाग,निबंधन एवं सभी अंचलों के राजस्व संग्रहण के लक्ष्य एवं प्राप्ति की समीक्षा की गई। उत्पाद विभाग को छापेमारी की सूचना दिए जाने, परिवहन विभाग की ओर से अनुज्ञप्ति जारी करने की प्रक्रिया, नीलाम पत्र के सरकारी खाते में जाने वाली राशि की शॉर्टलिस्टिंग, मत्स्य विभाग के तालाब बंदोबस्ती, खननं विभाग द्वारा बंद खदानों में अवैध खनन,खनन पट्टों का सीमांकनकी स्थिति की जानकारी ली गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। सभी अंचलाधिकारियों को सरकारी भूमि के तालाबों के सर्वे रिपोर्ट देने, लंबित दाखिल खारिज, उत्तराधिकार दाखिल खारिज करने तथा भूमि डेमरकेशन की समीक्षा कर समय पर मामलों का निबटारा करने का निर्देश दिया गया।आज की बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र,संबंधित विभागों के पदाधिकारी व अंचलाधिकारी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार मे सुनी जनता की समस्याएं और समाधान के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष से बाहर निकल कर समाहरणालय भवन के मेन गेट के पास टेबल-चेयर लगाकर जनता दरबार का आयोजन किया। इस दरबार में जिले के शहरी और दूरवर्ती प्रखंडों से बड़ी संख्या में लोग व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं को लेकर पहुंचे। उपायुक्त ने सभी की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि अन्य समस्याओं को प्राथमिकता पर निपटाने की बात कही गई।जनता दरबार में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने, अबुआ आवास योजना की राशि रोकने, प्राथमिक विद्यालय सरलोंगा की जर्जर स्थिति और नए भवन निर्माण, अनुकंपा नियुक्ति, विद्युत उपभोक्ता आईडी और बिल की प्राप्ति तथा भूमि संरक्षण विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।उपायुक्त ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार के माध्यम से योग्य व्यक्तियों की समस्याएं सुनी जा रही हैं ताकि उन्हें योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। शिकायतों का समाधान पारदर्शिता और त्वरित गति से किया जा रहा है, जिससे आमजन को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।मौके पर पुलिस अधीक्षक एम.अर्शी,अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

**नशामुक्ति सिमडेगा के संकल्प के साथ मादक पदार्थ विरोधी अभियान समाप्त**

# डीसी और एसपी संग महिलाओं ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में नशा मुक्त सिमडेगा और राज्य निर्माण के उद्देश्य से चलाए गए सत्रह दिवसीय मादक पदार्थ विरोधी अभियान का समापन आज नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ। इस अभियान का समापन सिर्फ एक औपचारिकता थी, संकल्प अभी भी जीवित है यही संदेश कार्यक्रम में प्रमुखता से सामने आया। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलन व समाज कल्याण पदाधिकारी के स्वागत भाषण से हुआ।

समापन कार्यक्रम में उपायुक्त कंचन सिंह, पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी, उप विकास आयुक्त श्री दीपांकर चौधरी, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान,जिला परिषद अध्यक्ष,जिला परिषद उपाध्यक्ष,जिला परिषद सदस्य बांसजोर समेत जिले के कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि नशे के खिलाफ जनसहभागिता से ही स्थायी बदलाव संभव है।उपायुक्त ने कहा कि आस पास कोई नशे के गिरफ्त में व्यक्ति हो या गिरफ्त के नजदीक हों तो उसे बाहर निकालने की दिशा में संवेदनशील होकर कार्य करें।पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि सिमडेगा पुलिस युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से रोकने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है और कार्रवाई जारी रहेगी।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि हर नागरिक को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करना हमारा सामाजिक कर्तव्य है। यदि हम सब ईमानदारी से आगे आएं तो नशा मुक्त सिमडेगा का सपना जल्द ही साकार होगा।इसके लिए मदद करना ही बेहतर समाधान होगा।पीड़ित व्यक्ति को प्रताड़ित कर बाहर निकालने के बजाय प्रेम और सहयोग से उसेनशे से बाहर निकाला जा सकता है।तुरंत नशा समाधान केंद्रों से सम्पर्क करें।सिविल सर्जन ने नशे के प्रकार व उसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल व्यक्ति को नहीं, उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है।जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने भी अपने अनुभव बताई।इस अवसर पर पोस्टर पेंटिंग, स्लोगन राइटिंगऔर निबंध लेखन के प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने सभी को नशे से दूर रहने और इसके खिलाफ दृढ़ता से खड़े रहने की शपथ दिलाई। कलाकारों के द्वारा गीत और नृत्य के माध्यम से नशामुक्त होने का सन्देश दिया गया। पूरे कार्यक्रम के उद्घोषक के रूप में मनोज सिन्हा ने समा बांधे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक उपस्थित रहे।



### नशामुक्ति में जनप्रतिनिधियों की बड़ी भूमिका

योगदान महिलाएं,जनप्रतिनिधि कर सकते उतना पदाधिकारी द्वारा नही।उपायुक्त ने कहा कि यह अभियान केवल एक शुरुआत थी। पिछले 10 जून से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन की लहर शुरू हुई है,।उपायुक्त ने कहा किजिला जनसम्पर्क के सूचीबद्ध कलाकारों द्वारा सभी पंचायतों के प्रमुख गांव तक इसकी चित्रण विखेरी गई जो आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों को नशा मुक्त बनाने की दिशा में स्वयं नेतृत्व करें। जनप्रतिनिधियों की पहुंच घर घर तक है,आपका बहुत बड़ी भूमिका है जिसका सहयोग प्रशासन के सहयोगी ए एन एम, सहिया,सेविका,जलसहिया हैं।इसे ज्वलंत समस्या के रुप में प्रमुखता से रखें और जो नशा के गिरफ्त में हैं उसे बाहर निकालने में सहयोग करें। विद्यालयों के शिक्षक बच्चों में उत्पन्न उत्कंठा को रोकने में ज्यादा सक्षम होंगे क्योंकि शिक्षक की बात ज्यादा मानते हैं।नशा की आदत छुडाने में प्रशासन आपके सहयोग के लिए तैयार है। जो विक्री करते पकड़े जाएं उनपरकड़ी कार्रवाई की जाय।

# रथयात्रा और मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, सौहार्दपूर्ण आयोजन पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मुहर्रम पर्व और रथयात्रा को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरुवार को सदर थाना में हुई।एसडीओ प्रभात रंजन ज्ञानि की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुहर्रम और रथयात्रा का पर्व आपसी सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि सदर प्रखंड में तामड़ा, गरजा, बीरू और जोकबहार सहित टुकूपानी से शहर तक रथयात्रा 27 जून को निकलेगी। साथ हीं घूरती रथ 05 और 06 जुलाई को होगी। मुहर्रम 06 जुलाई को है। लेकिन 06 जुलाई को घूरती रथ के मद्देनजर सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि मुहर्रम का पर्व का जुलूस 07 जुलाई को निकला जाएगा। जुलूस खैरनटोली और इस्लामपुर से निकलकर विभिन्न मार्गो को भ्रमण करते हुए महावीर चौक तक पहुंचेगा। इसके बाद वापस भट्टीटोली पहुंचेगा। इस दौरान अस्त्र शस्त्र का परिचालन होगा। पर्व को लेकर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।बैठक में सदर सीओ इम्तियाज अहमद ने कहा कि जिले की परंपरा रही है कि लोग सभी पर्व त्योहारों को मिलजुल कर मनाते हैं। इस बार भी इस परंपरा को बरकरार रखना है। उन्होंने कहा कि किसी की भावना को आहत करने वाला ऐसा कोई कार्य ना करें जिससे अपासी सद्भाव खराब हो। सीडीपीओ बैजू उरांव ने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस की नजर चप्पे चप्पे पर रहेगी। पर्व के दौरान शांति भंग करने वालों को किसी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। पुलिस सोशल मीडिया पर खास नजर रहेगी। सभी मिलकर सद्भाव के साथ पर्व मनाएं।एसडीओ ने कहा कि पर्वों को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन कि टीम एक्टिव रहेगी



● 07 जुलाई को निकली जाएगी मुहर्रम का जुलूस

# सिमडेगा नियोजन कार्यालय में रोजगार मेला का हुआ सफल आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के दिशा-निर्देशन में जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला नियोजन पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा किया गया।रोजगार मेला में कुल 08 निजी प्रतिष्ठानों के नियोजक शामिल हुए। इस अवसर पर 469 बेरोजगार युवक-युवतियों ने भाग लिया। इनमें से 84 प्रतिभागी विभिन्न पदों के लिए चयनित किए गए, जबकि 88 अभ्यर्थियों को प्रतीक्षासूची में रखा गया। कार्यक्रम के दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा 4 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए।इस आयोजन को सफल बनाने में जिला नियोजनालय, जिला कौशल कार्यालय, महिला आईटीआई एवं आईटीआई सिमडेगा के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी कर्मचारियों ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए प्रतिभागियों को मार्गदर्शन एवं सुविधा प्रदान की, जिससे मेला व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सका।कार्यक्रम के अंत में जिला नियोजन पदाधिकारी ने सभी नियोजकों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन में सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा जताई। यह रोजगार मेला सिमडेगा जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ, जिससे उन्हें रोजगार के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में नई राह मिली।




## नशामुक्ति अभियान में खिलाड़ियों ने चलाया अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पर्यटन , कला,संस्कृति खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार आज सिमडेगा में जिला खेल विभाग के द्वारा कई कार्यक्रम चलाए गए। जिसके तहत खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार के मार्गदर्शन में एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में खिलाड़ियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया और सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल पदाधिकारी ने जिला सहित झारखंड को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ लिया। जिला खेल पदाधिकारी ने खिलाड़ियों के नशा से नाश होने की जानकारी देते हुए कहा कि जो व्यक्ति मादक पदार्थों ,नशा या सेवन करते है उनका पतन होना तय है, नशा सिर्फ किसी एक व्यक्ति को नही वरन पूरे परिवार,समाज और पूरा इलाका का नाश कर देता है इसलिए इससे हमेशा दूर रहे ,और दुसरो को भी नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करे। आप खिलाड़ी समाज के आई कॉन है आप लोग जहां भी खेलने के।लिए जाए और आपलोंगो को जब भी कुछ बोलने का अवसर मिले तो नशा से होने वाले नुकसान के लिए हमेशा से लोगों को प्रेरित करे।

## नशामुक्त समाज निर्माण में मैराथन दौड़ का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** राज्य के निर्देशानुसार 10 जून से 26 जून 2025 तक राज्यव्यापी मादक पदार्थ निषेध जागरूकता अभियान के अंतिम दिन 26 जून को सिमडेगा जिला प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ जनजागरूकता के उद्देश्य से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह आयोजन अलबर्ट एक्का स्टेडियम एवं केलाघाघ मोड़ से प्रारंभ होकर गांधी मैदान स्थित गांधी स्मारक स्थल तक संपन्न हुआ। उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी के नेतृत्व में आयोजित इस दौड़ में जिला पुलिस बल, स्कूली बच्चे, खिलाड़ी तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नशा उन्मूलन के प्रति संकल्प लिया और समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो सहित कई गणमान्य अधिकारी उपस्थित थे।

**सड़क सुरक्षा** | जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए कई निर्देश

# लापरवाही बरतने पर मर्डर केस की चेतावनी : उपायुक्त

● गर परिषद क्षेत्र में स्थापित सीसीटीवी की स्थिति की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक एम.अर्शी,अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र,जिला परिवहन पदाधिकारी संजय बाखला,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव, सांसद प्रतिनिधि, सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि शम्मी आलम, जिले के अधिकारी,अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय उच्च पथ 143 में फ्लेंक मरम्मती,बस स्टैंड,भट्ठी टोली, कब्रिस्तान, बाड़ा पेट्रोल पंप, कोलेबिरा चौक, साहू पेट्रोल पंप कोलेबिरा, बीरू, सरईपानी,गाढा नाला आदि जगहों पर फ्लेंक भरा नहीं होने के कारण दुर्घटनाएं होती हैं और लोग जान गंवा बैठते हैं। इन जगहों पर फलेंक भरने की कारवाई करने का निर्देश दिया गया।अभियंता को यहाँ तककहा गया कि फलेंक नहीं ठीक कराने के कारण दुर्घटना होती है,अगर दुर्घटना होती रही तो मर्डर केस भी दर्ज की जा सकती है। आगे इसी पथ पर अर्जुन ढोंढा ,जामपानी,केरया पहान टोली, न्यू पेट्रोल पंप टुकुपानी, घोड़बहार, सोनार टोली, तिर्की पेट्रोल पम्प, फरसा बेड़ा, भेडिकुदर, अरानी, फुलवाटांगर, नावाटोली, देवनदी पुलिया, जामटोली में रोड स्टड्स लगाने का निर्देश दिया गया। पथ निर्माण विभाग ट्री रिफ्लेक्शन, एवं स्पीड ब्रेकर लगाने, जेबीवीएनएल को खराब और अनउपयुक्त विद्युत खंभों को सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया कि कितने पोल शिफ्ट या हटाने होंगे। नगर परिषद क्षेत्र में अधिष्ठापित सी सी टीवी की संख्या तथा उसकी सक्रियता या निष्क्रिय कीरिपोर्ट दी जाय। सड़क दुर्घटना में मृत लोगों के मुवावजा भुगतान की जानकरी ली गई।



### अवैध खनन पर निगरानी का निर्देश

दुर्घटना जनित व्यक्ति की कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में ,तथा पुलिस अधीक्षक ने कहा किशहरी क्षेत्र के कैमरों की गुणवत्ता पर ध्यान दें औरकैमरा कहाँ कहाँ है। गाड़ियां गुजरे तो पहचान हो सके। इसके अलावे वाहन जांच में वसूली,अवैध खनन,परिवहन,भंडारण में कई गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। अंचलाधिकार्यो को खनन पट्टोंके आधार पर सीमांकन कर इस माह तक बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया।पुराने खनन पट्टों पर अवैध खनन से संबंधित कार्रवाई की जाय।

## न्यूज बॉक्स

### नशा मुक्त समाज के लिए प्रभात फेरी, छात्रों और शिक्षकों ने लिया संकल्प



**बानो।** मादक पदार्थ दिवस पर नशा मुक्त समाज निर्माण हेतु जनता उच्च विद्यालय जीतू टोली के छात्र-छात्राएं सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं महाबुआंग थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी के नेतृत्व मे प्रभात फेरी निकाली गयी.नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रभात फेरी विद्यालय परिसर से आरंभ होकर जमटोली बाजार तक निकाला गया.प्रभात फेरी का संचालन थाना प्रभारी महाबुआंग अमरनाथ सोनी और वर्ग 10वी के वर्ग शिक्षक आशीष कुमार साहू और छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया। मौके पर फादर अरविंद खाखा, आशिष साहू,स्वर्णलता बागे,नीलम लुगुन,विमला सुरीन, शीतल एक्का, सुभाष तिर्की, राहुल टोपनो, अजीत सुरीन,सुबीरा करकेट्टा और सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### जिला परिषद सदस्य बिरजो ने जलमीनार व शौचालय निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**बानो।** प्रखंड अंतर्गत कोनसोदे पंचायत स्थित जीईएल मध्य विद्यालय परिसर में गुरुवार को जलमीनार एवं शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना, मुखिया सीता कुमारी, पूर्व मुखिया सुशील मुंडा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर कार्य का शुभारंभ किया।इस अवसर पर बिरजो कंडुलना ने कहा कि बच्चों को शुद्ध पेयजल और शौचालय सुविधा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है। 15वें वित्त आयोग मद से इस कार्य की शुरुआत की गई है। विद्यालय परिवार द्वारा लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी।मुखिया सीता कुमारी ने भी खुशी जताते हुए कहा कि इससे विद्यालय की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों में खुशी का माहौल देखा गया। इस दौरान शिक्षकगण, ग्रामीण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### नदी में बहने से एक व्यक्ति की हुई मौत, शव बरामद

**सिमडेगा।** केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत खालीजोर नदी में बहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम की है। मृतक की पहचान बासेन टोली निवासी अल्बिस कुल्लू के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अल्बिस कुल्लू मजदूरी कर देर शाम घर लौट रहा था। इसी दौरान क्षेत्र में अचानक तेज बारिश शुरू हो गई और घना अंधकार छा गया। रास्ते में खालीजोर नदी पार करने के क्रम में फिसलकर वह नदी में गिर गया और तेज बहाव में बह गया।रातभर वह घर नहीं पहुंचा, जिसके बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू की। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों की मदद से उसका शव नदी से बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही केरसई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल है।

### जहरीले सांप के काटने से महिला की मौत

**बोलबा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कादोपानी निवासी एक महिला की गुरुवार को मौत जहरीले सांप के काटने से हो गई। मृतका की पहचान अकोली बिलुंग के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अकोली रात को जमीन पर सोई हुई थी। इसी दौरान एक जहरीला सांप उसके कान में घुस गया और वहीं काट लिया। घटना के बाद परिजनों ने तुरंत उसे बोलबा अस्पताल पहुंचाया, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर उसे सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर किया गया।सिमडेगा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। इस दुखद घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

### सिमडेगा : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण

**सिमडेगा।** वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने कार्यक्रम के विषय में बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक विकास को सतत बनाए रखने के लिए उनके बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लेखन कला को बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान शिशु वाटिका अर्थात कक्षा अरुण से कक्षा प्रथम तक के लिए बस्ता प्रतियोगिता, शिशु मंदिर अर्थात कक्षा द्वितीय से पंचम तक के लिए सुलेख प्रतियोगिता तथा कक्षा षष्ठ से दशम तक के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक के निर्देशन में संपन्न इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के निबंध एवं सुलेखों की गहनता पूर्वक जांच कर उन्हें पुरस्कृत किया गया।सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के आचार्य एवं आचार्याओं द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### झामुमो ने सिमडेगा के कार्यपालक अभियंता से नए ट्रांसफार्मर की मांग की



**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला सचिव सफीक़ खान ने विद्युत कार्यपालक अभियंता से मिलकर ज्ञापन सौंपा, जिसमें ग्राम सरना टोली, प्रखंड केरसेई में विगत कई महीनों से ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत की गई थी। इससे ग्रामीणों को बिजली की गंभीर समस्या हो रही है। जिला सचिव सफीक़ खान ने विद्युत कार्यपालक अभियंता से अनुरोध करते हुए कहा कि कृपया जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने की कृपा करें।इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष अनस आलम, प्रखंड अध्यक्ष तेज प्रकाश किंडो और ग्रामीण उपस्थित थे।

### कोचेडेगा के माया टोली में ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों को मिली राहत



**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के कोचेडेगा पंचायत अंतर्गत माया टोली में 26 जून को नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बाप पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं मुखिया शिशिर टोप्पो व जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने संयुक्त रूप से किया। महीनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर के कारण गांव में बिजली आपूर्ति ठप थी, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही थी।नेताओं के प्रयास से ट्रांसफार्मर बदला गया, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली। शिशिर टोप्पो ने भरोसा दिलाया कि वे आगे भी जनसमस्याओं के समाधान हेतु प्रयासरत रहेंगे। वहीं, जिलाध्यक्ष अमृत तिर्की ने मंच से ही बिजली विभाग पर हमला बोलते हुए पूछा कि शहरी इलाकों में तत्काल ट्रांसफार्मर बदले जाते हैं, पर ग्रामीणों को महीनों इंतजार क्यों करना पड़ता है।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिजली समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीण आंदोलन करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर परिसदन में बीएड शिक्षकों ने विधायक का किया अभिनंदन

**नवीन मेल संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सरकारी विश्वविद्यालय और अंगीभूत महाविद्यालयों में सत्र 2005-06 से संचालित बीएड कोर्स में कार्यरत झारखंड राज्य बीएड प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ. विशेश्वर यादव के नेतृत्व में कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के प्राध्यापकगण बहरागोड़ा के माननीय विधायक समीर कुमार मोहंती को अंगवस्त्र, माला और पौधा देकर सम्मानित किया। पिछले 8 महीनों से विश्वविद्यालय द्वारा रुके संविदा विस्तार को माननीय विधायक समीर कुमार मोहंती के द्वारा बजट सत्र में विधानसभा के सदन में प्रमुखता से उठाया गया था। इस मुद्दे पर सरकार द्वारा त्वरित संज्ञान लिया गया था जिसके जिसके फलस्वरूप आज कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के सभी वोकेशनल एवं बीएड प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय ने अनुबंध विस्तार कर दिया। मौके पर विधायक समीर मोहंती ने आश्वासन दिया कि प्रदेश के सभी सरकारी और अंगीभूत कॉलेजों के बीएड प्राध्यापकों के वेतनमान एवं अन्य समस्याओं के लिए सरकार से निदान की मांग करेंगे. जिससे कि बीएड प्राध्यापकों के वर्षों से चली आ रही गंभीर समस्या वेतन विसंगति दूर करते हुए प्रतिष्ठित और सम्मानजनक जीवन के साथ कार्य करने की स्वतंत्रता मिल सके और विश्वविद्यालय द्वारा वेतन रोककर प्रताड़ित करने जैसी समस्या से मुक्ति मिलेगी।

### नशामुक्त अभियान को लेकर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

# नशापान या उसके क्रय-विक्रय करने वालों की दें जानकारी, गोपनीय रखे जायेंगे नाम : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



नशा मुक्त जीवन पर आधारित डीएवी पब्लिक स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमे मुख्य रूप से एसडीओ जोहन टुडू व एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल सहित सर्कल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, एसआई शिवम गुप्ता आदि शामिल हुए. कार्यक्रम प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ के निर्देशन व एनसीसी अधिकारी डॉ दीपक शरण की अगुवाई में आयोजित हुई. जिसमे एनसीसी के कैडेट्स व विद्यालय के बच्चों ने अपने कार्यक्रम के माध्यम से मादक पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों को बताने का काम किया. प्राचार्य ने कहा कि नशा नाश और विनाश का प्रतीक है. जो जीवन का कल्याण तो नहीं पर सर्वनाश अवश्य करता है. इसलिए इसके जड़ को हीं समाज उखाड़ने की आवश्यकता है. उन्होंने बच्चों को इससे दूर रहते हुए अपने आस पास के लोगों को भी इस दूर रहने को प्रेरित करने की बात कही. मुख्य अतिथि एसडीओ ने भी बच्चो को नशा पान के दुष्प्रभावों को बताते हुए नशा पान और उसके क्रय - विक्रय करने वालों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया. एसडीपीओ ने कहा कि जिस चीज का कोई अस्तित्व हीं नहीं है उस दिशा में जाना या उसके लिए प्रयास करना ही बेवकूफी है. उन्होंने सबों से नशापान या मादक पदार्थों के विरुद्ध मजबूती से लड़ाई लड़ने की अपील किया.

# न्यूज बॉक्स

## उत्क्रमित मध्य विद्याल में अभिभावक व प्रबंधन समिति के साथ बैठक आयोजित




**रामगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरूम में 26 जून को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक सह शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक शिक्षक अनिल कुमार रवि ने किया। मौके पर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी उपस्थित अभिभावकों को दी गई। जिसपर अभिभावकों ने अपने अपने सुझाव रखा। जिसपर शिक्षकों ने कहा कि हम सभी अभिभावकों के सुझाव पर कार्य करेंगे और बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास करेंगे। शिक्षकों की ओर से कहा गया कि विद्यालय में बच्चों को शिक्षित करने के लिए दो स्मार्ट टीवी सेट उपलब्ध हैं। बताया कि स्मार्ट टीवी के माध्यक से बच्चों को आकर्षक तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जा रहा है। स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चे अच्छी तरह से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके अलावे अभिभावकों को विद्यालय में बच्चों की बेहतरी के लिए चलाये जा रहे अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गई। मौके पर सहायक शिक्षक कर्मवीर प्रसाद, विनोद बिहारी, बिनय कुमार सिंह, ब्रिंजो देवी, अध्यक्ष पवन कुमार मुंडा आदि उपस्थित थे।

## डीजे प्रतिबंधित व सोशल मीडिया पर होगी नजर : पुलिस इंस्पेक्टर

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही ।** आगामी मुहर्रम को लेकर प्रखंड सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसमें मुख्य रूप से प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित कुमार किस्कू, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार सहित भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर आदि सहित कई जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन शामिल हुए. बैठक का संचालन करते हुए इंस्पेक्टर ने उपस्थित लोगों से मोहर्रम की तैयारियों से संबंधित जानकारी ली. बैठक में उपस्थित लोगों ने शांति और सद्भाव के साथ मुहर्रम मनाए जाने का आश्वासन दिया. जुलूस के दौरान साफ-सफाई, स्वास्थ्य और बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने की बात कही. सीओ ने सरकार निर्देशो का हवाला देते हुए डीजे और धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले गीत संगीत पूर्णतः उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान प्रखंड के प्रमुख स्थलों सहित विभिन्न अखाड़ों के पास सशस्त्र बल के सात दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त रहेगें. इंस्पेक्टर ने बताया कि क्षेत्र में गश्ती तेज कर दी गई है, अपराधिक प्रवृति वाले लोगों पर पुलिस की पैनी निगाह रहेगी.

# रेलवे साइडिंग गोलीबारी मामले में 6 अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने 26 जून को प्रेस वार्ता को संबोधित किया । प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि 13 जून को समय लगभग 8:00 बजे सुबह मे भदानीनगर ओपी अन्तर्गत भुरकुंडा रेलवे साईडिंग में दो बाईक सवार नकाबपोश अपराध कर्मियों द्वारा दहशत फैलाने के उद्देश्य से गोली चलाने की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया की उस घटना के उद्भेदन एवं घटना में शामिल अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव गोस्वामी के नेतृत्व मे एसआइटी का गठन किया गया। एसआइटी टीम द्वारा कांड के अनुसंधान के क्रम में गोली चलाने की घटना को अंजाम देने मे शामिल शुटर सुजीत डोम को उसके घर रिवर साईड, बुध बाजार, भुरकुंडा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सुजीत डोम से पूछताछ करने पर उसके द्वारा घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों का नाम बताया गया। गिरफ्तार सुजीत डोम के बताये अनुसार घटना में शामिल व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतु सभी के निवास स्थान एवं अन्य संभावित ठिकानों पर छापामारी किया गया तथा घटना में शामिल व्यक्ति 1. इनामुल अंसारी, 2. मजहर अंसारी, 3. आजाद अंसारी, 4. कुणाल कुमार उर्फ बादल सिंह एवं 5. बंसत मुंडा उर्फ गल्टु को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अपराध कर्मियों से पूछताछ करने पर बताया गया कि उक्त सभी अपराधकर्मी संगठित अपराध से जुड़े हुए है। जो दहशत फैलाकर रंगदारी वसूलने का काम करते है। 13 जून की गोलीबारी घटना के दिन इनामुल अंसारी बाईक चलाते हुए अपने पीछे सुजीत डोम को बैठा कर रेलवे साईडिंग भुरकुंडा पहुंचा था। जहां पर सुजीत डोम द्वारा रेलवे साईडिंग के अंदर जाकर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था।

## खूंटी में पेलोल पुल टूटने से बढ़ी परेशानी

**खूंटी।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर बना पेलोल पुल 19 जून को टूट गया था. इसके बाद अंगराबारी-जुरदाग-कुंजला मार्ग को वैकल्पिक रास्ता बनाया गया. बुधवार को इस सड़क पर जाम लग गया. मंगलवार रात ही इस सड़क पर एक ट्रेलर फंस गया था. ट्रेलर में रेल का ट्रैक लदा था. रात से लेकर सुबह 11 बजे तक किसी तरह गाड़ियां रेंगती हुई निकली, लेकिन जैसे ही फंसे ट्रेलर को सड़क पर लाया गया, पूरी सड़क जाम हो गई. उसके बाद एक भी गाड़ियां उक्त सड़क से नहीं चल पायी. शाम सात बजे तक आवागमन उक्त पथ में ठप था. जाम के कारण ग्रामीणों की दिनचर्या, स्कूली बच्चों की पढ़ाई और आम लोगों का जीवन भी थम गया है. इसको लेकर उक्त क्षेत्र में रहने वाले लोगों में खासा गुस्सा है. जुरदाग से कुंजला तक वाहनों की लंबी कतार लग गई. कई वाहन चालक रातभर सड़कों पर फंसे रहे. कोई राहत नहीं मिल पाई. आपको बता दें कि कई गांव के बच्चे जुरदाग होकर खूंटी और कर्रा के स्कूलों में पढ़ने जाते हैं. अब समय पर स्कूल पहुंचाना मुश्किल हो गया है. कई बच्चों को स्कूल छोड़ना पड़ा है. अब गाड़ियों का परिचालन जुरदाग से खूंटी या कर्रा, जलटंड़ा, धनामुंजी होकर हो रहा है.ये रास्ता लंबा और खराब है. इससे समय और ईंधन की बर्बादी हो रही है और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है. पेलोल पुल टूटे छह दिन हो गए हैं, लेकिन अब तक वैकल्पिक डायवर्सन का काम शुरू नहीं हुआ है. सिर्फ पुल के दोनों ओर सड़क पर सुरक्षा की दृष्टि से दीवार खड़ी कर दी गई है. कुंजला-जुरदाग वैकल्पिक सड़क वैसे तो ठीक है, लेकिन कुंजला से लेकर बनई नदी तक सड़क सिंगल लेन है. इसी वजह से जाम की स्थिति उत्पन्न हुई है. उधर, खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा, तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने पहल जरूर की है,

# आनंद साईं दरबार का 15वां स्थापना दिवस समारोह भव्य भंडारे के साथ हुआ समापन



**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का 15वां स्थापना दिवस समारोह गुरूवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। भंडारे से पूर्व पुजारी राजेश पांडे ने यजमान अमित कुमार सिन्हा एवं नंदकिशोर गुप्ता के हाथों विधि पूर्वक पूजन संपन्न करवाया। पूजा के क्रम में यजमानों ने साईं बाबा से रामगढ़ जिले की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत 12:00 बजे से भव्य भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे के दौरान मूसलाधार बारिश के बीच जिला के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में साईं भक्त शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा देरशाम तक जारी रहा। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा, खोगेन्द्र साव, उपेंद्र साव, अजीत कुमार, आनंद प्रताप सिंह, सुरेश सिंह, अधिवक्ता आनंद सिन्हा, अजीत जायसवाल, शैलेन्द्र ठाकुर, अरविंद अग्रवाल, विमल शर्मा, सुबोध सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, उमेश कुमार, अविनाश कुमार, पंकज ठाकुर, रंजन फौजी, मुन्ना सिन्हा, सन्नी सिन्हा, अजीत कुमार सोनी, बिनोद जायसवाल, मल्लिका दत्ता, शीतल सिंह, दिव्या कुमारी, रानी देवी, रेखा देवी, आशा कुमारी, सोनी कुमारी, अनिता पाठक आदि उपस्थित थे।

## बकाया मानदेय की मांग को लेकर जलसहियाओं का बेमियादी धरना शुरू

**धनबाद।** 37 माह का बकाया मानदेय व 9 माह की प्रोत्साहन राशि की मांग को लेकर धनबाद जिले की जलसहियाओं का अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को रणधीर वर्मा चौक पर शुरू हुआ. धरने पर जिले भर से करीब 1450 जलसहियाएं बैठी हैं. उन्होंने हमें काम चाहिए, काम के बदले दाम चाहिए जैसे नारों के साथ अपनी आवाज बुलंद की. धरना स्थल पर मौजूद जलसहिया रीना सिंह ने बताया कि उन्हें हर माह मात्र 1000 मानदेय मिलता है, जो कि 37 महीनों से लंबित है. इसके अलावा उन्हें मिलने वाली 2000 मासिक प्रोत्साहन राशि भी बीते 9 माह से नहीं दी गई है. मॉक पार्लियामेंट में बोले गिरिराज, आपातकाल के काले दिन को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शौचालय से लेकर पेयजल आपूर्ति तक के कार्यों में उनकी अहम भूमिका रही है, फिर भी अब काम ठेकेदारों को सौंप दिया गया है।

# न नल आया, न जल मिला,तीन साल से पानी को तरस रहे लोग

**नवीन मेल संवाददाता**



भुरकुंडा। हर घर नल से जल योजना पतरातू प्रखंड के लिए अब तक सिर्फ एक सपना है। 55 करोड़ रुपये की लागत से शुरू हुआ यह मेगा प्रोजेक्ट तीन साल बाद भी पूरा नहीं हो सका। 14 पंचायतों के हजारों परिवार आज भी शुद्ध पेयजल के लिए जूझ रहे हैं। न इंटक वेल तैयार है, न जलमीनार पूरी हुई है। गर्मी और बरसात में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। बोले रामगढ़ की टीम से लोगों ने दर्द बयां किया और जनप्रतिनिधियों से तत्काल हस्तक्षेप की गुहार लगाई। केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी हर घर नल से जल योजना पतरातू प्रखंड के 14 पंचायतों में लोगों के लिए अब तक एक अधूरा सपना बनी हुई है। वर्ष 2022 के अंतिम महीनों में जिस 55 करोड़ रुपये के मेगा प्रोजेक्ट की शुरुआत बड़े वादों के साथ हुई थी, वह साढ़े तीन साल बाद भी धरातल पर पूरी तरह नजर नहीं आ रही है। नतीजा यह है कि आज भी हजारों ग्रामीण पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं। योजना के तहत दामोदर नदी से इंटेक वेल के जरिये पानी उठाकर सयाल स्थित फिल्टर प्लांट में शुद्धिकरण किया जाना था। इसके बाद सयाल से पोड़ा गेट, सीसीएल सौंदा और भुरकुंडा रिवरसाइड में निर्माणाधीन जलमीनारों के माध्यम से सभी 14 पंचायतों में पाइपलाइन के जरिये पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जानी थी। कुछ जगहों पर जलमीनारों का निर्माण पूरा हो चुका है और पाइपलाइन भी बिछा दी गई है, लेकिन घरों में कनेक्शन देना और पानी की नियमित सप्लाई शुरू करना अब तक बाकी है। काम की रफ्तार इतनी धीमी है कि लोग अब इसे मजाक की तरह लेने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब योजना शुरू हुई थी, तब उन्हें लगा था कि अब पानी की समस्या से निजात मिल जाएगी,

## सिटी हॉकस' बाइक दस्ते की गश्त तेज अपराध नियंत्रण मे बनेगा हथियार

**धनबाद।** अपराध पर अंकुश लगाने और स्मार्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गठित धनबाद पुलिस का विशेष बाइक दस्ता 'सिटी हॉकस' सड़कों पर सक्रिय हो गया है. इस दस्ते ने गुरुवार को शहर के विभिन्न इलाकों में पेट्रोलिंग की. सिटी हॉकस आधुनिक संसाधनों से लैस होकर अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभाएगा. सीसीआर डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि सिटी हॉकस टीम में कुल 50 पेट्रोलिंग बाइक शामिल हैं. प्रत्येक बाइक पर एक एएसआई व एक कांस्टेबल तैनात हैं. ये सभी बाइक जीपीएस, ब्लिंकर, सायरन और वायरलेस सेट जैसी तकनीकी सुविधाओं से लैस हैं, उन्होंने कहा कि वायरलेस सिस्टम की मदद से कंट्रोल रूम से सीधे निर्देश मिलने पर टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई कर सकेगी. इस पहल से जहां एक ओर अपराधियों में डर का माहौल बनेगा,

# पूर्वी टुंडी में सरकारी जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

**धनबाद।** धनबाद डीसी आदित्य रंजन के निर्देश पर गुरुवार को पूर्वी टुंडी के सीओ सुरेश प्रसाद वर्णवाल ने शंकरडीह गांव में सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया. सीओ ने बताया कि शंकरडीह मौजा के की 1.16 एकड़ जमीन (खाता संख्या 83, प्लॉट संख्या 764) पर अवैध कब्जे की शिकायत ग्रामीणों ने की थी. इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अंचल की टीम ने प्रभारी अंचल निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह, राजस्व उप निरीक्षक विजय कुमार और अमीन राजकुमार के साथ मौके पर पहुंचकर बुलडोजर चलाकर जमीन से अवैध कब्जे को हटाया. झारखंड में दो साल बाद फिर शुरू हुई मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना, 4 करोड़ के कृषि यंत्र बांटे गये। सीओ ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

## स्टाफ की कमी के कारण बैंक ऑफ़ इंडिया में कैश काउंटर की सुविधा बाधित

**तिसरी (गिरिडीह)।** बैंक ऑफ़ इंडिया के तिसरी शाखा में इन दिनों स्टाफ की कमी के कारण ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंक में कर्मी नहीं रहने के कारण कैश काउंटर कभी - कभी घंटे दो घंटे देर से ही खुलते हैं। जिसके कारण बैंक में लोगों की भीड़ बढ़ जाती है। हालांकि प्रबंधक द्वारा नजदीकी ब्रांच से स्टाफ को बुलवाया जाता है जिसके बाद कैश काउंटर से जमा और निकासी शुरु की जाती है। ग्रामीण इलाका होने के कारण दूर दराज से आये वृद्ध और महिलाओं को को काफ़ी देर तक इंतजार करना पडता है जिससे उन्हें खासी परेशानी होती है। गुरुवार को भी बैंक अपने नियमित समय से तो खुल गया लेकिन कैश काउंटर पर कोई कर्मी नहीं बैठे थे। इस संबंध में पूछने पर शाखा प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि ब्रांच में स्टाफ की कमी है। यहां कुल 4 सरकारी स्टाफ अपॉइंट हैं, जिनमें से एक ने मेडिकल प्रॉब्लम के कारण कुछ महीनों की परमानेंट छुटी ले रखी है। दूसरा स्टाफ भी इमरजेंसी छुटी पर चला गया।

## पारसनाथ महाविद्यालय के वरिष्ठ एनसीसी कैडेट्स को विदाई



डुमरी। पीएन कॉलेज इसरी बाजार में गुरुवार को 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के तत्वावधान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के वरिष्ठ एनसीसी कैडेट्स को विदाई दी गई।कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी गान के साथ हुआ।इस अवसर पर कॉलेज के उप प्राचार्य यशवंत सिन्हा एएनओ लेफ्टिनेंट दिव्या रानी ने कैडेट्स को उनके अनुशासन,समर्पण एवं सेवा-भावना के लिए सराहना की।कहा कि एनसीसी ना केवल युवाओं में अनुशासन का बीजारोपण करती है बल्कि उन्हें एक आदर्श नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन भी देती है।कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि डॉ शशि भूषण परीक्षा नियंत्रक गौतम कुमार सिंह, प्रो.इसरायल, प्रो राजकुमार मेहता, प्रो विनोद कुमार अकेला, प्रो रीतलाल वर्मा, प्रो उमा पांडे, प्रो रजनी कुमारी, प्रो संगीता कुमारी, प्रो प्रियंका कुमारी, प्रो कुमारी संगीता समेत सीनियर कैडेट अंडर ऑफिसर खुशबू कुमारी, दीपक कुमार,ऋषभ आनंद,अभिषेक कुमार,भागीरथ कुमार,ओमप्रकाश महतो,लक्ष्मी कुमारी,सपना कुमारी, वीणा कुमारी,संजय सोरेन आदि उपस्थित थे।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत उप विकास आयुक्त ने की मैराथन दौड़

**नवीन मेल संवाददाता**



रामगढ़। नशामुक्त मुक्ति अभियान के तहत 26 जून 2025 दिन को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देशानुसार जिला खेल कार्यालय एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय रामगढ़ द्वारा रामगढ़ शहर अंतर्गत गांधी चौक से सुभाष चैक तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड का शुभारंभ आशीष अग्रवाल उप विकास आयुक्त रामगढ़ ने हरी झंडी दिखाकर किया। मौके पर उप विकास आयुक्त रामगढ़ ने डे-बोर्डिंग, खेलो इंडिया प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों एवं आंगनबाड़ी सेविका एवं आम जनों को नशा मुक्ति से संबंधित शपथ दिलाया । इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, भूमि सूधार उप समाहर्ता दिप्ती प्रियंका कुजूर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, इन्दु प्रभा खलखो, जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम थाना प्रभारी, रामगढ़ सहित एवं अन्य उपस्थित थे।

## लघु उद्योग भारती ने चैम्बर का जताया आभार

**रामगढ़।** विजय मेवाड़ को लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर रामगढ़ चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस सम्मान के लिए रामगढ़ जिला इकाई ने चैम्बर के प्रति आत्मीय आभार जताया। लघु उद्योग भारती की जिला इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सिंह लाम्बा और सचिव वरुण बगड़िया ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के ज़रिए धन्यवाद प्रेषित किया। बताते चले कि बीते 18 जून को रांची के टाटीसिल्वे में आहूत प्रांतीय उद्यमी सम्मेलन में राष्ट्रीय पदाधिकारियों व प्रांतीय प्रभारी की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में विजय मेवाड़ के नाम की घोषणा की गई थी।


कार्यालय,
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, रॉची।

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 28/25–26.**

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 10/07/2025 तक (2.00 बजे अपराहन तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 11/07/2025 को 2.00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 11/07/2025 को 3.00 बजे अपराहन में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा के विभिन्न कोर्ट रूम में ए0सी0 प्वाईट वायरिंग का कार्य। | 7,38,731=00 | 1250=00 | 15,000=00 | 21 दिन |
| 2. | धुर्वा रॉची स्थित आवास सं0 B/3/2, B/498/2, B/996/2 एवं CD/464/2 मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 4,04,870=00 | 750=00 | 9,000=00 | 21 दिन |
| 3. | हरमू हाउसिंग कॉलोनी, रॉची स्थित BCD-40, 41,42 एवं 43 तथा अरगोडा चौक रॉची स्थित आवास सं0 BCD-06 मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 4,61,922=00 | 750=00 | 10,000=00 | 21 दिन |
| 4. | व्यवहार न्यायालय लातेहार में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 9,74,747=00 | 1250=00 | 20,000=00 | 21 दिन |
| 5. | धुर्वा रॉची स्थित आवास सं0 B/03/3 एवं CD/450/2 मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 1,47,665=00 | 500=00 | 3,000=00 | 14 दिन |
| 6. | डोरण्डा, रॉची स्थित आवास सं0 108/124, 57, 124 एवं सेठ सीताराम स्कूल के समीप स्थित आवास सं0 A9 मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 2,87,119=00 | 750=00 | 6,000=00 | 14 दिन |
| 7. | गुमला स्थित DLSA कोर्ट मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य एवं सुरक्षा लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 9,62,319=00 | 1250=00 | 20,000=00 | 21 दिन |
| 8. | हरमू हाउसिंग कॉलोनी, रॉची स्थित आवास सं0– LIG-R381/382 एवं LIG-R 391/392 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 3,95,402=00 | 750=00 | 8,000=00 | 14 दिन |
| 9. | इंदिरा पैलेस, हिनू, रॉची के पीछे स्थित आवास सं0 C-11, C-18, C-21, C-22, C-24, B-36 एवं B-4 मे विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 2,91,252=00 | 750=00 | 6,000=00 | 14 दिन |
| 10. | डोरण्डा, रॉची स्थित आवास सं0 101/124 (बी टाईप) में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 97,149=00 | 500=00 | 2,000=00 | 14 दिन |
| 11. | इंदिरा पैलेस, हिनू, रॉची के पीछे स्थित आवास सं0 C-9 एवं सचिवालय कॉलोनी हिनू रॉची स्थित आवास सं0 C-9/24, C-12/24 एवं A2/12 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 1,89,725=00 | 500=00 | 4,000=00 | 14 दिन |
| 12. | डोरण्डा, रॉची स्थित आवास सं0 80/124, 113/124 एवं B/41 मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 2,95,139=00 | 750=00 | 6,000=00 | 14 दिन |
| 13. | राजेन्द्र चौक डोरण्डा रॉची मे समीप स्थित आवास सं0 B23 एवं डोरण्डा, रॉची स्थित आवास सं0 18/124, 4/124, 52/1224, 33/56 एवं सेठ सीताराम स्कूल में समीप स्थित आवास सं0 A2, A5 मं विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 6,27,285=00 | 1250=00 | 13,000=00 | 21 दिन |
| 14. | धुर्वा रॉची स्थित अंकेक्षण निदेशालय (वित्त विभाग) में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 4,30,731=00 | 750=00 | 7,000=00 | 14 दिन |
| 15. | धुर्वा, रॉची स्थित आवास सं0 B/2048/2 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 77,399=00 | 500=00 | 2,000=00 | 14 दिन |
| 16. | रिम्स रॉची स्थित मेडिकल सुपरिटेंडेंट एवं डप्युटी मेडिकल सुपरिटेंडेंट कार्यालय मे सुरक्षा लाईट के अतिरिक्त कार्य। | 4,86,489=00 | 750=00 | 10,000=00 | 14 दिन |

PR 356036 (Energy) 25-26 (D)

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अधिकांश लोग "जागृत नींद" में जी रहे हैं, जिसका अर्थ है कि वे अपनी आदतों और प्रतिक्रियाओं के गुलाम हैं, और खुद के प्रति सचेत नहीं हैं। - जॉर्ज गुरजिएफ

## संपादकीय

# युद्ध उतावली शक्तियां और भूख

बहुत से लोगों को निराशा हुई जब भारत ने पाकिस्तान पर सीधा हमला कर जोरदार लड़ाई नहीं की। परमाणु बम और मिसाइलों की रेंज बताती इस दुनिया में कोई ऐसा नेतृत्व है, जिसे यकीन हो कि इस दुनिया को बचाना ही एक नेतृत्व के लिए सब कुछ होता है। और कोई नेतृत्व सिर्फ नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ही युद्ध विराम को अपने हिसाब से एक टूल न बना ले, बल्कि शांति का भी नेतृत्व करता नजर आए। क्या विश्व को एक ग्रुप ऑफ गुड लीडर्स जैसी संस्था की आवश्यकता आ पड़ी है, जो दुनिया को शांति और सद्भाव का पाठ पढ़ा सके? आतंकवाद और घृणा से घिरते एवं फिर हिंसक होते इस समाज को कोई बर्बाद होने से बचाना क्यों नहीं चाहता? क्यों आखिर युद्ध ही सभी मसलों का हल है? और अगर है, तो फिर ये मसले हल क्यों नहीं होते? इन सबके बीच शांति क्या अप्रचलित मूल्य बन चुकी है? ऐसा लगता है, जैसे धर्म और नस्ल में दिनों-दिन बंटती जा रही इस दुनिया को सिर्फ पैसे और व्यापार से ही युद्ध से दूर किया जा सकता है, शांति के उद्बोधन और सामाजिक आचरण से नहीं। क्या शांति अपने आप में किसी नेतृत्व का 'सेंटर ऑफ ग्रेविटी' नहीं हो सकती? सर्दियों से पहले शरद ऋतु आती है और आते हैं वे अच्छे लोग, जो लोगों के जीवन में खुशियों के रंग भरते हैं। और उन अच्छे लोगों में से कोई बहुत अच्छा व्यक्ति उनका लीडर बनता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि न तो समाज में एकजुटता के पत्ते भूरे होंगे और न ही आम आदमी की मुस्कान। लेकिन मिसाइलों के धमाकों में वह लीडर कहां है? यह दुनिया चंद्रमा के बाद अब मंगल ग्रह और अंतरिक्ष में मनुष्यों की विशाल छलांग की कहानी गढ़ रही है। लेकिन पृथ्वी पर विकास और जिजीविषा की छलांग सिर्फ युद्ध के संदेश लिए ड्रोन और मिसाइलों से क्यों हो रही है? क्या अब भी हमारी धरती को उन भूले-बिसरे नेताओं के पदचिह्नों की जरूरत है, जिन्हें दुनिया ने पिछले कुछ दशकों में देखा है? मुझे तो सबसे ज्यादा महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला याद आ रहे हैं। इधर युद्ध, मिसाइल, ड्रोन हर जगह मंडरा रहे हैं, तो ग्लोबल वार्मिंग, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, आतंकवाद, निरक्षरता, महंगाई, भुखमरी का संकट भी बढ़ता जा रहा है। फिर यह दुनिया बचेगी कैसे? कौन होगा वह लीडर, जो शांति का नायक बनेगा? और क्या शांति के नेतृत्व के लिए भी आर्थिक और सामरिक शक्ति का विशाल जखीरा रखना एक 'जरूरी योग्यता' बन जाएगी? क्या महान सम्राट अशोक की कहानी इतिहास में हिंसा से अहिंसा के हृदय परिवर्तन की आखिरी कहानी बनकर रह जाएगी? आज हर दूसरा व्यक्ति डिजिटल वर्ल्ड में इन्फ्लुएंसर बना घूम रहा है। तो फिर वह इन्फ्लुएंस शांति और सद्भाव के लिए क्यों नहीं होता? अगर सब कुछ एक लीडर के हाथ में होता है, तो वह अच्छा नेता कैसा होता है? अरस्तू इसका उत्तर देते हुए कहते हैं कि एक अच्छा नेता कोई और नहीं, बल्कि एक अनुयायी होता है और वह अनुसरण करता है लोगों की जरूरतों और इच्छाओं का, सभी के कल्याण का। आधुनिक दुनिया में 'अनुसरण' शब्द सिर्फ मेटा और ब्लू टिक के इर्द-गिर्द ही दिखाई देता है।

*आज हर दूसरा व्यक्ति डिजिटल वर्ल्ड में इन्फ्लुएंसर बना घूम रहा है। तो फिर वह इन्फ्लुएंस शांति और सद्भाव के लिए क्यों नहीं होता? अगर सब कुछ एक लीडर के हाथ में होता है, तो वह अच्छा नेता कैसा होता है?*

# श्रमिक कल्याण के डिजिटल उपाय

आधुनिक डिजिटल युग में, चैटबॉट, पोर्टल, ऑनलाइन शिकायत निवारण व्यवस्था और प्रबंधन सूचना प्रणालियों द्वारा संचालित ई-गवर्नेंस पोर्टल ने सरकार को लोगों के बेहद करीब ला दिया है। प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार रोजगार वृद्धि और कामगारों की सामाजिक सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने को फिर से परिभाषित और पुनर्संयोजित कर रही है। अब प्रक्रियाएं अधिक कुशल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बन रही हैं। योजना से संबंधित पोर्टल अब "ऑल-इन-वन" (एकल सुविधा) प्लेटफ़ॉर्म के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो धोखाधड़ी, मैन्युअल प्रक्रियाओं और प्रशासनिक बोझ कम करते हुए कार्यक्रमों के बारे में निर्बाध ज्ञान प्रवाह और लाभ मापन की सुविधा प्रदान करते हैं। योजनाओं को आधार कार्ड से जोड़े जाने और विभिन्न योजनाओं के साथ इसके अंतर्संबंध से किसी को दो बार लाभ लेने से रोकने के साथ ही यह सुनिश्चित होता है कि लाभ समय पर लक्षित लोगों तक ही पहुंचें।



आपस में जुड़े पोर्टल कामगारों को लाभकारी योजनाओं तक पहुंचने और आवेदन की स्थिति जानने, रोज़गार के अवसरों का पता लगाने और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। जबकि ये नियोक्ताओं को राष्ट्रीय प्रतिभा पूल के उपयोग में सहायता प्रदान करते हैं, जिससे कौशल और अनुभव के आधार पर कामगारों की भर्ती संभव हो पाती है। इसके अतिरिक्त, ये पोर्टल असंगठित श्रमिकों, नौकरी के इच्छुक कामगारों, नियोक्ताओं और रोज़गार के अवसरों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने में योगदान देते हैं, जिससे नीति निर्माताओं को सूचित, डेटा-समर्थित निर्णय लेने की सहूलियत मिलती है। किसी बड़े संकट के समय, महामारी इत्यादि के दौरान, ये डेटाबेस बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे, जिससे ज़रूरतमंदों की शीघ्रता से पहचान और समय पर सहायता सुनिश्चित हो सकेगी। यह डिजिटल शासन में परिवर्तन को सुव्यवस्थित कर रहा है, नागरिकों को सशक्त बना रहा है और कल्याणकारी प्रयासों की व्यापकता और प्रभावशीलता बढ़ा रहा है। इन पहल के कुछ उदाहरणों की यहां चर्चा की गई है। राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल इस परिवर्तनकारी पहल का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 2015 में आरंभ किए गए इस पोर्टल ने रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को संबंधित सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 5 करोड़ 50 लाख से अधिक कामगारों के पंजीकरण के साथ, यह एक "वन-स्टॉप प्लेटफ़ॉर्म" के रूप में काम कर रहा है जो नौकरी पाने के इच्छुक व्यक्तियों को देश भर में रोज़गार के अवसरों से जोड़ता है।

आज की बात



**वी.अनंत नागेश्वरन**
भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार

इस पर उन्हें करियर काउंसलिंग, जॉब मैचिंग, इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षुता), कौशल विकास पाठ्यक्रम आदि की जानकारी प्रदान की जाती है। किसी राज्य विश्वविद्यालय से तुरंत स्नातक होने वाला छात्र पहले मोबाइल फ़ोन के ज़रिए देश भर में नौकरी के अवसरों को जानने की कल्पना भी नहीं कर सकता था। पर आज, एनसीएस की मदद से कोई भी व्यक्ति आसानी से स्थान के हिसाब से पीएम गतिशक्ति के साथ एकीकरण के ज़रिए, देश भर में नौकरियों की खोज कर सकता है, करियर और नौकरी संबंधी परामर्श प्राप्त कर सकता है और यहां तक कि स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पोर्टल के ज़रिए आवश्यक कौशल भी हासिल कर सकता है। यह सब उसे फ़ोन पर या स्थानीय रोजगार मेलों में शामिल होकर मिल सकता है। एनसीएस परियोजना के अंतर्गत अब तक लगभग 57 हजार रोज़गार मेले आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), उद्यम, ई-श्रम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), पीएम गतिशक्ति, डिजीलॉकर और अन्य के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे हितधारकों की उन तक पहुंच और दक्षता में वृद्धि हुई है। यह पोर्टल लगभग 30 राज्यों और निजी रोजगार पोर्टलों से भी जुड़ा हुआ है, जिससे कामगारों को नौकरी के अवसरों तक व्यापक पहुंच हो रही है। इसी तरह, श्रम सुविधा और समाधान पोर्टल, उद्योग और व्यापार के लिए अनुपालन और व्यापार सुगमता को बढ़ाते हैं तथा विवादों का तेजी से समाधान और दावे तथा श्रमिकों की शिकायतों का निपटान सुनिश्चित करते हैं। ईएसआईसी धनवंतरी मॉड्यूल अस्पतालों और औषधालयों को मरीजों का रिकॉर्ड (परीक्षण इत्यादि) पिछले मामले के इतिहास आदि की बेहतर उपलब्धता प्रदान करने में सक्षम बनाता है, जिससे रोगी की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होती है। ये पहल सरकार के संकल्प के स्पष्ट प्रमाण हैं कि प्रौद्योगिकी के लाभ से विभिन्न पहल द्वारा सभी के लिए अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी सेवा मुहैया कराने के कल्याणकारी उपायों में कोई भी पीछे न छूटे। रोजगार का दूसरा पहलू सामाजिक सुरक्षा है। भारत में एक बड़ा अनौपचारिक, असंगठित क्षेत्र है जो रोजगार प्रदान करता है। ऐसे रोजगार में नियोक्ता द्वारा कोई लिखित अनुबंध और सामाजिक सुरक्षा नहीं होती। इन कामगारों के लिए, बीमारी, चोट, दुर्घटना, नौकरी छूटना या अन्य आपात स्थिति जैसी कोई भी घटना तुरंत विपत्ति में बदल सकती है। अब सरकार के सामाजिक सुरक्षा के उपाय अस्थायी संकट को आजीवन कठिनाई में बदलने से रोकते हैं। सरकार के निरंतर प्रयासों से इसमें महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और सबको सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। हाल तक लाखों असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभों तक जागरूकता और पहुंच सीमित थी। पर ई-श्रम पोर्टल ने इस चुनौती का समाधान किया है। असंगठित श्रमिकों को अब सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एक विशिष्ट पहचान मिला है। वर्ष 2021 में आरंभ किए गए इस पोर्टल पर 30 करोड़ 70 लाख से अधिक असंगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। यह पोर्टल लगभग 13 सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत कर श्रमिकों के लिए "एकल समाधान" के रूप में कार्य करता है, जिससे लाभों को लक्षित रुप से पहुंचाना, उन तक बेहतर पहुंच और योजना संतृप्ति (योजना लाभ) संभव हो पाता है। केंद्रीय बजट 2025-26 में गिग श्रमिकों (अल्पकालिक, अनुबंध-आधारित नौकरी करने वाले) का ई-श्रम से पंजीकरण कर विशिष्ट पहचान पत्र प्रदान किया गया है और उन्हें पीएम जन आरोग्य योजना के दायरे में लाकर सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई है। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ श्रमिकों का विवरण साझा करके, पोर्टल राज्य स्तर पर श्रमिक कल्याण कार्यक्रमों की बेहतर योजना और कार्यान्वयन को सक्षम बनाता है। इसके अलावा, पोर्टल को राष्ट्रीय करियर सेवा, स्किल इंडिया डिजिटल हब, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवाईएम), सरकारी योजनाएं खोजने के लिए "वन स्टॉप" समाधान प्रदान करने वाला राष्ट्रीय प्लैटफ़ॉर्म माईस्कीम, दिशा योजना आदि के साथ एकीकृत किया गया है। यह श्रमिकों को ई-श्रम पर एक बार पंजीकरण कराने से ही केंद्र और राज्य सरकारों के कई योजना पोर्टलों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करता है। इससे योजना की पात्रता, योजना के लाभों, नौकरी के अवसरों का पता लगाने, कौशल प्रशिक्षण, पेंशन और बीमा जैसे लाभ की जानकारी एक ही स्थान पर मिलती है। इसकी पहुंच और भी व्यापक बनाने के लिए हाल ही में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की भाषिणी परियोजना की 22 भाषाओं वाली एक बहुभाषी सुविधा को ई-श्रम में जोड़ा गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# युद्धविराम

पहले उनलोगों का एक ही घर था। वे लोग यदा - कदा आपसी अनबन भी करते, पर रहते साथ ही थे। एक भिखारी ने प्रश्रय माँगा। एक कोना उसे दे दिया गया। फिर भिखारी अपने असली स्वरूप में आकर घर पर कब्जा जमा लिया। पूरा परिवार मिलकर लड़ा और उसे भगाने लगा। भिखारी जाते - जाते परिवार में दो गुट कर गया। लोगों की मति भ्रष्ट कर गया। भिखारी के भागते ही आपसी फूट में आंगन में दीवार खड़ी हो गयी। फिर भी आपस पड़ोस में बड़ी शान्ति रहती थी। गाँव वालों को यह खटकता। अब छोटा बड़े को नाना प्रकार से तंग करने लगा। बड़ा सहता रहता। छोटे का मन बढ़ गया। वह बड़े के घर गंदगी फैलता, उसे हानि पँहुचाता। एक दिन बड़े ने उसके अच्छी तरह पीट दिया। लहूलुहान हो लंगड़ाता हुआ वह पूरे गाँव में संवेदना बटोरने घूम गया। बड़े ने आँखें तरेर कर कह दिया कि तुम्हारा हुक्का - पानी बंद। बड़े को दबंगई पर उतरना पड़ा। छोटा जिसके पास जाकर अपना दुखड़ा रोता सभी यही कहते, बड़े के पैर पकड़कर माफ़ी मांगों। कोई विकल्प न देख बेचारा बड़े के पैर पड़ा। बड़े ने स्पष्ट और कड़े शब्दों में कहा - तुमसे तबतक कोई बात नहीं करेंगे जबतक तुम गंदगी फैलाना बंद नहीं करेगा। कोई खुरखार किया तो फिर और अधिक और बुरी तरह पीट - पीट कर सुता देंगे। छोटा अब पूरे गाँव में घूमघूमकर कहने लगा - हो गया युद्ध विराम, सीज़फायर को गया। अवसर देखकर मुखिया प्रत्याशी कहने लगा - हमने सीजफायर कराया। बड़े ने आखें उठाई तो मुखिया प्रत्याशी सटक गया।

व्यंग्य की बात



**डॉ. प्रशांत करण**

वर्तमान परिपेक्ष्य में रूस - यूक्रेन, इज़राइल - हमास, इज़राइल -हुती, इज़राइल - हिज्बुल्ला, इज़राइल - ईरान, अमरीका - ईरान, भारत - पाकिस्तान के बीच सैन्य झड़प के बाद पूरे विश्व में युद्ध की चर्चा का बाजार गर्म है। इसके बीच आजकल रणविराम, युद्ध विराम जिसे अंग्रेजी में सीज़फायर कहा जाता है, शब्द बड़ा प्रचलित हो गया है। रणविराम के लिए रण, संग्राम, झड़गा-लड़ाई, युद्ध, परस्पर अभिघात के शस्त्र प्रहार का कर्म होना आवश्यक है और उसके बाद विराम, ठहराव। इस संदर्भ में दो प्रसिद्ध सिद्धांत प्रतिपादित हैं। एक यह कि शांति के लिए संग्राम आवश्यक है, संग्राम के पूर्व और पश्च्यात शान्ति है तथा दूसरा शक्ति होते ही शान्ति लायी जाती है। स्वभावतः हर प्राणी शांतिप्रिय होता है। यह बात अलग है कि कुछ शांतिप्रिय कहे जाने वाले लोग वस्तुतः शान्ति चाहते ही नहीं, युद्ध के अवसरों की ताक में लगे रहते हैं वैसे ही जैसे शासन व्यवस्था भ्रष्टाचार के लिए। युद्ध का पहला कारण अहम की संतुष्टि, दूसरा कारण एक - दूसरे पर वर्चस्व माने जाते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# अंतरिक्ष से भारत की हुंकार शुभांशु शुक्ला की अमर उड़ान

जब एक भारतीय ने सितारों को छू लिया, तो वह पल केवल अंतरिक्ष की यात्रा नहीं था-वह 140 करोड़ दिलों की धड़कनों का उत्सव था, भारत की आत्मा का उद्घोष था, और हमारी सांस्कृतिक विरासत का ब्रह्मांड में लहराता तिरंगा था। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने जब ड्रैगन कैप्सूल से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर कदम बढ़ाया, तो वह केवल एक अंतरिक्ष यात्री की उड़ान नहीं थी—वह भारत के सपनों, संकल्प और वैज्ञानिक शक्ति की अनंत यात्रा थी। यह वह क्षण था जब भारत ने न केवल धरती की सीमाएं लांघीं, बल्कि सितारों के पार अपनी पहचान को अमर कर दिया।

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन**

25 जून 2025 को, भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे, फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स का फाल्कन-9 रॉकेट आकाश को चीरता हुआ अंतरिक्ष की ओर बढ़ा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार थे भारतीय वायुसेना के शुभांशु शुक्ला, जो एक्सिओम-4 मिशन के पायलट की भूमिका में थे। उनके साथ थे कमांडर पैगी व्हिटसन (पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री, अमेरिका), मिशन विशेषज्ञ स्लावोश उज्नांस्की-विस्निव्स्की (पोलैंड), और तिबोर कपु (हंगरी)। यह मिशन नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स की साझेदारी का प्रतीक है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का समर्थन प्राप्त है। लॉन्च के महज 10 मिनट बाद, शुभांशु और उनकी टीम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे थे। 28 घंटे की रोमांचक यात्रा के बाद, ड्रैगन कैप्सूल 26 जून 2025 को भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे आईएसएस से डॉक करने वाला है। यह 14-दिवसीय मिशन 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों का मंच है, जिनमें सात इसरो द्वारा डिजाइन किए गए हैं। ये प्रयोग भारत की वैज्ञानिक प्रगति को विश्व मंच पर चमकाने का अवसर हैं, जो न केवल तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि भारत के भविष्य के अंतरिक्ष सपनों का आधार भी है। शुभांशु की यह यात्रा 1984 में राकेश शर्मा की ऐतिहासिक सोवियत सैल्यूट-7 मिशन के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में शानदार वापसी है। 41 साल बाद, शुभांशु आईएसएस पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने जा रहे हैं, जो भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम स्याही से लिखा जाएगा। यह केवल एक व्यक्ति की उड़ान नहीं, बल्कि भारत की उस जिजीविषा का प्रतीक है, जो सीमाओं को तोड़कर अनंत की ओर बढ़ रही है।

इस मिशन की आत्मा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत है। शुभांशु ने अपने साथ एक सॉफ्ट टॉय हंस लिया, जिसे भारतीय शास्त्रों में ज्ञान और विवेक का प्रतीक माना जाता है। यह हंस अंतरिक्ष की अनंतता में तैर रहा है, जैसे भारत की सांस्कृतिक विरासत सितारों के बीच अपनी चमक बिखेर रही हो। लॉन्च के दौरान, उनके कंधे पर लहराता तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं था—वह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, गर्व और एकता का प्रतीक था। यह तिरंगा गर्व से कह रहा था कि यह उड़ान केवल शुभांशु की नहीं, बल्कि हर उस भारतीय की है, जो खेतों से लेकर प्रयोगशालाओं तक, सपनों को हकीकत में बदल रहा है। शुभांशु ने भारतीय खान-पान को भी अंतरिक्ष की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। आम का रस, गाजर का हलवा और मूंग दाल का हलवा उनके साथ गए, जो वे अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ साझा करेंगे। इसके अलावा, वे माइक्रोग्रैविटी में योग करने की योजना बना रहे हैं, जिससे भारतीय संस्कृति का वैश्विक मंच पर एक अनूठा प्रदर्शन होगा। यह वह क्षण है जब परंपरा और प्रौद्योगिकी ने एक-दूसरे का हाथ थामा, और भारत ने साबित कर दिया कि वह न केवल विज्ञान में, बल्कि संस्कृति में भी अग्रणी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, यह मिशन भारत के लिए एक मील का पत्थर है। शुभांशु सात भारतीय प्रयोग करेंगे, जिनमें माइक्रोग्रैविटी में मूंग और मेथी के अंकुरण का अध्ययन और मांसपेशियों की हानि का विश्लेषण शामिल है। ये प्रयोग भारत और अमेरिका की साझेदारी का परिणाम हैं और इसरो के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करेंगे। गगनयान, जो 2026 में लॉन्च होने वाला है, भारत का पहला स्वदेशी मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन होगा। शुभांशु, जो इसके लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं, इस मिशन के लिए अमूल्य अनुभव ला रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

ज्वार उठे हैं सब तरफ, डूब रहे जज्बात।
पता नहीं हो कौन सी, रात, कयामत रात।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# 'रथयात्रा में छुपा हुआ है गंगा जमुनी तहजीब का बीज मंत्र'

प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से लेकर नौ दिनों बाद वापसी वाले रथयात्रा के पूरे अनुष्ठान को भारतवर्ष के आलोक में संपूर्ण दर्शन की संज्ञा दी जाती है। दर्शन के आईने में इसे देखें तो सनातनी दर्शन के उत्कर्ष की बातों के साथ इसके धार्मिक महत्व में स्थानीय जनजातियों की प्रत्यक्ष भागीदारी और तमाम जाति धर्म के सांस्कृतिक परंपराओं के सम्मान का भी बखूबी दर्शन होता चला जाता है। सरसरी तौर पर भगवान जगन्नाथ के रथयात्रा को भगवान के सुलभ दर्शन और उनके आशीर्वाद प्राप्त करने के विशेष अवसर के रूप में जाना जाता है। जगन्नाथ दर्शन के जानकारों के अनुसार रथयात्रा का यह संदर्भ केवल दर्शन और आशीर्वाद में सिमटा हुआ नहीं है क्योंकि इस आयोजन में अस्पृश्यता, जातिवाद, क्षेत्रवाद, धार्मिक असहिष्णुता, लिंग भेद, उम्र की बंदिशों आदि के विरुद्ध एक पूरे आंदोलन की बातें निकलकर सामने आती हैं। उल्लेखनीय है कि हम प्रायः गंगा जमुनी संस्कृति की बातें करते हैं। वस्तुतः कलियुग के प्रधान जगन्नाथ के आशीर्वाद के बगैर तहबीज की कल्पना संभव भी नहीं है। जगन्नाथ जी की महिमा देखिए कि पुरी के श्रीमंदिर में गैर हिन्दुओं के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध है और ऐसे में किसी भी गैर हिन्दू के लिए रथयात्रा या भगवान जगन्नाथ का प्रसंग भी सर्वथा अप्राकृतिक व अप्रासंगिक जान पड़ता है। संदर्भवश इन सवालों के बीच का शाश्वत सत्य तो यही है कि भगवान जगन्नाथ सबके लिए हैं और इनके दर्शन हेतु विभिन्न धर्मों के लाखों-करोड़ों "भक्त" प्रतिवर्ष यहां के गुंडिचा मंदिर जाने की राह पर एकत्रित होते चले जाते हैं। इस तथ्य की पुख्ता पुष्टि तो तब होती है जब भक्तवत्सल भगवान जगन्नाथ का रथ एक मुस्लिम धर्मावलंबी सालबेग की मजार के सामने प्रतिवर्ष स्वतः रूक जाता है। जिस मुस्लिम की यह मजार है उसका नाम सालबेग था और वह भगवान जगन्नाथजी का अनन्य भक्त था। जगन्नाथ पुरी मंदिर की आंतरिक व्यवस्था के अनुसार मुस्लिम होने के कारण सालबेग को मंदिर में प्रवेश नहीं मिल सकता था। ऐसे में वह मंदिर के बाहर बैठकर भगवान की भक्ति में लीन रहने लगा परंतु मंदिर में प्रवेश की पाबंदी के कारण मृत्यु पर्यंत उसे भगवान जगन्नाथ के दर्शन नहीं हो सके। बताया जाता है कि मृत्यु से पहले सालबेग की कामना थी कि प्रभु उसे जरूर दर्शन देंगे। अब भगवान ठहरे भक्त वत्सल तो उन्होंने भी भक्त सालबेग का मान रखा जबकि इस मान की लाज रखने के लिए भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा का महासमुद्र आज भी सालबेग की मजार पर कुछ समय के लिए ठहर जाता है। इसका संदर्भ बहुत साफ है कि भक्तवत्सल भगवान महाप्रभु स्वामी जगन्नाथ की महिमा के अनुसार मंदिर में प्रवेश की कतिपय वंदिशों के बावजूद भक्तों के कल्याणार्थ वे खुद सड़क की छांक मारने प्रतिवर्ष आ जाते हैं। जगन्नाथ दर्शन के इस दर्शन (Philosophy) में न जाति का बंधन होता है, न उम्र का, न लिंग का, न उँच नीच का और न धर्म का ही कोई बंधन शेष रह जाता है। ऐसे में गंगा जमुनी तहजीब भी जगन्नाथ पुरी में तब गर्व का अनुभव करती नजर आने लगती है जब एक मुसलमान के सम्मान में रथ के चक्के किसी मजार के सामने थम जाते हैं। रथयात्रा के बहाने एक भक्तवत्सल की तटस्थता का इससे बेहतर उदाहरण शायद ही कहीं देखने को मिले जहां हमारी गर्वानुभूति भी गर्व से सराबोर नजर आने लगे। रथयात्रा में ऐसा ही होता है और बिना किसी भेद भाव के भगवान खुद चलकर सामने आ रहे होते हैं तो पूरी कायनात नतमस्तक होने को मचल उठती है।

अलग बात



**केदार नाथ दास**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# जगन्नाथ पुरी में नेत्रोत्सव व नवयौवन दर्शन का आयोजन



**एजेंसी। पुरी**

पवित्र नगरी पुरी में भगवान जगन्नाथ के दो अत्यंत दिव्य और सांस्कृतिक रूप से जुड़े अनुष्ठानों- नवयौवन दर्शन और नेत्रोत्सव का आयोजन हुआ है। जगन्नाथ विद्वान और उपदेशक पंडित सूर्य नारायण रथशर्मा ने बताया कि ये सिर्फ धार्मिक रस्में नहीं, बल्कि ओडिशा की महाप्रभु जगन्नाथ के प्रति अद्वितीय और अटूट आस्था की अभिव्यक्ति हैं। पंडित सूर्य नारायण रथशर्मा ने बताया कि नवयौवन दर्शन और नेत्रोत्सव, श्रीक्षेत्र में मनाए जाने वाले वार्षिक उत्सवों की श्रेणी में विशेष महत्व रखते हैं। ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में भी इन्हें उतनी ही श्रद्धा और प्रेम के साथ मनाया जाता है, जो इस परंपरा के प्रति गहरी सांस्कृतिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, "भारतीय संस्कृति में अनेकों उत्सवों का पालन होता है। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को नेत्रोत्सव मनाया जाता है, जो भगवान की नेत्र दृष्टि का उत्सव है। ये उत्सव भगवान के दर्शन के रूप में मनाया जाता है, जब वो बीमारी से स्वस्थ होते हैं। भगवान जिस दिन पहले दर्शन देते हैं, इसको नवयौवन दर्शन कहा जाता है। भगवान के नेत्र का उत्सव, नित्य उत्सव कहा जाता है, जो अपूर्व करुणामय दृष्टि का प्रतीक है। पंडित सूर्य नारायण ने कहा, "भगवान जगन्नाथ के अद्वितीय नेत्र इस उत्सव का मुख्य आकर्षण होते हैं। इनके नेत्रों के दर्शन मात्र से भक्तों के सारे दुख-दर्द मिट जाते हैं। भगवान की करुणा दृष्टि से ही भक्तों का कल्याण होता है। उन्होंने कहा, "भगवान जगन्नाथ का नृत्य उत्सव न सिर्फ एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि ये भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक यात्रा है।

- **नवयौवन दर्शन :** भगवान के स्वस्थ होने के उपरांत पहले दर्शन का पर्व; उन्हें नवयुवा रूप में देखा जाता है।
- **करुणा दृष्टि का प्रतीक :** भगवान जगन्नाथ की दृष्टि को करुणामयी और भक्तों का कल्याण करने वाली माना जाता है।
- **सांस्कृतिक प्रतिबद्धता :** ओडिशा के विभिन्न भागों में भी इन उत्सवों को श्रद्धा और प्रेम से मनाया जाता है।
- **अद्वितीय नेत्रों के दर्शन :** भगवान के नेत्रों का दर्शन भक्तों के सारे दुख-दर्द हरने वाला माना गया है।
- **आध्यात्मिक अनुभव :** यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा और भक्ति का अनुभव है।
- **जगन्नाथ का नृत्य उत्सव :** प्रेम, करुणा और भक्ति से ओतप्रोत उत्सव, जो जीवन को शक्ति और दिशा देता है।

## महाकुंभ के बाद अदाणी ग्रुप पुरी रथ यात्रा में भी करेगा श्रद्धालुओं की सेवा

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेले में करोड़ों श्रद्धालुओं की सेवा के बाद अदाणी ग्रुप ने गुरुवार को ऐलान किया है कि वह ओडिशा के पुरी की प्रसिद्ध रथ यात्रा में भी श्रद्धालुओं की सेवा करेगा। भारत के सबसे पवित्र धार्मिक आयोजनों में से एक के रूप में जानी जाने वाली पुरी रथ यात्रा में हर साल देश और विदेश से लाखों भक्त आते हैं। चेयरमैन गौतम अदाणी के विश्वास 'सेवा ही साधना है' के मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए अदाणी ग्रुप ने 26 जून से 8 जुलाई तक चलने वाले नौ दिवसीय उत्सव के दौरान तीर्थयात्रियों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को समर्थन देने के लिए बड़े पैमाने पर स्वयंसेवी पहल शुरू की है। इस वर्ष रथ यात्रा में अदाणी ग्रुप श्रद्धालुओं और अधिकारियों को लगभग 4 मिलियन निःशुल्क भोजन और पेय उपलब्ध कराएगा। पौष्टिक भोजन वितरित करने के लिए पूरे शहर में विशेष खाद्य काउंटर स्थापित किए गए हैं, जबकि पेय पदार्थों के स्टॉल लोगों को ओडिशा की भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए ठंडे पेय उपलब्ध करा रहे हैं। अदाणी ग्रुप पुरी बीच लाइफगार्ड महासंघ को सहायता प्रदान करके समुद्र तट सुरक्षा प्रयासों को भी सपोर्ट कर रहा है। वालंटियर्स समुद्र तट को साफ करने और प्लास्टिक कचरे को हटाने में मदद करेंगे।

## नौसेना मुख्यालय में कार्यरत पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय नौसेना मुख्यालय में काम करने वाले क्लर्क विशाल यादव को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उस पर हाल ही में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) को संवेदनशील सैन्य जानकारी लीक करने का आरोप है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी की पहचान हरियाणा निवासी विशाल यादव के रूप में हुई है, जिसे राजस्थान पुलिस के खुफिया विभाग ने गिरफ्तार किया है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों का कहना है कि यादव लंबे समय से आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा था और उसने अपने मोबाइल फोन के जरिए नौसेना और अन्य रक्षा इकाइयों के बारे में गोपनीय जानकारी साझा की थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी विष्णुकांत गुप्ता के अनुसार, राजस्थान की सीआईडी खुफिया इकाई पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों की जासूसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रख रही थी, जब यादव जांच के दायरे में आया। निगरानी से पता चला कि वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए प्रिया शर्मा के नाम से काम करने वाली एक महिला आईएसआई हैंडलर के लगातार संपर्क में था। गुप्ता ने बताया कि हैंडलर ने यादव को हनीट्रैप में फंसाया और उसे रणनीतिक और गोपनीय रक्षा जानकारी निकालने के लिए पैसे दिए।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार को 'छोटा-मोटा' राज्य बताया, एनडीए भड़का

**एजेंसी। पटना**



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बिहार को 'छोटा-मोटा राज्य' बताए जाने वाले बयान के बाद बिहार की सियासत गर्म हो गई है। खड़गे के बयान पर एनडीए नेताओं ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए इसे बिहार का अपमान बताया है। वैसे इस बयान को लेकर विपक्ष अभी कुछ नहीं बोल रहा है। भाजपा के नेता और बिहार के मंत्री नितिन नबीन ने खड़गे के बयान पर कहा, "जिस छोटी मानसिकता से कांग्रेस पार्टी के नेता काम करते हैं, उनके लिए वही राज्य बड़ा है, जिस राज्य में राहुल गांधी और सोनिया गांधी का परिवार हो। बाकी सब को वे छोटी नजरों से देखने का काम करते हैं। कांग्रेस ने इस देश को केवल सोनिया गांधी, राहुल गांधी और इंदिरा गांधी की आंखों के चश्मे से देखा है, आम जनमानस उनको अपने चश्मे से नहीं दिखता है। इसका ताजा उदाहरण उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बयान है। बिहार के लोग इस अपमान का बदला आने वाले चुनाव में कांग्रेस को धूल चटाकर लेंगे।" राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और पूर्व मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर कहा कि कांग्रेस की यह मानसिकता पुरानी है, बिहार जैसे राज्य को वे कुछ समझते ही नहीं हैं।

### अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री का संदेश

# 'नशा' सबसे बड़ी समस्या, सरकार नार्को-कार्टेल पर सख्त : अमित शाह

- **सरकार की सख्त कार्रवाई :** नार्को-कार्टेल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और नशे में फंसे युवाओं को सामान्य जीवन में लाने का प्रयास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर कहा कि नशा हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार नशा तस्करी करने वाले गिरोहों (नार्को-कार्टेल) के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सामान्य जीवन में वापस लाने के लिए काम कर रही है। 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी और अवैध तस्करी दिवस के अवसर पर अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर पोस्ट कर यह बात कही। हर साल 26 जून को विश्व स्तर पर नशा विरोधी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य नशे से मुक्त समाज के लिए कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करना है। शाह ने पोस्ट में कहा, "ड्रग्स हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ा संकट है। मोदी सरकार इस खतरे से निपटने के लिए अन्य सरकारों के साथ काम कर रही है और नार्को-कार्टेल के लिए काम कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सामान्य जीवन में वापस ला रही है।" इस साल का अभियान 'ब्रेक द साइकल', स्टॉप ऑर्गनाइज्ड क्राइम' है, जो ड्रग ट्रैफिकिंग और संगठित अपराध को रोकने के लिए लंबे समय तक समन्वित कार्रवाई की जरूरत पर जोर देता है। इसके लिए मूल कारणों को दूर करना, रोकथाम में निवेश करना और स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक व्यवस्थाओं को मजबूत करना जरूरी है। भारत में नशे के खिलाफ सख्त कानून है। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 गैर-चिकित्सीय नशे के उपयोग को रोकता है और इलाज चाहने वालों को छूट देता है।

### नशा मुक्त भारत अभियान को मिल रही बड़ी जनसहभागिता



भारत सरकार ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जून, 2025 में देशव्यापी जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के अनुसार, अब तक 15.78 करोड़ से अधिक लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया है, जिसमें 5.26 करोड़ युवा और 3.31 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव ने एक्स पर कहा, "विभाग बड़ी संख्या में नागरिकों, खासकर छात्रों और युवाओं तक पहुंच रहा है ताकि नशीली दवाओं की समस्या से लड़ने के लिए जागरूकता और सहयोग बढ़ाया जा सके।" विश्व नशा रिपोर्ट 2025 के मुताबिक, संगठित नशा तस्करी समूह वैश्विक संकटों का फायदा उठाकर कमजोर वर्गों को निशाना बना रहे हैं। साल 2023 में 31.6 करोड़ लोगों ने नशे का सेवन किया, जो 15-64 आयु वर्ग की 6 प्रतिशत आबादी है। भांग (24.4 करोड़), ओपिओइड (6.1 करोड़), एम्फेटामाइन (3.07 करोड़), कोकीन (2.5 करोड़) और एक्स्टसी (2.1 करोड़) सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले नशीले पदार्थ हैं।

## भारतीय भाषाएं बनेंगी भारत को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम : अमित शाह

- **भारतीय भाषाएं जोड़ने का सशक्त माध्यम :** अमित शाह ने कहा, "भारतीय भाषाएं भारत को जोड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम बनेंगी"
- **भारतीय भाषाओं के प्रयोग को बढ़ावा :** केंद्र और भारतीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों से संवाद का प्रयास

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि भारतीय भाषाएं भारत को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम बनेंगी। शाह ने कहा कि आने वाले समय में केंद्र और राज्यों के प्रशासन में भारतीय भाषाओं का उपयोग और भी बढ़ेगा। वह इसके लिए राज्यों से संपर्क करेंगे और उन्हें समझाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर शाह ने राजभाषा हिन्दी और सभी भारतीय भाषाओं के प्रेमियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "हमें किसी भी भाषा या विदेशी भाषा से विरोध नहीं है, लेकिन आग्रह अपनी भाषा के सम्मान और उपयोग का होना चाहिए। जब तक हम अपनी भाषा में सोचेंगे और गर्व से बोलेंगे नहीं, तब तक गुलामी की मानसिकता से मुक्ति संभव नहीं है।" राजभाषा विभाग की 1975 से 2025 तक की यात्रा का उल्लेख कर शाह ने कहा कि भारत की आजादी की शताब्दी (2047) तक देश के आत्मगौरव से जुड़े हर प्रयास में राजभाषा विभाग का योगदान स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकारी प्रशासन आम नागरिकों की भाषा में हो, यह लोकतंत्र और आत्मसम्मान दोनों के लिए जरूरी है। शाह ने बताया कि अब जेईई, नीट और सीयूईटी जैसी परीक्षाएं 13 भारतीय भाषाओं में कराई जा रही हैं। सीएपीएफ कांस्टेबल भर्ती परीक्षा भी अब 13 भाषाओं में हो रही है और 95 प्रतिशत उम्मीदवारों ने अपनी मातृभाषा में परीक्षा दी है। यह दिखाता है कि भारतीय भाषाओं का भविष्य उज्ज्वल है। गृह मंत्री ने कहा कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं है। हिंदी सभी भाषाओं की मित्र है और सब भाषाएं मिलकर ही भारत के स्वाभिमान को ऊंचा उठा सकती हैं। उन्होंने कहा कि पहले भाषाओं का इस्तेमाल देश को बांटने के लिए किया गया, लेकिन अब उन्हें भारत को जोड़ने का जरिया बनाया जाएगा। समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार, सांसद भर्तृहरि महताब, राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी और हिंदी भाषा की वरिष्ठ विद्वान डॉ. राजलक्ष्मी कृष्णन समेत कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं।

## नारायणपुर मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर, हथियार बरामद

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के अबूझमाड़ इलाके के घने जंगलों में बुधवार रात सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गईं। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम द्वारा किया गया यह अभियान माड़ डिवीजन से जुड़े वरिष्ठ माओ अधिकारियों ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने बताया कि माओवादियों के माड़ डिवीजन केनक्सलियों के होने की सूचना पर नारायणपुर और कोंडागांव जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार शाम को जब सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में थे तब नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई।उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से नक्सलियों के शव, एक इंसास राइफल, एक .315 राइफल, मेडिकल का सामान और नक्सलियों से संबंधित अन्य सामान बरामद किया है।

## भारी बारिश और भूस्खलन से वैष्णो देवी यात्रा प्रभावित, नया मार्ग बंद

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए यहां पर 12 मास लोग आते है। हर मौसम में मां के द्वार खुले रहते हैं। बारिश के समय भी यहां पर दर्शन करने वालों की संख्या काफी ज्यादा रहती है। लेकिन कुछ समय से माता वैष्णो देवी की पहाड़ियों पर लगातार बारिश हो रही है। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण वैष्णो देवी तीर्थयात्रा मार्ग एक बार फिर बाधित हो गया है, इस साल यह तीसरी बार है जब नए हिमकोटि मार्ग को बंद करना पड़ा है। अधिकारियों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण हिमकोटि मार्ग पर बड़ा भूस्खलन हुआ है, जिससे लगभग 30 फीट मलबा और बड़े-बड़े पत्थर मार्ग को अवरुद्ध कर रहे हैं। परिणामस्वरूप, सुरक्षा कारणों से मार्ग पर बैटरी कार, केबल कार और हेलीकॉप्टर सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर राहत और निकासी अभियान तेजी से शुरू किया। जबकि नया मार्ग बंद है, यात्रा को पारंपरिक पुराने मार्ग से जारी रखने की अनुमति दी जा रही है। श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, "यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, यात्रा को मूल मार्ग पर मोड़ दिया गया है। आपदा प्रबंधन कर्मियों के साथ हमारी टीमें युद्ध स्तर पर मलबा साफ कर रही हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है।

**वृष :** अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**मिथुन :** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या :** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। सुख-आनंद कारक समय है। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**तुला :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है।

**धनु :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें।

**मकर :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें।

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

### छठ, दीपावली पर बिहार पहुंचने का टेंशन खत्म

## चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने दे दी एक और बड़ी सौगात

**एजेंसी। पटना**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को घोषणा की कि राज्य सरकार आगामी त्योहारों के दौरान भीड़ को प्रबंधित करने के लिए 299 अतिरिक्त बसें चलाएगी। नीतीश ने एक्स पर लिखा कि बिहार के लोग विभिन्न पर्व-त्योहारों खासकर छठ, होली, दीपावली एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर काफी संख्या में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और पश्चिम बंगाल से घर आते हैं। पर्व-त्योहारों के अवसर पर बिहार आने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बिहार आने वाले लोगों की यात्रा को सुगम बनाने तथा उनकी सहूलियत के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में बिहार से जुड़े अंतर्राज्यीय मार्गों पर राज्य सरकार 299 ए॰सी॰ एवं नॉन ए॰सी॰ बसों का परिचालन कराने जा रही है। उन्होंने लिखा कि 24 जून 2025 को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इसे स्वीकृति दे दी गई है। राज्य सरकार 75 वातानुकूलित और 74 डीलक्स बसों की खरीद पर 105.82 करोड़ रुपए खर्च करेगी। साथ ही लोक निजी भागीदारी के अन्तर्गत भी 150 अतिरिक्त ए॰सी॰ बसों का परिचालन कराया जाएगा। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार पर्व-त्योहारों खासकर छठ, होली, दीपावली एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर केंद्र सरकार से भी और अधिक विशेष ट्रेन चलाने का अनुरोध करेगी। इससे पर्व-त्योहारों के समय लोगों को अब बिहार आने में सहूलियत होगी और वे सुविधापूर्वक अपने घर पहुंच सकेंगे।

## भाषा के आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश कर रही भाजपा

**मुंबई।** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और सत्तारूढ़ पार्टी पर महाराष्ट्र में 'भाषा आपातकाल' लगाने का आरोप लगाया। यहां पत्रकारों से बात करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी, जो कि भाजपा की पूर्व सहयोगी है, हिंदी के विरोध में नहीं है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि वह निश्चित रूप से मराठी भाषी राज्य में भाषा को थोपे जाने के खिलाफ है। मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को हिंदी पढ़ाने को लेकर चल रहे विवाद के बीच उन्होंने जोर देकर कहा, "हम किसी भी भाषा का विरोध या नफरत नहीं करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी भी भाषा को थोपने की अनुमति देंगे।" उन्होंने दावा किया, "भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है।

## गुजरात में 'आप' को झटका: विधायक उमेश मकवाणा 5 साल के लिए निलंबित

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी (आप) के गुजरात के बोटाद से विधायक उमेश मकवाणा पर पार्टी ने बड़ा एक्शन लिया है। उमेश मकवाणा को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पांच साल के लिए 'आप' से सस्पेंड कर दिया गया है। इसकी जानकारी गुजरात के पार्टी अध्यक्ष इसुदान गढ़वी ने सोशल मीडिया पर दी। गुजरात के पार्टी अध्यक्ष इसुदान गढ़वी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''उमेश मकवाणा को पार्टी विरोधी एवं गुजरात विरोधी गतिविधियों के लिए पांच साल के लिए पार्टी से सस्पेंड किया जाता है। उमेश मकवाणा ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए 'आप' के सभी पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा, "जब मैं भारतीय जनता पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुआ था, तो मेरा इरादा अपने समुदाय के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का था। लेकिन, अब मुझे लगता है कि हमारी पार्टी उस रास्ते से भटक रही है, इसीलिए आज मैं आम आदमी पार्टी के सभी पदों, विधानसभा में पार्टी के सचेतक पद, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मैंने यह संदेश हमारे राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को भी भेज दिया है।" इससे पहले उमेश मकवाणा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को चिट्ठी लिखकर पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने का ऐलान किया। उन्होंने केजरीवाल को चिट्ठी में लिखा, ''मैं आम आदमी पार्टी में राष्ट्रीय संयुक्त सचिव के पद पर अंतिम ढाई साल से सेवा कर रहा हूं।

## पुरानी मांग को पूरा करना चुनाव आयोग के लिए आसान होना चाहिए : पवन खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने वोटर्स लिस्ट का मुद्दा एक बार फिर उछाल दिया है। कांग्रेस की तरफ से चुनाव आयोग को एक लेटर लिखा गया है, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद संपन्न विधानसभा चुनावों का डाटा मांगा है। साथ ही दोनों राज्यों के चुनाव के दिन की वीडियो फुटेज भी मांगी गई है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म "एक्स" पर लिखा, "ये एक पुरानी मांग है जिसे चुनाव आयोग के लिए पूरा करना आसान होना चाहिए।" उन्होंने चुनाव आयोग से अनुरोध करते हुए कहा कि ये सामग्री एक हफ्ते के भीतर उपलब्ध कराई जाए। कांग्रेस और पार्टी के नेता राहुल गांधी लगातार महाराष्ट्र के चुनावों में धांधली के आरोप लगाते रहे हैं। इन आरोपों को लेकर चुनाव आयोग ने 12 जून को राहुल गांधी को एक पत्र लिखा था और डिबेट के लिए बुलाया था।

### आगामी त्योहारों : योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा और मुहर्रम पर्व पर जारी किया निर्देश

# श्रद्धालु 'भड़काऊ नारे न लगाएं, हथियार न लहराएं'

- **11 से 9 अगस्त तक श्रावण मास रहेगा, जिसमें कई पर्व और धार्मिक होंगे**

**एजेंसी। लखनऊ**



देश में सावन की शुरूआत होने वाली है और इसके साथ ही कांवड़ यात्रा भी शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, सौहार्दपूर्ण वातावरण और जनसुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु बुधवार देर शाम शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्यभर के सभी पुलिस आयुक्तों, संभागीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ व्यापक चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी धार्मिक आयोजन श्रद्धा, सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव के साथ आयोजित किए जाएं तथा प्रशासनिक तंत्र पूरी संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ काम करे।

**11 जुलाई से नौ अगस्त तक पवित्र श्रावण मास रहेगा**

एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 11 जुलाई से नौ अगस्त तक पवित्र श्रावण मास रहेगा जिसके दौरान कांवड़ यात्रा, श्रावण शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व मनाए जाएंगे और इसी अवधि में 27 जून से आठ जुलाई तक जगन्नाथ रथ यात्रा तथा 27 जून से छह-सात जुलाई तक मुहर्रम के आयोजन संभावित हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया, ''यह अवधि प्रदेश की कानून-व्यवस्था, चिकित्सा, स्वच्छता, शिक्षा और आपदा प्रबंधन के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील है।

**कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण और गरिमामय आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री ने विशेष निर्देश दिए**

उन्होंने कहा, ''यह यात्रा आस्था, अनुशासन और उल्लास का प्रतीक है। उत्तराखंड सीमा से सटे जनपदों सहित गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी और बस्ती जैसे जिले विशेष सतर्कता बरतें।

### श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान सर्वोपरि है

श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान सर्वोपरि है, किंतु किसी शरारती तत्व को अवसर नहीं मिलना चाहिए। श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए, "कांवड़ यात्रा मार्ग पर कहीं भी खुले में मांस आदि की बिक्री न हो। यात्रा मार्गों की स्वच्छता, रोशनी, पेयजल, शौचालय एवं प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जर्जर बिजली के खंभे और लटकते तारों की मरम्मत तत्काल पूर्ण हो। शिविर लगाने वाली संस्थाओं का सत्यापन कर उनके सहयोग से जनसुविधा केंद्र संचालित किए जाएं।

# जीत का सूखा खत्म करने उतरेगी जिम्बाब्वे

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के बीच 28 जून से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। सीरीज का पहला मैच बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला इसी मैदान पर 6-10 जुलाई के बीच खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का खिताब जिताने वाले कप्तान टेंबा बावुमा बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के चलते जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। उन्हें डब्ल्यूटीसी के खिताबी मुकाबले की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए चोट लगी थी। यह बावुमा की दो साल से भी कम समय में तीसरी हैमस्ट्रिंग चोट है। टेंबा बावुमा की गैर-मौजूदगी में केशव महाराज रेड-बॉल सीरीज के लिए कप्तान की भूमिका निभाएंगे। वहीं, दूसरी ओर जिम्बाब्वे की कप्तानी क्रेग एर्विन के हाथों में है। सीन विलियम्स और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे अनुभवी खिलाड़ी इस टीम में हैं। दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच साल 1995 से अब तक कुल 9 मैच खेले गए हैं। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका ने आठ मुकाबले अपने नाम किए हैं। शेष एक मैच ड्रॉ रहा है। जिम्बाब्वे अब तक इस टीम के खिलाफ एक भी टेस्ट नहीं जीत सकी है। दोनों देशों के बीच आखिरी टेस्ट मैच दिसंबर 2017 में खेला गया था, जिसे दक्षिण अफ्रीका ने पारी और 120 रन से जीता था। जिम्बाब्वे के खिलाफ अब तक ऐसे पांच मैच रहे हैं, जिसे दक्षिण अफ्रीका ने पारी के अंतर से अपने नाम किया है।

**दक्षिण अफ्रीका:-** केशव महाराज (कप्तान), डेविड बेडिंघम, मैथ्यू ब्रीत्जके, डेवाल्ड ब्रेविस, कॉर्बिन बॉश, टोनी डी जोरजी, ज़ुबैर हम्ज़ा, क्वेना मफाका, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रायेन, काइल वेरिन और कोडी यूसुफ।

**जिम्बाब्वे:-** क्रेग एर्विन (कप्तान), ब्रायन बेनेट, तनाका चिवांगा, ट्रेवर ग्वांडु, ताकुदज्वानाशे काइतानो, क्लाइव मदांडे, वेस्ली माधेवेरे, विंसेंट मासेकेसा, वेलिंगटन मसकादज़ा, प्रिंस मसवाउर, कुंडाई माटिगिमु, ब्लेसिंग मुजरबानी, न्यूमैन न्यामुरी, तफदजवा त्सिगा, निकोलस वेल्च, सीन



## दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी

# बर्मिंघम टेस्ट से पहले हर्षित राणा भारतीय टीम से बाहर



**लीड्स।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा इंग्लैंड दौरे पर अब भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। विश्वस्त सूत्रों ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि राणा को भारतीय टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह लीड्स से ही भारत लौटेंगे। भारतीय टीम दूसरे टेस्ट के लिए बर्मिंघम पहुंच चुकी है। हर्षित राणा को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट से ठीक पहले भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह लीड्स टेस्ट की अंतिम 11 में जगह नहीं बना सके थे। इंग्लैंड ने यह टेस्ट आखिरी दिन 371 रन के लक्ष्य पीछा कर पांच विकेट से जीता था।मिली जानकारी के मुताबिक, भारतीय टीम के एक तेज गेंदबाज को परेशानी थी। ऐसे में प्रबंधन ऐसे तेज गेंदबाज को बैकअप के रूप में रखना चाहता था, जो बाउंसर का सही इस्तेमाल करता हो। राणा सही विकल्प थे और इसी वजह से उन्हें टीम से जोड़ा गया था। लेकिन, अब सब कुछ ठीक है। इसलिए राणा को अब रिलीज कर दिया गया है। हर्षित राणा ने पिछले साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान टेस्ट डेब्यू किया था। वह दो टेस्ट खेले थे, जिसमें चार विकेट उनके नाम हैं। पर्थ में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3-48 रहा था। इंग्लैंड में, राणा को कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत 'ए' के लिए पहला मैच खेलने का मौका मिला। उन्होंने 99 रन देकर एक विकेट लिए थे।

# टी20 कप्तान सूर्यकुमार की हुई हर्निया सर्जरी



**नई दिल्ली।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह जर्मनी के म्यूनिख में अपने पेट के निचले दाहिने हिस्से में हर्निया की सर्जरी करवाने के बाद ठीक होने की राह पर हैं। आईपीएल 2025 और मुंबई टी20 लीग में खेलने के बाद, सूर्यकुमार हर्निया के ऑपरेशन के लिए म्यूनिख जाने से पहले अपनी पत्नी देविशा के साथ यूरोप में थे। सूर्यकुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, "जीवन अपडेट: पेट के निचले दाहिने हिस्से में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एक आसान सर्जरी के बाद, मैं पहले से ही ठीक होने की राह पर हूं। वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।"यह दूसरी बार है जब सूर्यकुमार ने स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी करवाई है - 17 जनवरी, 2024 को म्यूनिख में उनके कमर में इसी तरह की हर्निया की समस्या के लिए उनका ऑपरेशन किया गया था। यह दिसंबर 2023 में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के लिए सर्जरी करवाने के कुछ समय बाद हुआ था। सूर्यकुमार ने आखिरी बार भारत के लिए इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में खेला था, जिसे मेजबान टीम ने इस साल की शुरुआत में 4-1 के अंतर से जीता था। 34 वर्षीय दाएं हाथ के बल्लेबाज ने इस साल आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए 16 पारियों में 717 रन बनाए और आईपीएल 2025 में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। हालांकि मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 नहीं जीत पाई, लेकिन आईपीएल के एक संस्करण में गैर-ओपनिंग बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक रन बनाने के लिए सूर्यकुमार को सीजन का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) चुना गया।

### जिम्बाब्वे-न्यूजीलैंड के साथ ट्राई सीरीज

# वैन डेर ड्यूसेन को दक्षिण अफ्रीका की कमान




**एजेंसी। नई दिल्ली**

जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच 14 जुलाई से 'ट्राई सीरीज' की शुरुआत होगी, जिसका फाइनल 26 जुलाई को खेला जाना है। इस सीरीज के लिए रासी वैन डेर ड्यूसेन को दक्षिण अफ्रीकी टीम की कमान सौंपी गई है। दक्षिण अफ्रीकी टीम में कॉर्बिन बॉश, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, रुबिन हरमन और सेनुरन मुथुसामी के रूप में चार ऐसे खिलाड़ी हैं, जो पहली बार टीम में शामिल हुए हैं। तेज गेंदबाज नंद्रे बर्गर और गेराल्ड कोएत्जी भी टी20 टीम में शामिल होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। बर्गर, 'लम्बर स्ट्रेस फ्रैक्चर' से उबरे हैं। वह सितंबर के बाद पहली बार नेशनल टीम में वापस लौटे हैं। दूसरी ओर, कोएत्जी अब कमर की चोट से पूरी तरह से फिट हैं। उन्होंने नवंबर 2024 में प्रोटियाज के लिए आखिरी मैच खेला था। यह ट्राई सीरीज शुकरी कॉनराड के लिए ऑल-फॉर्मेट हेड कोच के रूप में नियुक्त होने के बाद पहला टी20 असाइनमेंट भी है। 11 जुलाई को हरारे के लिए रवाना होने से पहले, टीम 9-10 जुलाई को प्रिटोरिया के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में एसए-ए के हेड कोच वांडिले ग्वावु के मार्गदर्शन में दो दिवसीय शिविर के लिए एकत्रित होगी। दक्षिण अफ्रीका 14 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले के साथ इस ट्राई सीरीज की शुरुआत करेगा। इसके बाद टीम 16 जुलाई को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। दक्षिण अफ्रीकी टीम 20 और 22 जुलाई को क्रमशः जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड को एक बार फिर चुनौती देगी। खिताबी मैच 26 जुलाई को खेला जाएगा। इस सीरीज के सभी मुकाबलों का आयोजन हरारे स्पोर्ट्स क्लब में होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम : रासी वैन डेर ड्यूसेन (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, नंद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, रीजा हेंड्रिक्स, रुबिन हरमन, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, नकाबा पीटर, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस और एंडिले सिमलेन।

# रिवर प्लेट पर 2-0 से जीत के साथ ग्रुप-ई में टॉप पर इंटर

### क्लब विश्व कप 2025

**एजेंसी। सिएटल**

फ्रांसेस्को एस्पोसिटो और एलेसेंड्रो बस्टोनी के गोल की मदद से एफसी इंटरनेशनल मिलान फीफा क्लब विश्व कप 2025 के अंतिम-16 में पहुंच चुकी है। इंटर ने गुरुवार को रिवर प्लेट के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की है। इसी के साथ टीम ग्रुप-ई में शीर्ष पायदान पर पहुंच गई। इंटर ने 26वें मिनट में अपना पहला मौका बनाया, लेकिन इसे भुनाया नहीं जा सका। उसके पास 32वें मिनट पर गोल करने का एक और अच्छा मौका था, लेकिन टीम यह चांस भी चूक गई। रिवर के मजबूत डिफेंस ने ब्रेक तक मुकाबले को गोल रहित बनाए रखा। हाफ-टाइम से ठीक पहले, इंटर के फेडेरिको डिमार्को ने नियर पोस्ट पर एक खतरनाक क्रॉस फायर किया, लेकिन सेंटर-बैक पाउलो डियाज ने एस्पोसिटो को गेंद पर कब्जा जमाने से रोकने के लिए लंजिंग क्लीयरेंस किया। 49वें मिनट में रिवर ने इंटर को खतरे में डाल दिया, लेकिन गोल नसीब नहीं हुआ। इंटर ने इसके बाद दबाव बनाना शुरू किया। इतालवी टीम ने कई मौके बनाए। सबसे शानदार मौका 52वें मिनट में आया, जब डियाज ने हेनरिक मिखितारयान के शॉट को ब्लॉक किया। 55वें मिनट में गोलकीपर फ्रेंको अरमानी ने मार्टिनेज के क्लोज-रेंज प्रयास को नाकाम कर दिया। 65वें मिनट में रिवर की टीम 10 खिलाड़ियों पर सिमट



गई थी। इंटर को पहली सफलता 72वें मिनट पर मिली। सब्सटीट्यूट पेटर सुसिक ने एस्पोसिटो को मौका दिया, जिनके पास बॉक्स में अपने शॉट को दाएं पोस्ट के अंदर डालने के लिए भरपूर मौका था। यहां से टीम ने 1-0 से बढ़त बना ली। इसके बाद एलेसेंड्रो बस्टोनी ने 90+3 मिनट में एक शानदार गोल करके इंटर को 2-0 से आगे कर दिया। इंटर अब 30 जून को शार्लेट में ग्रुप एफ उपविजेता फ्लूमिनेंस एफसी का सामना करेगी।



# सकारात्मक वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार हरे निशान में बंद, सेंसेक्स 1,000 उछला

**मुंबई।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हरे निशान में बंद हुआ। शेयर बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,000.36 अंक या 1.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,755.87 और निफ्टी 304.25 अंक या 1.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,549.00 पर था। शेयर बाजार की तेजी का नेतृत्व बैंकिंग और फाइनेंशियल शेयरों ने किया। सत्र के दौरान निफ्टी बैंक ने 57,263.45 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया और यह 585.55 अंक या 1.03 प्रतिशत बढ़कर 57,206.70 पर बंद हुआ। इसके अतिरिक्त, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, फार्मा, ऑटो, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। हालांकि, आईटी और मीडिया इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 345.70 अंक या 0.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,227.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 77.75 अंक या 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,805.60 पर था। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, इटरनल, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, एलएंडटी और टाइटन टॉप गेनर्स थे। वहीं, ट्रेंट, एसबीआई, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, टीसीएस, सन फार्मा और इन्फोसिस लाल निशान में बंद हुए।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी सोना और चांदी की घटी कीमत

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन गिरावट का रुख बना हुआ है। सोने के भाव में आज 240 रुपये से लेकर 260 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट आ गई। इसी तरह चांदी भी आज 900 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 98,950 रुपये से लेकर 99,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,700 रुपये से लेकर 90,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,08,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# फिनटेक के साथ फास्टैग इकोसिस्टम का विस्तार करने का लक्ष्य : नितिन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि फास्टैग इकोसिस्टम में न केवल टोलिंग के लिए, बल्कि पूरे देश में निर्बाध डिजिटल यात्रा अनुभवों के आधार के रूप में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि फिनटेक और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग के माध्यम से हमारा लक्ष्य फास्टैग की उपयोगिता को एक मजबूत मंच में विस्तारित करना है, जो उपयोगकर्ता की सुविधा को बढ़ाएगा, परिवहन और गतिशीलता सेवाओं को सुव्यवस्थित करेगा और इस क्षेत्र में अधिक दक्षता लाएगा।

98.5 प्रतिशत टोल पेमेंट के साथ, नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (एनईटीसी) फास्टैग प्रोग्राम 1,728 टोल प्लाजा (1,113 राष्ट्रीय राजमार्ग, 615 राज्य राजमार्ग) पर संचालित होता है। इसके अलावा, 38 से अधिक बैंकों ने डिजिटल भुगतान का समर्थन करते हुए 11.04 करोड़ फास्टैग जारी किए हैं। केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह कारों के लिए 3,000 रुपए की कीमत वाले फास्टैग आधारित वार्षिक पास की शुरुआत की घोषणा की, जो इस साल 15 अगस्त से प्रभावी होगा।

फास्टैग सिस्टम के इनोवेटिव एप्लीकेशन का पता लगाने के लिए, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रमोटेड कंपनी इंडियन हाईवेज एंड मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में फिनटेक कंपनियों के साथ एक वर्कशॉप आयोजित की गई थी।

वर्कशॉप का उद्देश्य विकास के अगले चरण का समर्थन करने के लिए नियामक अनुपालन, शिकायत निवारण, सुरक्षा और फास्टैग के गैर-टोल एप्लीकेशन जैसे विभिन्न पहलुओं पर अग्रणी फिनटेक प्लेयर्स से जानकारी एकत्र करना था।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, "इस वर्कशॉप में आयोजित प्रस्तुतियां और चर्चाएं डिजिटल रूप से सशक्त राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का मार्ग प्रशस्त करेंगी, जिससे देश के हर यात्री को लाभ होगा।"सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने कहा, "फिनटेक भारत के लिए एक उज्ज्वल स्थान रहा है और इसने हमें कई इनोवेशन दिए हैं, जबकि फास्टैग ने देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह को बदल दिया है।"

## भारतीय चाय उद्योग में 58 प्रतिशत महिलाएं कार्यरत: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि संगठित क्षेत्र में भारतीय चाय उद्योग लगभग 12 लाख कर्मचारियों को रोजगार प्रदान करता है और उनमें से लगभग 58 प्रतिशत महिलाएं हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "महिलाएं भारत के चाय क्षेत्र के विकास का नेतृत्व कर रही हैं। हमारा देश अपनी सुगंधित चाय और लगातार निर्यात वृद्धि के साथ वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।"डीजीसीआईएस डेटा के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में, निर्यात की गई चाय की कुल मात्रा 263 मिलियन किलोग्राम थी, जबकि कुल मूल्य 7,818 करोड़ रुपए था। वाणिज्य मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि चाय की खेप 0.83 बिलियन डॉलर से 10.8 प्रतिशत बढ़कर 0.92 बिलियन डॉलर हो गई। भारतीय चाय बोर्ड द्वारा संकलित हालिया आंकड़ों के अनुसार, 2024 में, भू-राजनीतिक तनावों से प्रेरित वैश्विक बाजार में अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत का चाय निर्यात 255 मिलियन किलोग्राम पर 10 साल के उच्चतम स्तर को छू गया। भारत 25 से अधिक देशों को चाय निर्यात करता है, जिसमें यूएई, इराक, ईरान, रूस, अमेरिका और यूके इसके प्रमुख बाजार हैं। भारत दुनिया के शीर्ष पांच चाय निर्यातकों में से एक है, जो कुल विश्व निर्यात का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा है। भारत की असम, दार्जिलिंग और नीलगिरी चाय दुनिया की सबसे बेहतरीन चाय में से एक मानी जाती है।



# फॉक्सकॉन की भारत में बड़े निवेश की तैयारी

**नई दिल्ली।** ताइवानी दिग्गज कंपनी होन हाई प्रेसिजन इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड (फॉक्सकॉन) को ताइवान की सरकार से भारत और अमेरिका में 2.2 अरब डॉलर की राशि निवेश करने की मंजूरी मिल गई। ॉक्सकॉन को मंजूरी ऐसे समय पर मिली है, जब वह चीन से बाहर अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं का तेजी से विस्तार कर रहा है। भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' और पीएलआई जैसी पहल बड़ी संख्या में विदेशी इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को आकर्षित करने में सफल रही हैं और इससे देश में तेजी से मैन्युफैक्चरिंग बढ़ी है और रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। फॉक्सकॉन को भारत और अमेरिका में 2.2 अरब डॉलर से अधिक की दो महत्वपूर्ण निवेश योजनाओं के लिए विनियामक अनुमोदन प्राप्त हुआ है। फोकस ताइवान की एक रिपोर्ट के अनुसार, मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स (एमओईए) के तहत आने वाले डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट रिव्यू ने इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग दिग्गज की निवेश योजना को मंजूरी दे दी है। डिपार्टमेंट ने कंपनी की सहायक कंपनी फॉक्सकॉन सिंगापुर पीटीई लिमिटेड में पूंजी बढ़ाने के उद्देश्य से 1.49 अरब डॉलर के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कंपनी की सिंगापुर स्थित यह इकाई, युजान टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में निवेश करेगी, जो भारत में फॉक्सकॉन की सब्सिडियरी के तहत काम करने वाली एक अन्य इकाई है। प्रमुख ऐप्पल आईफोन मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ने अपने भारतीय ऑपरेशंस में 1.48 अरब डॉलर (लगभग 12,800 करोड़ रुपए) का निवेश किया है। यह वर्तमान में स्मार्टफोन डिस्प्ले मॉड्यूल को असेंबल करने के लिए श्रीपेरंबुदूर में एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित कर रही है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, भारत ने 2014 से 2024 के बीच 500 अरब डॉलर से अधिक का एफडीआई इक्विटी इनफ्लो आकर्षित किया है, जो पिछले दशक में प्राप्त 208 अरब डॉलर से दोगुना से भी अधिक है।

# डीसी ने कस्तूरबा विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर जताई नाराजगी

- बच्चियों से संवाद कर पठन-पाठन, अनुपस्थित छात्राओं और जल जीवन मिशन की भी की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने गुरुवार को नीलांबर-पीतांबरपुर के लेस्लीगंज स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से सीधा संवाद किया और पठन-पाठन से जुड़ी समस्याएं जानीं। उन्होंने छात्राओं से अंग्रेजी ग्रामर और सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे। निरीक्षण में पाया गया कि छात्राओं के बीच अभ्यास पुस्तिका, प्रश्न बैंक एवं स्टूडेंट किट का वितरण नहीं हुआ है। इस पर उपायुक्त ने वार्डन पर नाराजगी जताते हुए आवश्यक सुधार नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। विज्ञान प्रयोगशाला, आईसीटी लैब और कंप्यूटर कक्ष भी संचालन से बाहर पाए गए। उन्होंने वार्डन को ससमय सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कार्यशैली में सुधार लाने को कहा।

डीसी ने नामांकित छात्राओं की उपस्थिति कम होने पर भी चिंता जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि लंबे समय से अनुपस्थित छात्राओं के अभिभावकों से संपर्क कर छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कोटखास पंचायत में संचालित योजनाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने बहु-ग्रामीण जलापूर्ति योजना की समीक्षा की और वीडब्लूएससी की बैठक में भाग लेते हुए मासिक जलकर वसूली सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई का निरीक्षण कर संचालित एजेंसी को सभी पंचायतों में प्लास्टिक संग्रहण केंद्रों से समय पर कचरा उठाने का निर्देश दिया।

इस दौरान सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिले के सभी पंचायतों में 1 से लगेंगे वित्तीय समावेशन शिविर

**मेदिनीनगर** । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विशेष जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 जुलाई से 30 सितंबर तक जिले के सभी पंचायतों में विशेष शिविर लगाकर वित्तीय समावेशन योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी। शिविरों में निष्क्रिय पीएमजेडीवाई खातों का केवाईसी पुनः सत्यापन, नए बैंक खातों का उद्घाटन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के तहत नामांकन किया जाएगा। बैठक में इस अभियान को सफल बनाने हेतु जेएसएलपीएस की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं कृषि विभाग के कृषक मित्रों की मदद से अधिकतम प्रचार-प्रसार कराने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं की पहुँच को मजबूत करना और पात्र लाभुकों को योजनाओं का पूरा लाभ दिलाना है।

## कारगिल विजय दिवस के लिए नगर भवन आवंटन की मांग



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय पहुंचा और नगर आयुक्त से कारगिल विजय दिवस समारोह के लिए नगर भवन के निःशुल्क आवंटन की मांग की। परिषद की ओर से बताया गया कि प्रतिवर्ष 26 जुलाई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया जाता रहा है। परिषद के जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र ने कहा कि परिषद आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है, इसलिए इस वर्ष भी भवन को निःशुल्क उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। सहायक नगर आयुक्त ने आवेदन प्राप्त कर इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में परिषद के महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता, सचिव सुनील कुमार सिंह, सदस्य अमित तिवारी और विकास तिवारी शामिल थे।

## डिज्नीलैंड मेले के संचालन की खुली नीलामी, 74.70 लाख की बोली लगी



**मेदिनीनगर।** श्रावणी डिज्नीलैंड मेले के आयोजन को लेकर नगर निगम द्वारा गुरुवार को शिवाजी मैदान के लिए बंदोबस्ती प्रक्रिया पूरी की गई। पवन कुमार गुप्ता ने 74.70 लाख की उच्चतम बोली लगाकर मेला संचालन का अधिकार प्राप्त किया। नगर निगम द्वारा न्यूनतम बंदोबस्ती राशि 74 लाख तय की गई थी। पिछली बार पवन गुप्ता ने 61.52 लाख में टेंडर जीता था। इस वर्ष मेला 1 जुलाई से 10 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। खुली डाक की प्रक्रिया सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो की देखरेख में संपन्न हुई। मौके पर टैक्स दरोगा प्रदीप मेहता, सहायक संतोष कुमार, राजस्व निरीक्षक सोनाली कुमारी और विकास कुमार उपस्थित रहे।

## बर्खास्त अनुसेवकों का धरना जारी डीसी को सौंपा मांग पत्र

**मेदिनीनगर।** जिले के 251 बर्खास्त अनुसेवकों ने समाहरणालय परिसर में लगातार दूसरे दिन भी धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान अनुसेवकों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और सेवा समायोजन की मांग की। धरना पर बैठे अनुसेवकों ने आरोप लगाया कि उन्हें बिना किसी ठोस कारण के 8 वर्षों की सेवा के बाद पद से हटा दिया गया। कई अनुसेवकों ने बताया कि वे बैंक लोन में डूबे हैं और उनके परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। अनुसेवकों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार उनकी मांगें नहीं मानती तो वे सपरिवार आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। उन्होंने 1 मार्च 2025 से लंबित वेतन का भुगतान और सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने की भी मांग की है। धरना में सुधाकर दुबे, नंदू बैठा, गुड्डू पासवान, विकास कुमार, रश्मि देवी, शोभा देवी, कृष्णा पासवान समेत कई अनुसेवक शामिल हुए।

## खनन टास्क फोर्स की बैठक, अवैध खनन पर कार्रवाई के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। उपायुक्त ने बताया कि मई से अब तक 45 वाहन जब्त, तीन प्राथमिकी दर्ज और 8.77 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को औचक जांच और दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही बालूघाटों की निगरानी, चालान की वैधता और बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टरों पर सख्ती बरतने को कहा। बैठक में कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, सोशल मीडिया पर सख्ती

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और एसपी कुमार गौरव की अध्यक्षता में मुहर्रम को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। उपायुक्त ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में नजर रखने और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की बात कही और जुलूस को निर्धारित मार्ग से निकालने पर बल दिया।

## नशा उन्मूलन अभियान में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया

- लातेहार समाहरणालय में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान का समापन समारोह संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** राज्य सरकार द्वारा 10 जून से 26 जून तक चलाए गए राज्यव्यापी मादक पदार्थ विरोधी जागरूकता अभियान के समापन पर गुरुवार को लातेहार समाहरणालय सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से उन कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में उत्कृष्ट योगदान दिया। कार्यक्रम में बताया गया कि नशीले पदार्थों के सेवन से शारीरिक, मानसिक, शैक्षणिक और सामाजिक हानि होती है। अधिक सेवन से मस्तिष्क की संरचना प्रभावित होती है और मृत्यु अथवा आत्महत्या तक का खतरा बढ़ जाता है। कार्यक्रम में अधिकारियों ने सभी को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया और समाज में नशा उन्मूलन के लिए सहयोग की अपील की।

## सोशल मीडिया पर नेताओं की छवि खराब करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग

- आजसू पार्टी ने लातेहार थाना में दी शिकायत, कहा- दुर्भावनापूर्ण पोस्ट हो रही वायरल

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** आजसू पार्टी लातेहार प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव ने गुरुवार को थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि पार्टी के वरीय नेताओं की छवि सोशल मीडिया के माध्यम से जानबूझकर खराब करने का प्रयास हो रहा है।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, डॉ. देवशरण भगत, दीपक महतो और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस के खिलाफ डुमरी विधानसभा जेएलकेएम पार्टी और संदीप महतो नामक पेजों से आपत्तिजनक वीडियो और पोस्ट साझा किए गए हैं। आवेदन में वीडियो के लिंक भी संलग्न किए गए हैं। आजसू नेताओं का कहना है कि यह पोस्ट समाज में भ्रम और वैमनस्य फैलाने के उद्देश्य से प्रसारित किए गए हैं। पार्टी ने संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मौके पर रवि वर्मा, विजेंद्र दास, नितेश जायसवाल, शंकर उरांव, नीरज कुमार व सुबोध कुमार मौजूद थे।

## नशा मुक्ति अभियान में कॉलेज छात्रों ने लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय में एनएसएस सेल ने इको क्लब व आइकफ के सहयोग से नशा मुक्ति पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान चलाया। पोस्टर, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता के जरिए छात्र-छात्राओं ने मादक पदार्थों के खिलाफ संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश ने कहा कि नशा मुक्त राष्ट्र निर्माण हमारा कर्तव्य है। बच्चों और युवाओं को इससे बचाना जरूरी है। कॉलेज परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्ति की शपथ ली गई। कार्यक्रम में प्रोफेसर, छात्र और अन्य स्टाफ शामिल रहे।

# पेज एक के शेष

### स्वस्थ और नशामुक्त...

झारखंड ,नशा मुक्ति के अंतरराष्ट्रीय मानक के हर पहलुओं का शत- प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निदेश झारखंड को नशामुक्त बनाने का अक्षरशः पालन किया जा रहा है। मंत्री सुदिव्य कुमार ने इस अवसर पर युवाओं को नशा से दूर रहने , नशा मुक्त झारखंड बनाने हेतु शपथ दिलाई। मैराथन दौड़ में विजयी प्रतिभागियों को मंत्री सुदिव्य कुमार ने पुरस्कृत भी किया। इसमे अनूप उरांव, श्रीजीत सरकार, कुंदन महतो, निर्मल, रंजीत कुमार महतो, ममता कुमारी,रीता कुमारी,सुमन कुमारी,संध्या कुमारी, सोनी कुमारी शामिल हैं । इस अवसर गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री , निदेशक खेल कूद शेखर जमुवार सहित जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी उपस्थित थे ।

### राज्य को नशा...

की खेती का बड़े पैमाने पर विनष्टीकरण किया है। अफीम की खेती के खिलाफ चलाए गए व्यापक अभियान को उन्होंने "कॉम्प्रिहेंसिव सफलता" बताया।

**स्वास्थ्य सचिव ने कहा- नशा उन्मूलन से जुड़े पाठ्यक्रमों को किताबों में किया जाए शामिल :** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने स्कूलों, कॉलेजों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से निरंतर जागरूकता कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि नशा उन्मूलन से जुड़े पाठ्यक्रमों को किताबों में शामिल किया जाए एवं NSS वालंटियर की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

**अभियान के तहत 12,000 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम किए गए आयोजित :** गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया कि अफीम की अफीम की खेती से राज्य के 238 पंचायत प्रभावित हैं, जहां जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि बीते दो हफ्तों में 12,000 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान 3,000 से अधिक स्कूलों में 22 लाख बच्चों को शामिल करते हुए विशेष अभियान चलाया गया। साथ ही डोर-टू-डोर प्रचार, मास्टर ट्रेनर्स की तैयारी और यूनिसेफ की तकनीकी सहायता इस अभियान की खास विशेषताएं रहीं। समाज कल्याण सचिव मनोज कुमार ने कहा कि यह अभियान सिर्फ दंडात्मक नहीं बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से प्रेरित रहा। ड्रग्स पीड़ितों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाते हुए उन्हें पुनर्वास की दिशा में बढ़ाया गया है। समारोह के अंत में जागरूकता अभियान में विशेष भूमिका निभाने वाले विभागों और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ,स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, पर्यटन सचिव मनोज कुमार, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, आईजी असीम विक्रांत मिंज समेत कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन...

शुभांशु शुक्ला के साथ ही अमेरिका, पोलैंड और हंगरी के एक-एक यात्री भी एक्सिऑम स्पेस के मिशन-4 में आईएसएस पहुंचे हैं। भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4:01 बजे स्पेसएक्स ड्रैगन 'ग्रेस' हार्मनी मॉड्यूल के स्पेस फेसिंग पोर्ट आईएसएस के साथ डॉकिंग की। 'ग्रेस' नाम का स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान एक्स-4 कमांडर पैगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला और मिशन विशेषज्ञ स्लावोस उज़्नान्स्की-विस्निएव्स्की और टिबोर कापू को लेकर अंतरिक्ष पहुंचा है। स्पेसएक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डॉकिंग की पुष्टि की है। चालक दल फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए से कंपनी के फाल्कन 9 रॉकेट पर एक नए स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर भारतीय समयानुसार बुधवार दोपहर 12:01 बजे आईएसएस के लिए रवाना हुआ था। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष से एक्स पर अपनी भावनाएं व्यक्त की। उन्होंने लिखा, "सभी को अंतरिक्ष से नमस्कार। मैं अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ यहां आकर रोमांचित हूं। वाह, यह अनोखा सफर था। जब मैं लॉन्चपैड पर कैप्सूल में बैठा था, तो मेरे दिमाग में एक ही विचार था, हमें बस जाना है। उन्होंने अपने अंतरिक्ष अनुभव को याद करते हुए लिखा, "जब सवारी शुरू हुई, तो कुछ ऐसा हुआ , जैसे आपको सीट पर पीछे की ओर धक्का लग रहा हो। यह एक अद्भुत यात्रा थी। फिर अचानक सब कुछ शांत। आप निर्वात में तैर रहे हैं। उन्होंने लिखा, "मैं एक बच्चे की तरह सीख रहा हूं, अंतरिक्ष में कैसे चलना है और कैसे खाना है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा था कि यह मिशन 'भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान की यात्रा' है। शुक्ला अंतरिक्ष में घर के बने खाने की अपनी लालसा को शांत करने के लिए अपने साथ गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम का रस भी ले गए हैं। एक्सिओम-4 मिशन सिर्फ एक वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि वैश्विक प्रौद्योगिकी महाशक्ति के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है। यह अंतरिक्ष नवाचार का नेतृत्व करने, स्थिरता को बढ़ावा देने और वैश्विक मिशनों में सार्थक योगदान देने की देश की क्षमता को पुष्ट करता है। आईएसएस पर पहुंचने के बाद शुक्ला भोजन और अंतरिक्ष पोषण से संबंधित अग्रणी प्रयोग करेंगे। नासा के समर्थन से इसरो और जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के बीच सहयोग के तहत विकसित इन प्रयोगों का उद्देश्य टिकाऊ जीवन-समर्थन प्रणालियों की समझ को बढ़ाना है, जो भविष्य में लंबी अवधि की अंतरिक्ष यात्रा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। शोध में सूक्ष्मगुरुत्व और अंतरिक्ष विकिरण के खाद्य सूक्ष्म शैवाल पर पड़ने वाले प्रभावों का भी अध्ययन किया जाएगा, जो भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए पोषक तत्वों से भरपूर, उच्च क्षमता वाला खाद्य स्त्रोत है। प्रयोग में मुख्य विकास मापदंडों का मूल्यांकन किया जाएगा और पृथ्वी पर उनके व्यवहार की तुलना में अंतरिक्ष में विभिन्न शैवाल प्रजातियों में ट्रांसक्रिप्टोमिक, प्रोटिओमिक और मेटाबोलोमिक बदलावों को समझने का प्रयास किया जाएगा।

### शिबू सोरेन की...

उन्होंने शिबू सोरेन के बड़े पुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और परिवार के अन्य सदस्यों से भी मुलाकात की और उनके इलाज के संबंध में बातचीत की। राष्ट्रपति के आधिकारिक "एक्स" हैंडल पर इसकी जानकारी दी गई है। राष्ट्रपति के साथ अस्पताल में हेमंत सोरेन से बातचीत की तस्वीर भी साझा की गई है। एक्स हैंडल पर लिखा गया है, "भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सर गंगाराम अस्पताल में इलाजरत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने शिबू सोरेन के पुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे 81 वर्षीय शिबू सोरेन को कुछ दिन पहले नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बताया गया है कि उनकी हालत स्थिर है। उनके पुत्र झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी दो दिन पूर्व दिल्ली पहुंचे। शिबू सोरेन की बहू विधायक कल्पना सोरेन, उनके छोटे पुत्र विधायक बसंत सोरेन सहित परिवार के कई लोग दिल्ली में मौजूद हैं। बुधवार की रात झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी अस्पताल में शिबू सोरेन से मुलाकात की थी और मौके पर उपस्थित चिकित्सकों से उनके उपचार की प्रगति के संबंध में चर्चा की थी। राज्यपाल ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। शिबू सोरेन झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के प्रमुख नेता रहे हैं। झारखंड के आदिवासी समाज ने दशकों पहले उन्हें 'दिशोम गुरु' (देश का गुरु) का दर्जा दिया था। वह आम लोगों के बीच 'गुरुजी' के रूप में जाने जाते हैं। सोरेन केंद्र की सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं।

### 15 दिनों के...

**विग्रहों की पुनः स्थापना और भव्य आरती :** 1691 में स्थापित पुरानी प्रतिमाओं को भी दर्शन के लिए रखा गया था। चार बजे पुराने स्थानों से लाए गए विग्रहों की पुनः स्थापना की गई। सायं 4:30 बजे महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसके बाद 108 मंगल आरती की गई। चिपरा से कोईरी समाज ने निभाई परंपरागत भूमिका : रातु चिपरा से कोईरी समाज के लोगों ने पारंपरिक रीति के अनुसार तीनों विग्रहों को गर्भगृह से बाहर निकालकर नेत्रदान की प्रक्रिया में भाग लिया। इसके बाद रात्रि 8:30 बजे विग्रहों को पुनः गर्भगृह में प्रतिष्ठित किया गया।

**27 जून को रथ पर सवार होकर जाएंगे मौसीबाड़ी :** इस धार्मिक क्रम की अगली कड़ी में 27 जून को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा रथ यात्रा के लिए मौसीबाड़ी जाएंगे।

**मंदिर के गुंबदों पर लगे झंडों को बदला गया :** इस अवसर पर मंदिर के सभी पुराने पीले झंडों को हटाकर नए झंडे स्थापित किए गए, जिससे पूरा मंदिर परिसर और भी आभामंडित हो उठा।

### दो पहिया वाहनों...

उन्होंने बिना पुष्टि किए फर्जी खबरें प्रकाशित करने के लिए मीडिया घरानों की निंदा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ मीडिया घराने दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने के बारे में भ्रामक खबरें फैला रहे हैं। ऐसा कोई निर्णय प्रस्तावित नहीं है। दोपहिया वाहनों के लिए टोल पर छूट पूरी तरह जारी रहेगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने भी इन फर्जी मीडिया रिपोर्टों की तथ्य-जांच की। एनएचएआई ने एक पोस्ट में कहा, "फैक्टचेकः मीडिया के कुछ वर्गों ने रिपोर्ट की है कि भारत सरकार दोपहिया वाहनों पर उपयोगकर्ता शुल्क लगाने की योजना बना रही है। एनएचएआई स्पष्ट करना चाहता है कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। दोपहिया वाहनों के लिए टोल शुल्क लगाने की कोई योजना नहीं है। हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई थीं कि 15 जुलाई से सभी दोपहिया वाहनों को राजमार्गों पर टोल टैक्स देना होगा। रिपोर्टों में आगे दावा किया गया है कि दोपहिया वाहनों को डिजिटल टोल संग्रह के तहत लाने के कदम के साथ सरकार यह सुनिश्चित करने की योजना बना रही है कि राजमार्गों के रखरखाव की लागत में हर कोई योगदान दे। वर्तमान में, टोल-टैक्स केवल चार पहिया वाहनों से ही वसूला जाता है। वर्तमान में, टोल-टैक्स केवल चार पहिया वाहनों से ही वसूला जाता है। इस कदम के साथ, सरकार टोल संग्रह को सुव्यवस्थित करने का लक्ष्य बना रही है।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के...

हालांकि, घरेलू मोर्चे पर, मई में जारी अनंतिम अनुमानों ने 2024-25 में भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने की पुष्टि की है, जिसमें चौथी तिमाही में महत्वपूर्ण क्रमिक वृद्धि होगी। मई के लिए अलग-अलग हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधि के संकेत देते हैं। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के लिए सर्वे किए गए देशों में भारत में गतिविधि में समग्र विस्तार सबसे अधिक रहा, जिसमें मई में देखे गए नए निर्यात ऑर्डर में विस्तार अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में देखे गए कॉन्ट्रैक्शन के बीच एक अपवाद था। मई के लिए कुल मांग के हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स ने भी ग्रामीण मांग में वृद्धि का सुझाव दिया। कंज्यूमर सेंटीमेंट के दूरदर्शी सर्वेक्षण वर्तमान अवधि के लिए स्थिर उपभोक्ता विश्वास और भविष्य के बारे में बेहतर आशावाद दिखाते हैं। आरबीआई बुलेटिन में कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक, व्यापार और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद ये सभी भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दिखाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू मुद्रास्फीति सौम्य बनी हुई है और मई में लगातार चौथे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही। 2024-25 के कृषि सत्र में रिकॉर्ड घरेलू फसल उत्पादन खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति में तेज और निरंतर कमी का संकेत दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अस्थिर और ऊंचे सोने और चांदी की कीमतों के प्रभाव को छोड़कर कुछ नरमी के संकेतों के साथ स्थिर कोर मुद्रास्फीति यह दर्शाती है कि अंतर्निहित मुद्रास्फीति दबाव शांत बना हुआ है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि इकोनॉमिक आउटलुक, टैरिफ संबंधी समाचार और विकसित होते घरेलू परिदृश्य पर वैश्विक संकेतों के कारण उतार-चढ़ाव के बावजूद मई-जून के दौरान इक्विटी बाजारों में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के साथ ही इक्विटी बाजार में कुछ समय के लिए तेज गिरावट दर्ज की गई, लेकिन 20 जून को इसमें शानदार उछाल देखने को मिला। आरबीआई बुलेटिन में आगे कहा गया है कि हालांकि अप्रैल में ऋण वृद्धि में कमी आई, खास तौर पर कृषि और सेवा क्षेत्रों में लेकिन गैर-बैंक ऋण स्त्रोतों, जिसमें बाहरी वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) शामिल है, में लगातार अच्छी वृद्धि जारी रही, हालांकि मार्च से इसमें नरमी आई। कुल मिलाकर, वित्तीय स्थितियां ऋण बाजार में दरों में कटौती को प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी रहीं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आयात और बाहरी ऋण के लिए पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार के साथ बाहरी क्षेत्र में मजबूती बनी रही।

### धनबाद और लोहरदगा...

एलआरडीसी का कम्प्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार : एलआरडीसी के कार्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर को एसीबी के अधिकारी अपने साथ एसीबी कार्यालय ले गयी है। उससे पूछताछ जारी है। दूसरी टीम अनीस के घर पर जाकर जांच कर रही है। अनीश पर आरोप है कि वह एक व्यक्ति से जमीन से संबंधित मामले में घूस मांग रहा था।

लोहरदगा के नाजिर वरुण कुमार रिश्वत लेते गिरफ्तार : इधर, विशेष प्रमंडल लोहरदगा के नाजिर वरुण कुमार को रांची एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने उसे 4 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आगे की जांच जारी है।

### पतरातू थर्मल पावर...

की जमीन पर बन रहा है और इसमें सुपरक्रिटिकल तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है, जिससे बिजली उत्पादन में बेहतर क्षमता और कम प्रदूषण सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस संयंत्र को पानी नलकारी डैम से मिलेगा और कोयला एनटीपीसी के कैप्टिव कोल ब्लॉकों से आएगा।

**अन्य राज्यों की परियोजनाएं भी समीक्षा में रहीं :** बैठक में सिक्किम की दो परियोजनाएं (943 करोड़), नागालैंड की दो परियोजनाएं (544 करोड़), असम की एक (6,700 करोड़) और अरुणाचल प्रदेश की तीन परियोजनाओं (33,469 करोड़) के भी मुद्दों पर चर्चा हुई। अरुणाचल की 2,880 मेगावाट की दिबांग जलविद्युत परियोजना, जो देश का सबसे ऊंचा बांध बनने जा रहा है, 2032 तक शुरू हो सकती है। वहीं नागालैंड में कोहिमा बाईपास रोड की परियोजना से शहर में ट्रैफिक कम होगा और संपर्क बेहतर बनेगा। बैठक में अरुणाचल प्रदेश की 1,000 करोड़ रुपये की निजी परियोजना (जियोएनप्रो पेट्रोलियम लिमिटेड) से जुड़े मुद्दों पर भी बात हुई। डीपीआईआईटी सचिव ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह इस परियोजना को प्राथमिकता दे और जरूरी मदद सुनिश्चित करे। उन्होंने व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने की भी बात कही। श्री भाटिया ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और निजी निवेशकों के बीच बेहतर तालमेल और समय पर कार्रवाई के लिए पीएमजी पोर्टल का इस्तेमाल किया जाए, जिससे परियोजनाओं को बिना देरी के लागू किया जा सके।

# आतंकवाद पर एससीओ डॉक्यूमेंट हस्ताक्षर करने से भारत का इनकार

## चीनी रक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता में हॉटलाइन फिर से शुरू करने पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली (हि.स.)**

चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने गए राजनाथ सिंह ने एससीओ संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। इसके पीछे उनका तर्क है कि आतंकवाद के मुद्दे पर चीन और पाकिस्तान ने हमेशा सख्त रुख अपनाने के बजाय नरम रवैया अपनाया है। यह मतभेद इसलिए भी था, क्योंकि मसौदे में आतंकवाद को ठीक तरीके से परिभारित नहीं किया गया था।

किंगदाओ में एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के लिए पाकिस्तान समर्थित समूहों को दोषी ठहराया, जिसमें 26 नागरिक मारे गए। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन 'सिंदूर' शुरू करके सैन्य प्रतिक्रिया दी। उनके इस बयान ने भारत के दृढ़ आतंकवाद विरोधी रुख, एससीओ से कार्रवाई की मांग और रणनीतिक स्वायत्तता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले का पैटर्न भारत में लश्कर के पिछले आतंकवादी हमलों से मेल खाता है। भारतीय अधिकारियों के अनुसार इस बयान पर हस्ताक्षर करने से आतंकवाद और क्षेत्रीय सुरक्षा पर भारत की स्थिति कमजोर हो जाती। यह मतभेद इसलिए भी था, क्योंकि मसौदे में आतंकवाद को ठीक तरीके से परिभाषित नहीं किया गया था।

- राजनाथ सिंह ने कहा कि दस सदस्यीय समूह में पाकिस्तान, चीन और रूस भी शामिल हैं, लेकिन इन देशों ने कोई अंतिम घोषणा पत्र जारी नहीं किया।
- उन्होंने कहा कि एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) को ऐसे दोहरे मानदंड अपनाने वाले देशों की आलोचना करने से नहीं चूकना चाहिए।

राजनाथ सिंह का कहना था कि दस सदस्यीय समूह में पाकिस्तान, चीन और रूस भी शामिल हैं, लेकिन इन देशों ने कोई अंतिम घोषणा पत्र नहीं जारी किया। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान का सीधे नाम लिए बिना कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए। गलवान घाटी के जून, 2020 में संघर्ष के बाद रक्षा मंत्री की यह पहली चीन यात्रा थी। राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों पक्षों ने भविष्य में सीमा पर तनाव से बचने के लिए भारत-चीन हॉटलाइन को फिर से शुरू करने की संभावना सहित सैन्य संचार तंत्र पर चर्चा की।

## आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं, हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे : राजनाथ

**किंगदाओ (आईएएनएस)**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चीन के किंगदाओ में शंघाई कॉर्पोरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने पहुंचे हैं। गुरुवार को राजनाथ सिंह ने पहलगाम हमलों के बाद शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया। उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा है कि कुछ देश सीमा पार आतंकवादियों को पनाह देते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में कहा, "आतंकवाद के प्रति भारत का 'जीरो टॉलरेंस' आज जग जाहिर है। इसमें आतंकवाद के खिलाफ खुद की रक्षा करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखाया कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं। हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा, "हमें अपने युवाओं में कट्टरपंथ के प्रसार को रोकने के लिए भी सक्रिय कदम उठाने चाहिए। एससीओ के 'आरएटीएस तंत्र' ने इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत की अध्यक्षता के दौरान जारी एससीओ राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के संयुक्त वक्तव्य 'आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद को बढ़ावा देने वाले कट्टरपंथ का मुकाबला' पर हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने कहा, "कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।



## ईरान से 3 नेपाली नागरिकों सहित 272 भारतीय, पहुंचे दिल्ली



**नई दिल्ली । एजेंसी**

भारत ने इजरायल के साथ संघर्ष के बाद ईरान से 272 भारतीयों और तीन नेपाली नागरिकों को निकाला है। उन्हें लेकर एक विशेष विमान ईरानी शहर मशहद से आधी रात के बाद दिल्ली पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत 272 भारतीय और 3 नेपाली नागरिकों को ईरान से एक विशेष उड़ान के जरिए निकाला गया, जो 26 जून को 00:01 बजे मशहद से नई दिल्ली पहुंची। ऑपरेशन सिंधु के तहत 3426 भारतीय नागरिकों को ईरान से स्वदेश लाया गया है। भारत ने बुधवार को ईरान से 296 भारतीय नागरिकों और चार नेपाली नागरिकों को निकाला था। भारत ने मंगलवार को ईरान और इज़राइल से 1,100 से अधिक नागरिकों को निकाला था।

इसने भारतीय वायुसेना के सी-17 भारी-भरकम विमान का उपयोग करते हुए 400 से अधिक लोगों को इजराइल से वापस लाया है, जिन्हें स्थल पारगमन बिंदुओं के माध्यम से इजराइल से जॉर्डन और मिस्र ले जाया गया था। इसके अलावा, 161 भारतीयों को अम्मान से एक चार्टर्ड विमान से वापस लाया गया, जो सड़क मार्ग से इजरायल से जॉर्डन की राजधानी पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय द्वारा साझा किए गए विवरण के अनुसार, दो चार्टर्ड उड़ानों में कुल 573 भारतीयों, तीन श्रीलंकाई और दो नेपाली नागरिकों को ईरान से निकाला गया। पिछले कई दिनों में ईरान से निकाले गए भारतीय नागरिकों को कई अन्य उड़ानों से वापस लाया गया है। एक सप्ताह से भी अधिक समय पहले शत्रुता शुरू होने के बाद से इजरायल और ईरान ने एक-दूसरे के शहरों और सैन्य और रणनीतिक सुविधाओं पर सैकड़ों मिसाइलों और ड्रोनों को दागा है।

### ईरान से हेरात बॉर्डर के रास्ते वापस लौटे 30 हजार अफगानी

**काबुल ।** पश्चिमी हेरात में इस्लाम कला बॉर्डर क्रॉसिंग के रास्ते 30,000 से ज्यादा अफगान शरणार्थी ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। यह हाल ही में सबसे बड़ी सामूहिक वापसी में से एक है। सूचना एवं संस्कृति विभाग के प्रांतीय निदेशक मावलवी अहमदुल्ला मुत्ताकी ने बताया कि वतन लौटने वालों को पानी, भोजन और मेडिकल केयर सहित सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं। अफगानिस्तान, ईरान के साथ दो प्रमुख क्रॉसिंग पॉइंट साझा करता है। एक पश्चिमी हेरात प्रांत में और दूसरा निमरोज प्रांत में। हाल ही में, दोनों क्रॉसिंग पर लौटने वाले शरणार्थियों की संख्या में तेज वृद्धि देखी गई है।

राम मंदिर का विरोध

## डोनाल्ड ट्रंप पर भारी पड़ने वाला ये भारतीय विवादों का है किंग



**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में 33 वर्षीय जोहरान ममदानी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। पहली बार दक्षिण एशियाई, भारतवंशी और मुस्लिम मूल के ममदानी ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्यूमो को हराया है। लेकिन क्यूमो ने अपनी हार स्वीकार कर ली। यानी अब ममदानी डेमोक्रेट पार्टी के न्यूयॉर्क मेयर के आधिकारिक उम्मीदवार होंगे। ममदानी के इलेक्शन कैंपेन में बॉलीवुड से लेकर इजरायल तक का जिक्र है। कहीं खूब वाहवाही मिली तो कहीं आलोचना। न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के लिए ज़ोहरान ममदानी की संभावित उम्मीदवारी ने सोशल मीडिया पर चर्चाओं को जन्म दिया है। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने ममदानी के रुख पर टिप्पणी की है, उनकी हिंदू विरासत पर सवाल उठाया है जबकि उनकी मां, फिल्म निर्माता मीरा नायर की प्रशंसा की है। 33 वर्षीय डेमोक्रेट ममदानी दौड़ में आगे चल रहे हैं, लेकिन कथित भारत विरोधी और हिंदू विरोधी विचारों के लिए आलोचना का सामना कर रहे हैं। विवादास्पद रैलियों में उनकी भागीदारी और मोदी सरकार की आलोचना ने भी ध्यान आकर्षित किया है।

## ट्रंप ने नेतन्याहू के मुकदमे को खत्म करने की मांग की

**वाशिंगटन ।** ईरान-इजरायल के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार बयान दे रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ भ्रष्टाचार के मुकदमे को खत्म करने की मांग की है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा, "मुझे यह जानकर झटका लगा कि इजरायल, जिसने हाल ही में अपने इतिहास के सबसे महान क्षणों में से एक देखा और जिसका नेतृत्व बिबी नेतन्याहू मजबूती से कर रहे हैं, अपने युद्धकालीन महान प्रधानमंत्री के खिलाफ 'विच हंट' जारी रखे हुए है। बिबी और मैंने एक साथ नरक जैसी स्थिति का सामना किया है, वो भी इजरायल के पुराने दुश्मन ईरान से लड़ते हुए, और अविश्वसनीय पवित्र भूमि के लिए बीबी का प्यार इससे बेहतर, तेज या मजबूत नहीं हो सकता था।

कनाडाई मेयर की मांग

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करे सरकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** कनाडा के सरे शहर की मेयर ब्रेंडा लॉक ने संघीय सरकार से अपील की है कि वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करे। उन्होंने उन सभी आपराधिक गिरोहों को भी आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग की है, जो दक्षिण एशियाई मूल के कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाकर जबरन वसूली और हिंसा में शामिल हैं। मेयर ब्रेंडा लॉक ने कहा कि बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करने से कानून प्रवर्तन एजेंसियों को संगठित अपराध के नेटवर्क से लड़ने और स्थानीय नागरिकों व व्यवसायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। लॉक ने हाल के महीनों में बिश्नोई गिरोह द्वारा कथित तौर पर कराई गई हत्याओं, जबरन वसूली और गोलीबारी की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि ये केवल आपराधिक घटनाएं नहीं हैं।

इटावा कथावाचक मामला

## गाड़ियों पर पथराव के बाद पुलिस ने की हवाई फायरिंग

**इटावा ।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में कथावाचक मुकुट मणि यादव और संत सिंह यादव के खिलाफ दर्ज मुकदमे ने जातीय तनाव को हवा दे दी है। बुधवार को स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी और 12 थानों की फोर्स बुलानी पड़ी। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया और सड़कों पर चक्काजाम कर हंगामा मचाया। यह मामला अब यूपी की सड़कों से लेकर सियासी गलियारों तक पहुंच गया है, जहां समाजवादी पार्टी इसे 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए बड़ा मुद्दा बनाने में जुट गई है। इटावा के दादरपुर गांव में भागवत कथा के दौरान कथावाचक मुकुट मणि यादव और उसके साथी के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई।

## मेक्सिको: स्ट्रीट फेस्टिवल के दौरान गोलीबारी, 12 की मौत, 20 घायल

**मेक्सिको सिटी (आईएएनएस)**




मेक्सिको के गुआनाजुआतो राज्य में स्थित इरापुआटो में सेंट जॉन द बैपटिस्ट के सम्मान में आयोजित एक उत्सव के दौरान बंदूकधारियों ने गोलीबारी की, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई। इनके अलावा 20 लोग घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की है।

यह वारदात बुधवार रात को हुई। उस समय लोग कम्युनिटी हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में डांस करने और शराब पीने के लिए एकत्र हुए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वारदात से ठीक पहले लाइव बैंड की धुन पर लोग नाचते नजर आ रहे हैं।

इरापुआटो के एक स्थानीय अधिकारी रोडोल्फो गोमेज सर्वेंट्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुष्टि की है कि 12 लोग इस घटना में मारे गए हैं, जबकि 20 घायलों का इलाज चल रहा है। मेक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने इस घटना की निंदा करते हुए जल्द से जल्द न्याय का आदेश दिया है। उन्होंने कहा, "जो हुआ, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले की जांच चल रही है। फेडरल एंड स्टेट सिक्योरिटी फोर्सेज हमलावरों की पहचान में जुटी है। मेक्सिको सिटी के उत्तर-पश्चिम में स्थित गुआनाजुआटो राज्य हाल के वर्षों में मेक्सिको के सबसे हिंसक इलाकों में से एक बन गया है। अपराधी गिरोह ड्रग्स, वसूली नेटवर्क और अन्य अवैध कारोबारों पर कंट्रोल हासिल करने के लिए जानलेवा गैंगवार जारी है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राज्य में इस साल जनवरी से मई के बीच 1,435 हत्याओं के मामले दर्ज किए गए है। यह किसी भी अन्य मेक्सिकन राज्य में हुई ऐसी वारदातों से दोगुनी से भी अधिक है। स्टेट अटॉर्नी जनरल ऑफिस के अनुसार, इरापुआटो की यह घटना गुआनाजुआटो में अलग-अलग हिंसक घटनाओं में पांच लोगों की हत्या के ठीक एक दिन बाद हुई है।

पिछले महीने भी कुछ इसी तरह की घटना हुई थी। उस समय सैन बार्टोलो डे बेरियोस शहर में एक कैथोलिक चर्च के कार्यक्रम में बंदूकधारियों ने हमला किया था। उस घटना में सात लोग मारे गए थे। अधिकारियों ने अभी तक संदिग्धों का नाम नहीं बताया है। यह पुष्टि भी नहीं की गई है कि इरापुआटो में हाल ही में हुई हिंसा के पीछे कौन सा आपराधिक संगठन हो सकता है।

## चीन में बाढ़ से भारी तबाही, छह की मौत

**गुइयांग।** दक्षिण-पश्चिम चीन स्थित गुइझोउ प्रांत के रोंगजियांग काउंटी में बाढ़ ने तबाही मचा दी है। इसके चलते छह लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जिसकी पुष्टि स्थानीय बाढ़ नियंत्रण अधिकारियों ने की है। काउंटी में कई नदियों में जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है। अधिकतम प्रवाह 11,360 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड तक पहुंच गया है। बाढ़ ने कई निचले इलाकों को जलमग्न कर दिया है।

## उधमपुर में सेना व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**उधमपुर (आईएएनएस)**



जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में भारतीय सेना के जवानों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इलाके में भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती है। गुरुवार को ये मुठभेड़ बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में सेना और पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान हुई। भारतीय सेना ने इसकी पुष्टि की। इस ऑपरेशन का नाम "ऑपरेशन बिहाली" रखा गया है। व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में कहा, "खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर ने बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। आतंकवादियों के बारे में पता चल गया है। ऑपरेशन अभी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि जिले के बसंतगढ़ इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी। सेना ने सुबह इलाके की घेराबंदी करते हुए तलाशी अभियान चलाया। इसी बीच सैनिकों पर गोलीबारी हुई, जिसका जवाब दिया गया और इससे मुठभेड़ शुरू हुई। मौके पर अतिरिक्त बल भेजा गया है।




## घने कोहरे के बीच हाथ में भाला थामे खड़ी दिखी रश्मिका मंदाना



रश्मिका मंदाना, जिन्हें अक्सर 'नेशनल क्रश' के नाम से जाना जाता है, न केवल अपनी स्क्रीन प्रेजेंस से बल्कि अपनी स्मार्ट स्क्रिप्ट चॉइस से भी दर्शकों को प्रभावित करती रहती हैं, जो लगातार बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करती हैं। उनकी हालिया फिल्म कुबेर इस बात का सबूत है – इस सामाजिक-राजनीतिक ड्रामा ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है और सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन जारी रखा है।

कहानी फिल्म जगत की

रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई फिल्म का पहला लुक शेयर किया है। पोस्टर में उन्हें जंगल में खड़ी एक योद्धा राजकुमारी के रूप में दिखाया गया है। एक तरफ एक पेड़ जल रहा है, और पुरुषों का एक समूह उसका पीछा कर रहा है। पोस्टर डार्क, इंटेंस और रहस्य से भरा हुआ लग रहा है। इस पर लिखे शब्द "शिकार, घायल, अटूट" और "रश्मिका अनलेशेड" हैं, जो संकेत देते हैं कि उनका किरदार मजबूत, बहादुर और चोट लगने के बाद वापस लड़ने वाला है।

रश्मिका ने अपने प्रशंसकों के लिए एक मजेदार चुनौती भी जोड़ी- उन्होंने उनसे शीर्षक का अनुमान लगाने के लिए कहा और सही उत्तर देने वाले व्यक्ति से मिलने का वादा किया। इससे उनके प्रशंसक फिल्म के बारे में और भी अधिक उत्साहित और उत्सुक हो गए। यह फिल्म उनकी हालिया हिट फिल्म छावा के बाद आई है, जिसने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था। वह थामा नामक एक और फिल्म पर भी काम करने में व्यस्त हैं, जिसमें वह आयुष्मान खुराना के साथ अभिनय कर रही हैं। इस नई योद्धा फिल्म के साथ, प्रशंसक रश्मिका को फिर से एक बोल्ड और शक्तिशाली भूमिका में देखने के लिए उत्सुक हैं। हाल ही में उन्हें धनुष की 'कुबेर' में देखा गया था, जो अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। हालांकि, उनकी पिछली बॉलीवुड फिल्म 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। ऐसा लगता है कि यह फिल्म अनफॉर्मूला फिल्म्स नामक प्रोडक्शन हाउस द्वारा समर्थित है।